6. Activities and institutions for the welfare of the Kisans and their children will be encouraged and started with the help of the funds provided from the income of the zamindaris

7. Thousands of graduates and the educated

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

youngmen will have opportunities for employment in place of the cheap Patwaris, Gumashtas and Barahils, whose constant business is to suck the life blood of the Kisans. Thus the zamindari oppressions will end.

8. At present the zamindars try to evade the Agricultural Income Tax Act, and succeed to a large extent by submitting false returns of their incomes. That will be tolally eliminated and the Government income will thus increase.

9. The ground for the much needed and urgently called for record-of-rights will be well prepared and its process facilitated, as all the zamindari records will be kept uptodate and the chances for frauds and forgeries either on the part of the Kisans or the zamindars will be ruled out to a large extent. In this way the real foundation for calculating comepensations will be laid.

Thus even if the zamindari is liquidated late—very-late—due to the compensation procedure, some tangible relief will be granted soon to the Kisans and they will consequently heave a sigh of reliaf.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

ORIENT PRESS. PATNA.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जमींदारी का खात्मा कैसे हो ?

"जमीन्दार नाम से एक ऐसा निठल्ला दल कायम हो गया जिसे कुछ करना धरना न था, जो दूसरों की कमाई पर निर्भर करता था और जिसका एक मात्र स्वार्थ यही था कि किसानों से अधिक-से-अधिक लगान वसूला जाय।" ("भारत की देहाती समस्या" पृष्ठ १०८)

लेखक—
स्वामी सहजानन्द सरस्वती

प्रकाशक—
बिहार प्रांतीय किसान सभा,
कदम कुआं, पटना।

मूल्य—।-)

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

भूमिका के कुछ शब्द

जमीन्दारी उस सामाजिक और आर्थिक प्रणाली का अवशेष चिह्न है जो किसी जमाने में दुनिया भर में प्रचलित थी; लेकिन संसार के अधिकांश हिस्से से आज भगा दी गई है। वह देश भी, जिसने किसी वजह से आज तक इसे बर्दाश्त कर रखा था, अब इसे मिटा देने के लिए आतुर है। यह बात हम बाल्कन प्रदेशों—रूमानिया, हंगरी आदि—और चीन में देख रहे हैं। भारत को भी इस मामले में किसी से पीछे नहीं रहना है। कांग्रेस ने अपने चुनाव-घोषणापत्र में जो यह एलान किया है कि सरकार और किसान के बीच में कोई शोषकवर्ग न रहने पायगा उसका सीधा अर्थ यही है। इस पूँजीवादी युग में इस जमीन्दारी रूपी सामन्तशाही प्रथा के लिए स्वभावतः कोई भी स्थान नहीं है। यही कारण है कि अपनी प्रगति के पथ पर अग्रसर होनेवाले भारत के पूँजीवादी इस जमीन्दारी प्रथा को विधिवत् दफना देना चाहते हैं।

जमीन्दारी का अर्थ है किसानों की वास्तविक स्थिति से कोई सम्पर्क न रखते हुए उनसे मालिकाना (पावना) वसूल करना। इस जमीन्दारी के चलते रक्त चूसनेवालों का एक ऐसा दल पैदा हो गया है जो केवल लगान वसूला करता है, जिसके अनेक रूप और विभिन्न नाम पाये जाते हैं और जिसका सिर्फ यही पेशा है कि किसानों के पसीने की गाढ़ी कमाई पर मौज उड़ाएँ।

लगान चाहे कितना ही सख्त और अनुचित हो, फिर भी उसके ऊपर कानून का वरद-हस्त है। फलतः ज्यों ही किसान के जिम्मे लगान बाकी पड़ा कि सरकारी कचहरियाँ जमीन्दार की लगान वसूली में चटपट सहायक बनने के लिए तैयार बैठी रहती हैं, चाहे लगान का यह बकाया उन कारणों से ही क्यों न हो जिन पर किसान का कोई वश न हो। किसानों के

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

ऊपर आनेवाली आपदाओं और जमीन्दारों की नृशंसता और सख्ती का एकमात्र कारण यही है कि उसका लगान अटल है।

जमीन्दारी की इस बला ने रैयतवारी एलाकों और प्रान्तों का भी पिण्ड न छोड़ा और वहाँ भी उन लगानचट्ट मध्यवर्त्ती दलालों की सेना पैदा हो गई है। चाहे आप उन्हें साहुकार कहें, खोत कहें, जागीरदार कहें, तालुकदार कहें, जन्मी कहें या किसी और ही नाम से पुकारें। लेकिन किसी न किसी रूप में ये लगान-चट्ट वहां भी मौजूद हैं और उनका काम है किसानों के जीवन-रक्त को चूस लेना। रैयतवारी प्रांतों में भी प्रायः सब-की-सब जमीन वास्तविक खेतिहरों के हाथ से निकलकर इन्हीं शोषकों के हाथ में चली गई हैं। और असली किसान या तो खेत-मजदूर बन गये हैं या उनकी ऐसी हालत है कि जब चाहें जमीन उनसे निकाल लो जाय।

इसीलिये जमीन्दारों या लगान-चट्ट मध्यवर्त्ती दल का खात्मा तबतक पूर्णरूप से नहीं हो सकता जबतक किसी-न-किसी रूप में उनके पुनरपि पैदा हो जाने का जरा भी मौका या थोड़ी भी गुंजाइश रह जाती है। फलतः जमीन्दारी मिटाने के मानी यह है कि जमीन के बन्दोबस्त की ऐसी प्रथा प्रचलित हो जाय जिसमें इस बात के लिये जरा भी गुंजाइश न हो कि वास्तविक खेतिहरों के हाथ से जमीन निकल जाय और ऐसे व्यक्तियों या दलों के हाथ में चली जाय जिनके भीतर लगान-चट्ट करने और किसानों की स्थिति से कोई सम्पर्क न रखते हुए भी अपना पावना वसूल करने के मर्ज के मारक कीटाणु मौजूद हो। जबतक इस बात की गारन्टी न हो जाती तबतक जमीन्दारी मिटाना केवल रस्म अदाई की चीज रहेगी और उसका असली लक्ष्य पूरा न होगा। आगे लिखी पंक्तियों के जरिये सिर्फ इसी बात का रास्ता साफ करने की कोशिश की गई है न कि और कुछ।

बिहटा, पटना
मई दिवस १९४६

स्वामी सहजानन्द सरस्वती

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

१—जमींदार अकेले पड़ गए।

"मौजावारी प्रथा चलाने के लिए इस बात की जरूरत होगी कि जमींदार, ताल्लुकदार और मालगुजार जैसे मौजूदा स्थिर स्वार्थों को मिटा दिया जाए" (गांधीवादी पद्धति, पृष्ठ ६३)।

जमींदारी को बचाने के लिए आज जो यत्न जमींदार लोग कर रहे हैं, उसमें अब बहुत देर हो चुकी है और इस काम में उनके पुराने सहायक और मददगार भी साथ नहीं दे रहे हैं। फलतः उनकी हार निश्चित है। एक दिन वह भी था जब ब्रिटिश जनता और खासकर ऊँचे दर्जे के अँगरेज इस जमींदारी प्रथा या दवामी बंदोबस्त के सबसे बड़े हामी थे। बल्कि यों कहना चाहिए कि सन् १७९३ ई० के मार्च में इस प्रथा को जन्म दिया हो गया केवल इसलिए कि ब्रिटिश शक्ति और स्वार्थ के लिए आधार स्तंभ और सहायक बने। यह बात इसके जन्मदाता लार्ड कार्नवालिस ने अपने ३ फरवरी, १७९० ई० की रिपोर्ट में यों मानी है, 'जमीन के बंदोबस्त के सिद्धांत में एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण परिवर्त्तन आज हमारे लिए अनिवार्य हो गया है। क्योंकि हमें इस मुल्क (भारत) को फिर संपन्न बनाना है और इसमें यह योग्यता ला देनी है कि संसार के इस भाग में यह देश ब्रिटिश स्वार्थ और शक्ति का एक जबर्दस्त आधार स्तंभ बना रहे।'

बेशक यहाँ पर लार्ड कार्नवालिस ने जमींदारी प्रथा चालू करने के उद्देश्यों में एक यह भी बताया है कि यह देश सुखी-संपन्न बने। मगर बाद की घटनाओं ने स्पष्ट दिखा दिया है कि दरअसल यह बात न थी और है यह ध्रुवसत्य। सर मणिलाल नानावती ने अपनी अँगरेजी पुस्तक 'भारत की

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

देहाती समस्या' (The Indian Rural Problem) में यही बात स्वीकार की है। यह हम स्थानांतर में उद्धृत कर चुके हैं। लार्ड कार्नवालिस के अंतिम वाक्य में इस प्रथा का असली उद्देश्य लिखा हुआ है। जमींदार तो पैदा किए ही गए केवल इसीलिए कि यहाँ पर वे प्रति-क्रियावादी कार्य करें और भारत में अँगरेजी राज्य के लिए आधार-स्तंभ बनें।

लेकिन विगत डेढ़ सौ साल के इस जमींदारी जीवन में परिस्थिति का ऐसा आमूल परिवर्त्तन हो गया है और जमींदारों ने अपना ऐसा नग्न रूप प्रकट कर दिया है कि बंगाल के 'लैंड रेवेन्यू कमिशन' को मार्च, सन् १९४० ई० में इस बात की सिफारिश करनी पड़ी कि यह जमींदारी जड़मूल से मिटा दी जाए। यह वही सरकारी कमिशन था जिसके अध्यक्ष सर फ्रांसिस फ्लाउड-जैसे ख्यातनामा अँगरेज थे और इसीलिए इसे फ्लाउड कमिशन भी कहते हैं। इसकी नियुक्ति जमींदारी प्रथा पर विचार करने के ही लिए हुई थी। अन्यान्य बातों के अलावे उस रिपोर्ट के ५७ वें पाराग्राफ में कहा गया है कि 'सन् १८५९ ई० वाले लगान-कानून (Rent Act) के बनने के पहले तक रैयत (किसान) लोग बेशक जमींदारों की मर्जी पर ही छोड़ दिए गए थे। फलतः जमींदारों ने उनके साथ उदार व्यवहार कतई नहीं किया। हालाँकि उसके लिए दवामी बंदोबस्त के नियम-कायदों में ताकीद की गई थी। इसीलिए भारत सरकार को इन किसानों की दशा के बारे में लिखना पड़ा कि उनसे कसके लगान वसूला गया तथा वे दरिद्र एवं मजलूम बना दिए गए।' फ्लाउड कमिशन की रिपोर्ट ने इस जमींदारी के दुर्गुणों, बुराइयों और सोलह आने निकम्मेपन को निस्संदेह सिद्धकर दिया है। उसमें इस प्रथा पर हर दृष्टिकोण से विचार किए जाने के बाद यही निष्कर्ष निकाला गया है कि यह जमींदारी जनता की प्रगति एवं जमीन की पैदावार का रास्ता चट्टान की तरह रोके खड़ी है।

सर अजीजुल हक ने अपनी अँगरेजी पुस्तक 'हल चलानेवाला' (The man behind the plough) के २५५ वें पृष्ठ में सन्

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

१८८३ ई०के बंगाल के गवर्नर के एक भाषण को उद्धृत किया है जो व्यवस्थापिका सभा में दिया गया था। वह यों है, "सन् १७९३ और १८५९ के मध्यवर्त्ती पूरे ६६ साल तक जहाँ एक ओर जमीन पर अधिकार जमानेवाले (जमींदारों) की ताकत और दौलत खूब ही बढ़ी, वहाँ दूसरी ओर ग्राम-पंचायतें चौपट हो गईं, हर परगने के लगान की दर, जिसके चलते हर गाँव के निवासी (देही) किसानों का लगान बढ़ने नहीं पाता था, लापता हो गई, और जमींदारों की लूट-खसोट तथा जोर-जुल्म ने किसानों के बचे-खुचे कानूनी अधिकारों के चिह्न को भी प्रायः मटियामेट कर दिया। यों तो ये अधिकार मुट्ठी भर धनी-मानी और प्रतिष्ठित लोगों के अलावे दूसरों को शायद ही प्राप्त थे।'

अपनी अंदरूनी बुराइयों और परस्पर विरोधी बातों के चलते ही यह जमींदारी बात-की-बात में खत्म हो गई रहती, यदि गैरकानूनी कानून और ब्रिटिश सरकार के अस्त्र- शस्त्र ऐन मौके पर इसकी रक्षा और पुष्टि के लिए नहीं आ धमकते। यही कारण है कि इसके जन्म के बाद ६ साल गुजरते-न-गुजरते ही जमींदारों तथा उनके मामूली अमलों तक को मन-माने सुरसामुखी अधिकार 'काले सप्तम विधान' के द्वारा दिए गए जैसा कि न्यायाधीश मिस्टर फिल्ड ने अपनी 'जमींदारी' (Land holding) नामक अँगरेजी पुस्तक में लिखा है। यही बात फ्लाउड कमिशन की रिपोर्ट के ५१ वें पाराग्राफ में यों लिखी है, 'जो परिस्थिति पैदा हो गई उसके चलते 'काला सप्तम' (सन् १७९९ ई० का सातवाँ विधान) जारी किया गया जिसने जायदाद की जब्ती के मुतल्लिक मनमाने सुरसामुखी अधिकार जमींदारों को दे डाले। मालगुजारी की रक्षा के लिए जायदाद की जब्ती का सख्त-से-सख्त कानून बना डालना उस समय की सरकार के लिए प्रबंध की दृष्टि से निहायत जरूरी हो गया था।' इस काले कानून का परिणाम यह हुआ कि जमींदार और उनके अमले बेधड़क उन किसानों के जनानखानों तक में घुस सकते थे जिनके जिम्मे लगान बाकी था और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

इस काम के लिए अधिकारियों या सरकारी न्यायालयों से तलाशी का वारंट निकलवाने की कोई भी जरूरत न थी। जिस किसान के जिम्मे लगान बाकी हो, उसके पड़ोसी के दर्वाजे पर पड़े हुए माल-असबाब के बारे में यदि उन्हें सिर्फ शक हो जाए कि ये बकिऔतावाले किसान के ही हैं तो उन चीजों को भी वे जब्त कर ले सकते थे। इसी तरह के गैर-कानूनी कानूनों ने ही जमींदारी को बचाया न कि उसकी अपनी किसी भी खूबी ने।

आज से बहुत पहले सन् १८३० ई० में ही ये और इसी तरह की इस जमींदारी की दूसरी बुराइयों एवं दुर्गुणों की पूरी जानकारी ब्रिटिश जनता को हो चुकी थी, जबकि हाउस औफ कामंस (पार्लिमैंट) के द्वारा नियुक्त उपसमिति इस नतीजे पर पहुँची कि 'जमींदारी प्रथा को जारी करते हुए जो सदाकांक्षा लार्ड कार्नवालिस ने जाहिर की थी वह पूरी न हो सकी।' इसलिए फ्लाउड कमिशन ने अपनी रिपोर्ट के ५५ वें पाराग्राफ में कहा है कि उस उपसमिति (सेलेक्ट कमिटी) ने यह मजेदार सुझाव पेश किया कि 'सरकार निजी तौर पर या सार्वजनिक रूप से जमींदारियों को खरीद ले, ताकि किसानों के अधिकारों की रक्षा की जा सके।' फलतः कीमत या मुआविजा देकर जमींदारी के खत्म करने का विचार बहुत पुराना है और उसीपर फ्लाउड कमिशन ने सिर्फ मुहर लगा दी है।

लेकिन अगर आज भी ऐसे लोग हों जिन्हें इस जमींदारी के कतई निकम्मेपन तथा पैशाचिकता पर शक हो तो उनसे हमारी करबद्ध प्रार्थना है कि वे 'अकाल जाँच कमिशन,' जिसे 'उडहेड कमिशन' भी कहते हैं, की अंतिम रिपोर्ट को और खासकर उसके २७५ वें पृष्ठ को ध्यान से पढ़ जाएँ। उससे पता चलेगा कि बिहार, उड़ीसा और मद्रास की लाटशाही सरकारों तथा आसाम की सरकार ने भी यही सिफारिश की है कि जमींदारी दफना दी जाए। उस रिपोर्ट में लिखा है :—

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

"बिहार सरकार की धारणा है कि दवामी बंदोबस्त की प्रथा खेती को उपज की वृद्धि एवं किसानों के जीवन-यापन के विकास (सुखमय जीवन) का रास्ता रोके खड़ी है। इसीलिए सरकार इस प्रथा के मिटाने पर गंभीर विचार करे, यह वांछनीय है। साथ ही उस सरकार ने यह भी कहा है कि बहुत-सी ऐसी भी जमींदारियाँ है जिनकी अपेक्षा सरकारी खास महालों में कोई उल्लेखनीय खूबी नहीं है। यह भी बात है कि रैयतवारी प्रांतों के किसानों के जीवन-यापन का पैमाना दवामी बंदोबस्तवाले प्रांतों के किसानों के उस पैमाने से कुछ बहुत अच्छा नहीं है। फलतः यह आवश्यक है कि खेती का नए तौर पर संगठन लंबे पैमाने पर किया जाए, जिसमें सहयोग-मूलक खेती, सिंचाई का विस्तृत प्रबंध तथा खेती की प्रगति की सभी सुप्रसिद्ध रीतियों के विस्तृत एवं घने प्रयोग भी आ जाएँ। इसके सिवाय जिन लोगों के लिए खेती में गुंजाइश न हो उनके लिए दूसरी रोजी का इंतजाम हो। बिहार सरकार का यह भी खयाल है कि ऊपर लिखी प्रगति की आसानी के लिए यह जरूरी है कि सरकार तथा किसान के मध्यवर्ती लगान वसूलने (मालिकान) के सभी हकों को सरकार हथिया ले।

"आसाम सरकार का कहना है कि जमींदारी की मातहती में रहनेवाले लोग अपने को आमतौर से अरक्षित समझते हैं। फलतः जबतक यह खूसट प्रथा खत्म न कर दी जाए, किसी भी और परिवर्त्तन से पूरा काम न चलेगा।

'मद्रास सरकार का फर्माना है कि अगर किसी समय इस जमींदारी प्रथा की कोई उपयोगिता रही भी हो तो वह अब खत्म हो चुकी है।

"उड़ीसा की सरकार ने अपना विचार प्रकट किया है कि दवामी बंदोबस्त की प्रणाली की अपेक्षा रैयतवारी प्रथा अच्छी जरूर है। फिर भी इसका जो एकमात्र उपाय है कि दवामी बंदोबस्त की प्रथा (जमींदारी) खत्म कर दी जाए उसे व्यावहारिक रूप कम-से-कम कई सालों तक दिया नहीं जा सकता।"

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

इस प्रकार जमींदार जो अकेले और असहाय अवस्था में पड़ गए हैं वह बात सिर्फ इसी ठोस सत्य पर खत्म नहीं हो जाती कि उनके जन्मदाता और खैरखाह अँगरेज लोग इस विपत्ति में उन्हें छोड़कर उनके दुश्मनों, जमींदारी मिटानेवालों, से मिल गए हैं। जमींदारों की ओर से यहाँ पर कहा जा सकता है कि आखिर अँगरेज तो बिराने और विदेशी ठहरे न ? और उनने देखा कि जमींदारों के साथ का उनका मतलबी गठबंधन बेकार सिद्ध हो रहा है। क्योंकि विदेशी जुए को उठा फेंकने के लिए भारतीय जनता को बगावत की उत्तरोत्तर बढ़नेवाली लहर के सामने जब ये जमींदार खुद-ब-खुद भींगी बिल्ली हो रहे हैं, तो फिर जिस राजनीतिक उद्देश्य से वे बनाए गए थे उसे अब पूरा कैसे कर सकते हैं ? इसीलिए स्वभावतः उनने अपना दिमाग बदल दिया। लेकिन भारतीय मालदारों और कारखानेदारों के बारे में क्या कहा जाएगा ? वे तो विदेशी और बिराने नहीं है न ? मगर वे भी चाहते हैं कि जमींदारी मिटा दी जाए। यह बात मिस्टर ताता और बिड़ला आदि धनसेठों के द्वारा 'बंबई योजना' Bombay Plan के द्वितीय भाग में साफ लिखी है जैसा कि उसके १९-२० पारा से स्पष्ट है। वे लिखते हैं,—'जमीन पर जमींदारों का जो मालिकाना हक था उसके अधिकांश से तो विभिन्न काश्तकारी कानूनों ने जमींदारों को व्यवहारतः महरूम कर दिया है और इस प्रकार उतने अंशों में उन्हें सिर्फ लगान-वसूलनेवाला बना छोड़ा है।

'फिर भी आमतौर से यह बात सही है कि जमींदारी प्रथा के चलते ये जमींदार अधिकांश में सिर्फ लगान-चट्ट बन गए हैं और यह जमींदारी कोई भी राष्ट्रीय हित का कार्य करने में असमर्थ हो गई है। भारत में कहीं भी इस प्रथा के फलस्वरूप जमींदारों का एक ऐसा दल नहीं पैदा हुआ है जो जमीन की उत्पादन-शक्ति की वृद्धि और खेती के विस्तार के लिए स्वेच्छापूर्वक पूँजी लगाने को तैयार हो जैसीकि आशा शुरू में की गई थी। बेशक रैयतवारी प्रथा भी उन बुराइयों से एकदम शून्य

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

नहीं है जो कि साधारणतया जमींदारी प्रथा में पाई जाती हैं। फिर भी रैयतवारी में बहुत बड़ा लाभ यह है कि वास्तविक खेतिहर का सीधा संबंध इस प्रथा के चलते सरकार से हो जाता है। फलतः किसान की स्थिति इसके चलते उन्नत हो जाती है और सरकार को भी सहकार मूलक खेती, आबपाशी एवं जमीन के कट तथा धुल जाने से रोकने आदि के बारे में अपनी जवाब-देही का भान हो जाता है। ये बातें ऐसी हैं जिनके बिना रैयतवारी प्रथा में भी किसी प्रकार की भी प्रगति संभव नहीं है। फ्लाउड कमिशन ने अभी-अभी बंगाल में मालगुजारी संबंधी प्रथा (जमींदारी) के बारे में रिपोर्ट तैयार की है। उसने भी इस समस्या की पूरी जाँच-पड़ताल तथा उधेड़बुन के बाद यही सिफारिश की है कि वर्त्तमान जमींदारी प्रथा के स्थान पर रैयतवारी प्रणाली जारी कर दी जाए। हमारा भी वही सुझाव है कि समस्त भारत में जो भी जमींदारी इलाके हों और जहाँ ये जमींदार अपनी जमीन में खुद खेती करते न हों, सर्वत्र फ्लाउड कमिशन की सिफारिशों के अनुसार ही काम हो।' इससे प्रकट है कि अंततोगत्वा पूँजीपतियों ने भी उस महान् अनर्थ को समझ लिया है जो इस जमींदारी के करते हुआ और हो रहा है। इसीलिए वे इसे दफना देना ही अच्छा समझते हैं! यही है 'बंबई-योजना' की बात!

अच्छा, आइए अब जरा 'गांधी-योजना' पर भी एक नजर डालें जिसे श्री श्रीमन्नारायण अग्रवाल ने विस्तृत रूप में तैयार किया है और जिसपर महात्मा गांधी की मुहर लगी है। हमें इस तरह पता लगाना है कि आया वह योजना भी जमींदारी प्रथा पर कसके एंड़ जमाती और इस प्रकार उसकी श्मशानयात्रा का रास्ता साफ करती है या नहीं। इस योजना के बारे में स्वयं महात्माजी अपने पूर्व वक्तव्य में फर्माते हैं कि, 'ताहम मैंने इसे इतना काफी पढ़ लिया है जिसके बल पर कह सकता हूँ कि इसमें कहीं भी मेरे विचार गलत ढंग से नहीं रखे गए हैं।' इसलिए मानना होगा कि इस योजना में जो कुछ लिखा है उसे खुद महात्माजी की मंजूरी मिली है। और योजना के ६२, ६३ पृष्ठों में श्री अग्रवाल लिखते हैं कि 'जमींदारी प्रथा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

कम-वेश सामंतशाही का अवशेष चिह्न है। इसीलिए वर्त्तमान समय के साथ उसका मेल नहीं है।

'मौजावारी प्रथा चलाने के लिए इस बात की जरूरत होगी कि जमींदार ताल्लुकेदार और मालगुजार जैसे मौजूदा स्थिर स्वार्थों को मिटा दिया जाए। यों कहिए कि जमीन का राष्ट्रीयकरण होगा और किसान तथा सरकार के बीच में कोई न रहने पाएगा। सरकार लंबी मीयाद के पट्टों पर जमीन उन लोगों को देगी जो वास्तव में उसे जोतें। किसान-पिता का पुत्र उसकी जमीन का उत्तराधिकारी होगा। जो खुद इसे जोतने की प्रतिज्ञा न करें उनके हाथ में ये जमीन न जाने पाएगी। केवल लगान उगाहना ही जिनका काम है, ऐसे लोगों (जमींदारों) का पता न होगा। बेशक, भूस्वामित्व संबंधी वर्त्तमान अधिकारों को धीरे-धीरे खत्म करने के लिए एक मुनासिब संधिकाल माना जाएगा। जमींदारों को एक युक्तियुक्त मुआविजा भी दिया जा सकता है। लेकिन ऐसा करने के पहले हर एक भूस्वामी के अधिकार की बहुत बारीक छान बीन करके देखा जाएगा कि उसका अधिकार उचित है या नहीं। खराब कानूनों तथा हृदय हीन सूदखोरी के चलते किसानों की बहुत सी जमीनें जमींदारों ने हथिया ली हैं। ऐसी जमीनों के मौजूदा मालिक एक कौड़ी भी पाने के हकदार न होंगे। जमीन का राष्ट्रीयकरण यों भी हो सकता है कि उन पर उत्तराधिकार कर या मृत्यु-कर लगा दिया जाए। जमीन का जो भी उत्तराधिकारी होगा उसे उस जमीन की कीमत का कम-से-कम आधा उत्तराधिकार कर के रूप में देना होगा। इस तरह प्रायः दो पीढ़ियों में जमीन संबंधी व्यक्तिगत संपत्ति स्वयंमेव खत्म हो जाएगी।

इस तरह देखते हैं कि भारतीय धनसेठों और राष्ट्रीय कांग्रेस की अपेक्षा जमींदारों के प्रति गांधीजी कहीं अधिक बेमुरव्वत हैं। अगर इस गांधीवादी तर्क-दलील के नतीजे और अर्थसिद्ध बातों को मान लें तो जमींदारों को जमीन से हाथ ही धोना पड़ेगा।' इस संबंध में और बातें आगे लिखी जाएँगी।

सबके अंत में कांग्रेस का हालवाला चुनाव-घोषणा-पत्र आता है,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

जिसने जमींदारी पर आखिरी धक्का मारा है। उसमें लिखा है कि "भारत में जमीन के बंदोबस्त की प्रणाली के बदलने की बहुत सख्त जरूरत है और इसके चलते किसान और सरकार के बीचवाले सभी लोग मिट जाएँगे। इसलिए ऐसे मध्यवर्ती लोगों के अधिकारों को, उचित मुआवजा देकर, ले लेना चाहिए।"

उधर बहुत दिनों से किसान सभा और सभी वामपंथी दल इस बात की बराबर माँग करते रहे हैं कि सभी मध्यवर्त्ती लोगों को बिना एक कौड़ी दिए ही पूर्ण रूप से खत्म कर दिया जाए। इस तरह देखते हैं अब जमींदार, भूमि से संपर्क न रखनेवाले मालिक और सभी तरह के लगानचट्टू लोग बिल्कुल ही अकेले पड़ गए हैं और अब किसीको भी इस बात से धोखा नहीं हो सकता कि अमुक एलाका और प्रांत जमींदारी वाला है और अमुक रैयतवारी है, क्योंकि लगानचट्टू लोग तो किसी-न-किसी रूप में सभी जगह पाए जाते हैं। इसलिए उनके साथ कोई रियायत नहीं की जा सकती है। उन्हें भागना होगा,—'भारत छोड़ो' नारे का साथी 'जमींदारी छोड़ो' भी होगा।

२—मुआविजा देकर खात्मा।

'इसलिए आर्थिक दृष्टि से हमें ऐसी संभावना प्रतीत होती है कि अपेक्षाकृत कम समय में जमींदारी प्रथा का खात्मा नहीं किया जा सकता। नहीं तो देने-पावने के ऐसे बंधन खड़े हो जाएँगे जिनसे सार्वजनिक ऋण लेने के वे साधन इसी तरह संकुचित हो जाएँगे जिनके द्वारा युद्धोत्तर काल में अत्यावश्यक सार्वजनिक विकास के कामों के लिए कर्ज लिया जा सकता है।' (उडहेड कमिशन की रिपोर्ट पृ० २७६)

जमींदारी और मध्यवर्त्ती सभी स्वार्थों के खात्मा के संबंध में अबतक जितना मशाला एकत्र किया गया है वह इसी बात के पक्ष में है कि उचित मुआवजा देकर ही यह बात की जाए। इसलिए आइए, जरा कुछ विस्तार के साथ इसपर विचार करें।

एकमात्र बंगाल के ही बारे में फलाउड कमिशन की रिपोर्ट का कहना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

है कि 'साथ ही हम यह भी सुझा देना चाहते हैं कि आजकल दो पक्षों के बीच होनेवाले सर्वे सेटलमेंट के आधार पर यह संभव नहीं कि ३० साल से कम में सरकार के कब्जे में जमीनें लाई जा सकें' (पारा १३४) 'सरकार के द्वारा जमीनों को हथियाने के पहले फिर से सर्वे करवाना जरूरी है' (पारा १०३)। और बेशक यह नया सर्वे ऐसा थकानेवाला काम है जो अनेक दशकों तक चला जाएगा।

उसी कमिशन ने लगान वसूलने वालों के मुआविजे का हिसाब उनकी बचत के १०, १२ या १५ गुने की दर से लगाया है और माना है कि क्रमशः ९८,११३ ५८ तथा १३६.९५ करोड़ रुपए देने होंगे (पारा १३८)। कमिशन का और भी कहना है कि 'हम यह भी देखते हैं कि इस स्कीम को यों पूरा करने में जमींदारों, टेन्योर होल्डरों या लगानचट्ट लोगों की मौजूदा आय घटाकर आधी या उससे भी कम किए बिना यह बात असंभव है, अगर हमें उनको बचत का १५, या १२ गुना पैसा उन्हें देना है' (पारा १३८)।

यहाँ पर यह खयाल करने की बात है कि उस कमिशन ने इन मध्यवर्त्तियों के मुआविजे का हिसाब लगाने में उन समूचे बर्गादारों, अधियारों या बटाईदारों को कतई छोड़ दिया है जिनकी जमीनें उनके मालिक जब चाहें छीन सकते हैं और जो बंगाल की कुल जमीन का पंचमांश जोतते हैं जैसा कि कमिशन यों कहता है, 'वर्त्तमान समय में संभवतः बंगाल की जमीन का पांचवाँ भाग जमींदारों, टेन्योर होल्डरों, रैयतों या मातहत रैयतों के नाम पर वे लोग जोतते हैं जिनमें अधिकांश के कब्जे में दरअसल जमीन हैं (पारा १४२) और उन्हें इस हिसाब में छोड़ देने का प्रधान कारण यह आर्थिक प्रश्न ही है। क्योंकि इन बर्गादारों या बटाईदारों से सीधे संबद्ध मालिकों को अगर मुआविजा दिया जाए तो पूर्वोक्त लंबी रकम के अलावे सरकार को एक और भी काफी बड़ी रकम का प्रबंध करना होगा। यह बात उसी रिपोर्ट में यों लिखी है, 'जैसा कि माना जाता है कि बंगाल की प्रायः पंचमांश भूमि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

की खेती बर्गा प्रणाली के अनुसार होती है। तदनुसार इस मुआविजे की रकम एक बहुत बड़ी तादाद में होगी और इस तरह सरकार के द्वारा जमीनों को हथियाया जाना असंभव हो जाएगा।" (पारा ११२)। आजकल गल्ले की कीमत आसाधरण रूप में बढ़ी है। फलतः इन बर्गादारों के मालिकों के हिस्से के अन्नादि का मूल्य बहुत ही ज्योदा होगा, और अगर उसका १०, १२ या १५ गुना उन्हें दिया जाए तो यह रकम बहुत ज्यादा बड़ी होगी। इसीलिए बर्गादारों की बात छोड़ दी गई है।

एक और भी खयाल है। ज्योंही इन बर्गादारों के मालिकों को मुआविजा देने का यत्न होगा उन्हीं जमीनों के लिए जिन्हें बर्गादार जोतते हैं त्योंही वे मालिक एक ही साथ बर्गादारों को जमीनों से बेदखल कर देंगे और इस प्रकार उन्हें साधनविहीन भिक्षुक एवं आवारागर्द बना छोड़ेंगे।

इसीलिए कमिशन ने सलाह दी है कि 'पहले पहल ऊपर से नीचे तक सिर्फ नगद लगान देनेवाले किसानों के मालिकों के ही हकों को ले लिया जाए' (पारा ११४)। उसके बाद ही मुस्तैदी के साथ बर्गादारों का प्रश्न हाथ में लिया जाए' (पारा ११४)। उसके बाद ही मुस्तैदी के साथ बर्गादारों के प्रत्यक्ष मालिकों को मुआविजा के रूप में बहुत ज्यादा रुपए देने न पड़े इस दृष्टि से 'बर्गादारों का उचित नगद लगान ठीक किया जाएगा। इसके बाद उस लगान और उनके मालिकों के द्वारा अपने मालिक को दिए जानेवाले लगान में जो अंतर होगा उसीके आधार पर मुआविजा तय पाएगा' (पारा ११३)।

फलतः स्पष्ट है कि एक-एक करके सभी मध्यवर्त्तियों को खत्म करने में पूर्वोक्त ३० साल के सिवाय कम-से-कम १० साल और भी लगेंगे। बंगाल के लिए मुआविजे के रूप में जो रकम जरूरी होगी वह भी इस प्रकार कम-बेश पूरे दो अर्ब हो जाएगी। अब अगर समस्त भारत में यही बात करनी हो तो बंगाल के लिए अपेक्षित रुपयों के कमबेश दसगुने लगेंगे, तभी सभी लगान-चट्टों को नगद मुआविजा दिया जा सकेगा। और फ्लाउड कमिशन की राय में नगद देना ही ठीक है। दस गुना इसलिए कि ब्रिटिश भारत की कुल भूमि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

बंगाल की भूमि से भी दस गुनी से ज्यादा है। क्योंकि जहाँ बंगाल की ४९२५८००० एकड़ है तहाँ ब्रिटिशभारत को पूरे ५१००३२००० एकड़। अतः महाकाय बीस अर्ब रुपए से छुटकारा होना असंभव है। इतने पर भी १४७०००००० एकड़ भूमि वाले देशी रजवाड़े अछूते ही रहेंगे, और अगर वहाँ भी यही किया जाए तो जमींदारी को वहाँ से भी भगाने के लिए पूरे छः अर्ब रुपए और चाहिए, यानी कुल पूरे छब्बीस अर्ब।

जो लोग सोचते हैं कि नगद न देकर बौंड या दूसरे ही रूप में मुआविजा दिया जा सकता है, अच्छा हो कि वे फ्लाउड कमिशन के एतत्संबंधी शब्दों को याद रखें। वे ये हैं, 'हमने बहुत ही गौर से इसका विचार किया है कि मुआविजा नगद दिया जाए या बौंड के रूप में। हम सबों की राय है कि सिद्धांततः नगद देना ही अच्छा होगा। गो हम मानते हैं कि ऐसा करने में बहुत ज्यादा आर्थिक दिक्कतें होंगी। नगद देने का फैसला हमने इसलिए किया है यदि जमींदारी को मिटाना है तो अच्छा है कि एक ही बार जमींदारों और टेंन्योर होल्डरों को पैसे दे दिलाकर खत्म करें, बनिस्बत इसके कि सरकार से सालाना रुपए पानेवालों की बड़ी गिरोह ६० साल तक रखी जाए। क्योंकि एतत्संबंधी रुपए चुकाने के फंड की मीयाद हमने ६० ही साल रखी है। विपरीत इसके यदि बौंड दिए जाएँ तो उनकी खरीद-ब्रिकी का झमेला खड़ा होने के कारण उनका मूल्य गिर सकता है। इसी लिए हमारे कुछ सदस्यों की राय है कि अगर बौंड जारी हों तो उनके बारे में भारत सरकार को गारंटी करनी होगी कि मूल्य कायम रहेगा। मगर इससे भी बड़ी कठिनाई यह होगी कि बौंड संबंधी प्रबंध में बहुत-सी दिक्कतें पेश आएँगी। हर जिले के खजाने के औफिस में ऐसे सभी लोगों का हिसाब रखना पड़ेगा जो मुआविजे के मुस्तहक हैं। बौंड की हरेक खरीद-ब्रिकी का वहाँ दाखिल-खारिज करना होगा और इस तरह काम इतना बढ़ जाएगा कि मालगुजारी (रेवेन्यू) देने और न देनेवाली (लाखेराज) जमींदारियों के हिसाब के रजिस्टरों से भी ज्यादे की जरूरत इसके लिए होगी' (पारा १०२)।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

इसीलिए उडहेड (अकाल जाँच) कमिशन अपनी अंतिम रिपोर्ट में इस नतीजे पर पहुँचा है कि "बंगाल के मालगुजारी कमिशन* ने अंदाज किया है कि जमींदारों की बचत का १५ गुना देने पर सभी मालिकों को कुल मिलाकर १ अर्ब ३७ करोड़ रुपए देने होंगे। उसने यह भी हिसाब लगाया है कि यदि यह रकम चार रुपए सैकड़ा सालाना सूद पर कर्ज ली जाए तो मालिकों का पावना देने के बाद इस प्रकार सरकार को जो बचत होगी उससे वह कर्ज साठ साल में सधेगा जो मुआविजे केलिए लिया जाएगा। यह एक अरब और सैंतीस करोड़ रुपए की रकम सचमुच ही बहुत बड़ी है और है यह प्रायः उतनी ही बड़ी जितनी कि समूचे ब्रिटिश भारत में सन् १९३२-१९३३ ई० तक सिंचाई के कामों में लगी है। खूबी तो यह है कि इतनी बड़ी रकम केवल एक ही प्रांत की जमींदारी के हासिल करने के लिए चाहिए। जहां-जहाँ दवामी बंदोबस्त है सभी को खत्म करने के लिए इससे कई गुनी बड़ी रकम अपेक्षित है। इसलिए आर्थिक दृष्टि से हमें ऐसी संभावना प्रतीत होती है कि अपेक्षाकृत कम समय में जमींदारी प्रथा का खात्मा नहीं किया जा सकता। नहीं तो देने-पावने के ऐसे बंधन खड़े हो जाएँगे जिनसे सार्व-जनिक (सरकारी) ऋण लेने के वे साधन बुरी तरह संकुचित हो जाएँगे जिनके द्वारा युद्धोत्तर काल में अत्यावश्यक सार्वजनिक विकास के कामों के लिए कर्ज लिया जा सकता है। ऋण के जो साधन हैं उन्हें सर्वप्रथम सिंचाई या कल-कारखानों की वृद्धि में ही लगाया जाना चाहिए। क्योंकि जमीन के बंदोबस्त की एक प्रथा को हटाकर दूसरी को स्थापित करने के विपरीत ये चीजें मुल्क की उत्पादनशक्ति को सीधे बढ़ाती हैं।

"ऐसा बताया जाता है कि बंगाल के मालगुजारी-कमिशन के द्वारा बताए गए तरीकों के अलावे मुआविजा देने के दूसरे भी रास्ते हैं बिना कर्ज लिए ही जिनके अनुसार अमल किया जा सकता है। इस तरह मालिक की बचत को पूँजी के रूप में देने की बात कतई छोड़कर हरेक को वार्षिक

*—लैंड रेवेन्यू कमिशन (फ्लाउड कमिशन)

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

रुपए देने का तरीका काम में लाया जा सकता है और ये रुपए उसी जमीन की आय से बचत के रूप में मिल सकते हैं। लेकिन हमें मौका नहीं मिला कि हम इन सुझावों की संभावना पर विचार करें। फिर भी हमें यह कहना है कि बहुत मालिकों और लोगों के बारे में एक मुश्त पूँजी या बौंड के रूप में मुआविजा देना टाला नहीं जा सकता; जैसे कि छोटे-मोटे मालिक और महाजन। साथ ही हर हालत में सरकार को इस वार्षिक देन की भी गारंटी करनी होगी। ऐसी दशा में हमारे खयाल में हमारा यह मानना सही है बंगाल के मालगुजारी-कमिशन के बताए हुए मुआविजे के तरीके में परिवर्त्तन कर देने पर भी उस कमिशन के इस निष्कर्ष में कोई विशेष फर्क नहीं पड़ेगा कि मौजूदा जमींदारी प्रथा को रैयतवारी बनाने में तीस साल लगेंगे।

—"इस प्रश्न के आर्थिक पहलू के अलावे प्रबंध संबंधी एक पहलू भी है। सरकार जमीन को हथिया ले उसके पहले यह निहायत ही जरूरी है कि जमीनों का सर्वे होकर हक के कागजात तैयार हों। मगर यह सर्वे सेटलमेंट ऐसी चीज है कि बंगाल वाले कमिशन ने निश्चय किया है कि इस तरह तीस साल से कम में सरकार के हाथ में जमीनें नहीं आ सकती हैं। फलतः आर्थिक एवं प्रबंध संबंधी बातों को मद्दे नजर रखते हुए उस कमिशन ने राय दी है कि यह काम जिलेवार किया जाए और ज्योंही एक जिले में सर्वे पूरा हो जाए और मुआविजे का अंदाज हो जाए, प्रायः चार करोड़ रुपयों की किस्त में कर्ज लेकर मुआविजा दिया जाया करे' (पृष्ठ २७६,२७,)।

यहाँ पर इस संकट से पार होने और इस समस्या के सुलझाने के लिए कहा जा सकता है कि सभी जमींदारों और लगान उगाहनेवालों से यों ही बिना मुआविजे के जमीनें छीनकर वास्तविक खेतिहरों को उनका मालिक क्यों नहीं बना दिया जाता? परंतु यह सुलझाव भी वैसा आसान नहीं है जैसा कि एकाएक देखने से प्रतीत होता है। हकीकत यह है कि मध्यवर्त्तियों को मिटाने के लिए जो भी कानूनी रास्ता अपनाया जाएगा उसमें मुआविजे का

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

यह पेचीदा प्रश्न उठ खड़ा होगा ही। भारतीय विधान (सन १९३५ ई०) की २९९वीं धारा के अनुसार सार्वजनिक अधिकार में लाई जानेवाली जमीनों के संबंध में मुआविजे का सिद्धान्त लागू किया जाना और उसकी रकम को विशेष रूप से वता देना जरूरी है। इसीलिए कानूनो ढंग से जमींदारों की जमीदारियाँ छीन लेने का तो खयाल भी नहीं किया जा सकता। इसके लिए तो क्रांतिकारी ढंग से वर्त्तमान शासन व्यवस्था को उखाड़ फेंकना लाजिमी है।

बेशक ऐसे भी लोग हैं जो गंभीरता पूर्वक सोचा करते हैं कि दवामी बंदोबस्त बहुत ही पवित्र चीज है और इसे कोई छू भी नहीं सकता। इसीलिए फ्लाउड कमिशन को इस प्रश्न पर बखूबी विचार करके निश्चय करना पड़ा। अपनी रिपोर्ट के ९७ वें पारा में कमिशन का कहना है कि, "ऐसा करने के पूर्व हमें अपना विचार कह देना है कि राष्ट्रीय हित की दृष्टि से जो भी सुधार जरूरी हो उनके दायरे से बाहर यह दवामी बंदोबस्त जा नहीं सकता। ईस्ट इंडिया कंपनी के उत्तराधिकारी के रूप में ब्रिटिश सरकार का चाहे जो भी उत्तरदायित्व रहा हो, लेकिन प्रांतीय स्वायत शासन की स्वीकृति ने नई परिस्थिति पैदा कर दी है जिसके अनुसार बंगाल की सरकार स्वतंत्र है कि इस समस्या पर नए सिरे से विचार करे और वर्त्तमान परिस्थति को देखते हुए यदि कोई रद्दोबदल आवश्यक हो तो उसे करे। सच्चो बात तो यह है कि कमिशन की नियुक्ति और उसके अधिकार ही इस बात के प्रमाण हैं कि दवामी बंदोबस्त पर पुनर्विचार करने या उसकी जगह वर्त्तमान समय के उपयुक्त कोई प्रथा लाने में कानूनी या वैधानिक अड़चनें नहीं हैं।

'हाउस औफ कामंस ने भारत के वैधानिक सुधारों के संबंध में जो संयुक्त कमिटी बनाई थी उसने इस प्रश्न पर विचार करके अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जो मंत्रिमंडल भारतीय व्यवस्थापक सभा के प्रति जवाबदेह हो और अन्यान्य कामों के साथ ही जिसपर बंगाल की मालगुजारी की प्रणाली को ठीक करने का भी भार हो, उसके अधिकार के बाहर की यह बात नहीं होनी चाहिए कि दवामी बंदोबस्त के संबंध के कानूनों को बदल दे।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

यह ठीक है कि उन कानूनों में इस व्यवस्था को दवामी रखने की प्रतिज्ञा है। फिर भी कानून की दृष्टि से उनमें भी परिवर्त्तन उसी तरह किया जा सकता है जैसे भारत संबंधी अन्य कानूनों में। उसी तरह वे उठा भी दिए जा सकते हैं।

इस प्रकार वैधानिक तरीके से मुआविजा देकर ही जमींदारी मिटाने में कोई कानूनी अड़चन नहीं है। बेशक इसमें पूर्वोक्त कठिनाइयाँ जरूर हैं जो प्रायः दुर्भेद्य हैं। सचमुच ही भारतीय किसान इस जमींदारी प्रथा के मिटाने के लिए कमबेश पचास साल तक प्रतीक्षा करने को तैयार नहीं हैं। इस हृदयहीन और बेदर्द प्रणाली ने उन्हें प्रायः धूल में मिला दिया है और उनकी यह दुर्दशा ज्यों-की-त्यों जारी ही है। भारत के विभिन्न इलाकों को चाहे आप रैयतवारी या जमींदारी नाम भले ही दे डालें, फिर भी इस प्रथा ने देश भर में जमीन से बहुत ही दूर रहनेवाले मालिकों, लगान-चट्टों एवं उनके पिट्ठुओं की एक ऐसी सेना पैदा कर दी है जिसका केवल यही काम है कि हजार दाव पेचों के बल पर किसानों का जीवन-रक्त चूस ले। किसानों की यंत्रणाएँ और वेदनाएँ चरम सीमा को पहुँच चुकी हैं। फलतः किसी समय भी ऐसा विस्फोट हो सकता है जिसमें न सिर्फ यह मनहूस प्रथा खत्म होगी, इन रक्त पीनेवालों और उनके पिट्ठुओं के समूचे दल को भी मिट जाना होगा। सन् १९४२ ई० की ८ वीं अगस्त के बाद जो ज्वालामुखी का विस्फोट हुआ था उसके लिए कोई भी तैयार न था। ताहम यह होके रहा और सभी अवाक रह गए। कौन कह सकता है कि जमींदारी एवं जमींदारों के संबंध में भी उसी इतिहास की पुनरावृत्ति एक दिन होके उन्हें हजम न कर लेगी? इसलिए अगर उस परिस्थिति को रोकने और जमींदारों तथा उनके जी-हुजूरों को बचाना है तो जमींदारों को बहुत ही जल्द इतना जल्द जितना कि बहुतेरे सोचते भी नहीं—खत्म होना होगा। लेकिन यदि मुआविजा तय करने तथा उसको आदायगी का सनातनी तरीका काम में लाया गया तो यह बात होने की नहीं। इस तरह हमारे सामने पेचीदा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

पहेली है। विना मुआविजा के यह जमींदारी कानूनी ढंग से मिटाई जा सकती नहीं और मुआविजे की समस्या ऐसी है कि उसका आखिरी नतीजा जमींदारी मिटाने के वास्तविक लक्ष्य को खत्म ही कर देगा। यही हमारी पहेली है। इसका समाधान हमें करना ही होगा।

३—तो क्या करें ?

'खराब कानूनों तथा हृदयहीन सूदखोरी के चलते किसानों की बहुत-सी जमीनें जमींदारों ने हथिया ली हैं। ऐसी जमीनों के मौजूदा मालिक एक कौड़ी भी पाने के हकदार न होंगे' (गांधी-योजना पृष्ठ ६३)

जमींदारी मिटाने की पेचीदा पहेली को सुलझाने के प्रयत्न में आइए जरा इसकी थोड़ी और भी जाँच-पड़ताल करें। इस संबंध में हमने गांधी-योजना देखी है बेशक ; परंतु उसकी छानबीन नहीं की है। साथ ही बंबई-योजना' को और भी देखना होगा। लेकिन यह सब कुछ करने के पूर्व ही मुझे बिहार सरकार के बहुत ही हाल के एक काम की याद हो आती है जो उसने 'मालिकाना' के मुतल्लिक किया है। आज से बहुत दिन पूर्व जिन जमींदारों की जमींदारियों को सरकार ने हथिया लिया था, उन्हीं को वह जो वार्षिक रकम देती है उसे ही मालिकाना कहते हैं। सरकारी कब्जे में आने के समय में जमींदार जो लगान वसूलते थे उसका दशांश ही सरकार प्रति वर्ष उन्हें देती है ऐसा हमें बताया गया है। यह भी बात है कि इस लंबी मुद्दत के दर्म्यान आमतौर से जमींदारों ने उस समय किसानों से मिलने वाले लगानों को काफी बढ़ा लिया है। फिर भी यह मालिकाना ज्यों का त्यों है और एक पाई भी नहीं बढ़ा है। अतएव अगर हम इस इजाफे का खयाल करें तो दरअसल यह मालिकाना उन जमींदारों की निजी आय का प्रायः सोलहवाँ भाग ही रह गया है।

अब बिहार सरकार का निर्णय सुनिए। उसने तय किया है कि उस बेदखल जमींदारों को जो मालिकाना सालाना मिलता है उसका सोलह गुना उन्हें एक ही बार देकर सदा के लिए झमेला ही खत्म कर दिया जाए। इसी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

आधार पर उन्हें नोटिसें भी दी गई हैं। इन नोटिसों का नतीजा क्या हुआ इससे यहाँ हमें मतलब नहीं है और न इसी बात से कि सरकार ने आगे क्या कार्यवाही की है। इस मालिकाना को खत्म कर देने के लिए उसने जो सिद्धांत मान लिया है हमें उसीसे मतलब है। और अगर ऊपर लिखी बातों पर खयाल किया जाए तो बिना विरोध या अत्युक्ति के ही कहा जा सकता है कि मुआविजे के रूप में मलिकानावालों को जो रकम दी गई है वह तो कम-बेश उतनी ही है जितनी वह आज हर साल खुद ही वसूलते रहते, अगर लगान की वसूली उन्हीं के हाथों में बराबर बनी रहती और जमींदारी ले ली गई न होती। असली रकम के १६ वें भाग के १६ गुने के मानी हैं वही असली रकम न कि कम या बेश। और जमींदारी के थोड़े से हिस्से के बारे में बिहार सरकार ने यह सिद्धांत मान लिया है कि दर-असल सालाना आमदनी देकर ही यह झमेला सदा के लिए खत्म कर दिया जाए और जमींदारों का लगान वसूली वाला हक जाता रहे, तो इसी मंतव्य को व्यापक और विस्तृत रूप में लागू करने में क्या उज्र है? यहाँ हमें इस बात पर विचार नहीं करना है कि मालिकानावालों ने यह सिद्धांत मान लिया है या नहीं। हो सकता है उनने इसे न माना हो। आखिर जमींदारी मिटाने का सिद्धांत भी तो उन्हें मान्य नहीं ही है। लेकिन यदि कांग्रेस-सरकार यह जमींदारी मिटानेवाली बात उनके गले के नीचे उतारने जा रही है, तो मुआविजे का यह सिद्धांत भी उसी तरह उनसे मनवा सकती है।'

दलील दी जा सकती है कि एक ही साल की आमदनी उन्हें मुआविजे के रूप में देकर जमींदारों से सदा के लिए जमींदारी छीन लेना बड़ी ही बेमुरव्वती होगी। यह भी कहा जा सकता है कि अधिकांश जमींदारों के टुटपुंजिए होने के नाते उनकी लगानवाली सालाना आय बहुत ही कम या नाम-मात्र की है। फलतः ऐसे मुआविजे के करते उन्हें दर-दर का भिखारी बनना पड़ेगा।

किंतु जमींदारों के ऊपर की जानेवाली इस तरह की सख्ती की दलीलें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

देनेवाले लोग सबसे जबर्दस्त बात भूल जाते हैं कि गत डेढ़ सौ साल के दर्म्यान इन्हीं जमींदारों ने किसानों के ऊपर एके बाद दीगरे हजारों मुसीबतें ढाई हैं। सर अजीजुल हक ने अपनी अँगरेजी किताब 'The man-behind the Plough' (हल चलानेवाले) के २९वें पृष्ठ में यों लिखा है, 'जमींदारों की मदद के लिए एके बाद दीगरे विधान बनाए गए और आखिरकार हक्का-बक्का करनेवाला वह विधान बना कि जो किसान जमींदारों की बेबुनियाद शिकायतें करेगा या उनपर मुकदमे लावेगा उसे जुर्माना होगा और जेल की सजा दी जाएगी।' स्थानांतर में उसी पुस्तक में सन् १८५९ ई० के लेफ्टिनेंट गवर्नर के भाषण का उद्धरण यों दिया है, 'बंगाल की जमीन के बंदोबस्त की प्रणाली की खूबी यह थी कि एक ओर सामंतशाही थी और दूसरी ओर गुलामी।' क्या इससे भी अधिक सख्ती की जा सकती है?

रह गई टुटपुँजिए जमींदारों की बात। सो अगर वे आज अपनी नगण्य आमदनी के रहते ही भिखमंगों एवं आवारागर्दों की तरह मारे-मारे नहीं फिरते हैं, हालांकि उससे उनकी गुजर नहीं हो सकती तो जमींदारी मिटने पर वे कैसे ऐसा करेंगे और लाखों तथा करोड़ों दुर्दशाग्रस्त किसानों की ओर नजर करने का कष्ट भी किसने अब तक उठाया है? अच्छा, मान लें कि फ्लाउड कमिशन की सिफारिशों के अनुसार ही इन छुटभैए जमींदारों को मुआविजा दिया जाएगा। इतने पर भी उनमें बहुसंख्यक दर-दर के भिखारी बनेंगे ही। क्योंकि इस तरह उन्हें जो रकम मिलेगी वह एक ही दो साल में खर्च हो जाएगी और वे निराश्रय हो जाएँगे।

लेकिन ये समालोचक छोटे जमींदारों की संभावित भिखमंगी को लेकर खामखाह अड़ जाएँ तो हम एक दूसरा सुझाव पेश करते हैं जिससे न तो छुटभैये जमींदार ही भिखमंगे बनेंगे और न किसान या दूसरे ही लोग। छोटे-बड़े सभी जमींदारों से लगान वसूली का हक छीन लीजिए बिना कुछ दिए ही, उन्हें कोई-न-कोई मुनासिब काम दे दीजिए और सभी भारतीयों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

के लिए, जिनमें वे भी आ जाते हैं, उत्तम या कामचलाऊ-जीवन यापन के पदार्थों की गारंटी कर दीजिए। राष्ट्रीय सरकार को यह करना ही होगा और देखना पड़ेगा कि कोई भारतीय न तो बेकार है और न भूखा फिरता है। और इस तरह सभी जमींदारों की आय का रुपया लाभजनक रूप में हजारों नए उद्योग-धंदों के चालू करने में लगाया जाकर लक्ष-लक्ष लोगों को काम दे सकता है।

बहुत संभव है 'बिना कुछ दिए ही छीन लो' शब्दों से हमारे समालोचक आतंकग्रस्त होकर इस प्रस्ताव के विरुद्ध तोबातिल्ला मचाना शुरू कर दें। लेकिन इस चीज पर थोड़ा-सा भी विचार कर लेने पर उन्हें खुद मौनावलंबन करना ही पड़ेगा। यदि फ्लाउड कमिशन की रिपोर्ट को ही वे लोग पढ़ें तो उसमें भी यह 'छीन लेना' मिलेगा ही। कमिशन के बहुमत ने कहा है कि जमींदारों की बचत का दस गुना मुआविजा दिया जाए। साथ ही उसने माना है कि १५ गुना देने पर भी जमींदारों की वर्त्तमान आय आधी ही रह जाएगी और १२ या १० गुना देने पर तो और घटेगी। अब अगर इसे छीन लेना न कहें तो और क्या कहें? ठीक है, यह पूरा छीन लेना न होकर अधूरा है। फिर भी छीन लेना तो हुई। और जब हम जमींदारों के उत्तम जीवन यापन की गारंटी सरकार के द्वारा की जाने की बात बोलते हैं तो हम भी पूर्णतया छीन लेने की बात नहीं ही कहते हैं। अतएव अंततोगत्वा हमारी और कमिशन की बात में केवल अंशों का फर्क है, न कि और कुछ। और जैसा कि पहले कह चुके हैं, बंबई-योजना में भी माना गया है कि 'विभिन्न काश्तकारी कानूनों ने जमीन पर होनेवाले जमींदारों के बहुत-से मालिकाना हकों को छीन लिया है।' इसलिए किसी भी हालत में इस छीना-झपटी से छुटकारा नहीं है।

और गांधी-योजना भी क्या कहती है? यदि हम इसे थोड़ा ध्यान से पढ़ें तो पता चलेगा कि वह तो इस छीना-झपटी का सबसे बड़ा पोषक है। सर्वप्रथम उसका कथन है कि 'जमीन पर जमींदारों के हकों की अच्छी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

तरह छानबीन के बाद ही उन्हें उचित मुआविजा दिया जा सकता है।' अब अगर इस छानबीन को ठिकाने के साथ अंत तक ले जायँ तो उसके फलस्वरूप प्रायः सभी लगान चट्ट लोग अपने हक खो बैठेंगे। मौजूदा जमींदारों के लिए यह छानवीन सचमुच ही भयंकर वस्तु है। क्योंकि जमींदारों ने किसानों को बेवशी से अनुचित लाभ उठाया है, उनकी कौड़ी-कौड़ी उनने नोच ली है और जब कुछ न मिल सका है तो अंत में जमीन भी छीन ली है। स्वयं गाँधी-योजना ने यह बात स्वीकार की है जैसा कि यहाँ और इस प्रकरण में लिखे उसके उद्धरण से स्पष्ट है। और यह तो स्पष्ट ही छीन लेना है। लेकिन गाँधी-योजना इससे भी आगे जाकर और जमींदारों के उत्तराधिकारियों से जमीन के मूल्य का कम से-कम आधा मृत्यु-कर के रूप में ऐंठ लेने की बात पेश करके जमींदारों की जमीनें सोलहों आना उतनी हो मुद्दत में छीन लेने का रास्ता साफ करती है जितनी मुद्दत मुआविजा देने के लिए अपेक्षित है। यही कारण है कि इसमें 'देना चाहिए' की जगह 'दे सकते हैं' लिखा गया है जैसा कि औरों ने और खासकर कांग्रेस घोषणा तथा बंबई-योजना में लिखा गया है। फलतः अगर जमींदारों को उत्तम जीवन-यापन की गा रंटी कर दी जाए और इस तरह इस बारीक जाँच-पड़ताल की अत्यंत कष्ट प्रद फजीती से उनका पिंड छूट जाए तो यह बात कहीं अच्छी होगी।

इसलिए हमारी पक्की राय है कि पूर्वोक्त दो उपायों में से कोई एक को जमींदारी मिटाने के लिए मान लेना होगा और इससे सबों के हक में अच्छा होगा। दूसरे सभी तरीके न सिर्फ थकान पैदा करनेवाले हैं; बल्कि उनमें बहुतेरे खतरे भी हैं।

लेकिन अगर हमारी यह आवाज केवल अरण्यरुदन सिद्ध हो जाए और फ्लाउड कमिशन एवं दूसरों के द्वारा बतलाया गया मुआबिजे का सनातनी मार्ग ही अंत में जमींदारी मिटाने के लिए मान लिया जाए तो हमारा सुझाव है कि फौरन ही कोर्ट औफ वार्ड्स कानून इस तरह सुधार देना होगा कि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

उसके भीतर लगान वसूलनेवाली सभी बातें आ जाएँ, उसके बाद फौरन ही सभी लगान वसूली के हक कोर्ट औफ वार्डस के अंदर ले लेना होगा। खास-महाल तथा कोर्ट औफ वार्डस के बीच हम कोई फ़र्क़ नहीं मानते। हमारा मतलब केवल यही है कि सभी मध्यवर्त्तियों के हकों का इंतजाम सरकार ही करे। इसी दृष्टि से हाल में ही बिहार प्रांतीय किसान सभा ने एक प्रस्ताव पास किया है। उसका आशय यही है कि जबतक जमींदारी मिटा नहीं दी जाती तबतक सभी लगान वसूलने के हक़ जबर्दस्ती कोर्ट औफ वार्डस् के अधीन फौरन ही कर दिए जाएँ। और अगर हम बंबई योजना को देखें तो उसमें भी कुछ इसी तरह की चीज पाकर हमें खुशी होती है। क्योंकि उसमें लिखा है कि, वर्त्तमान सरकार जमींदारों का काम अपने ही हाथों में ले ले और इस कर्त्तव्य के पालन में जो खर्च हो उसे लगान में से काटकर जमींदारों को उचित लगान दिया करे। आगे चलकर जब सरकार की हालत अच्छी हो जाए, तो जमींदारों का पावना एक मुस्त चुकता करके उनका दावा सदा के लिए खत्म कर दिया जाए। फिलहाल जमींदार और किसान के बीच का ताल्लुक खत्म कर देना चाहिए' (पारा २०)।

जो बातें ऊपर लिखी गई हैं कुछ इसी तरह की बातें नीचे लिखे पत्र-व्यवहार में, जो २८-४-४६ के इलाहाबाद के 'लीडर' के डाक संस्करण में प्रकाशित हुआ था, पाई जाती हैं। इससे स्पष्ट है कि दूसरे भी इसी दृष्टि से इस बात पर विचार कर रहे हैं। वह पत्र यह है:—

"जमींदारी का खात्मा"

'सन् १९४६ में इस बात से इनकार किया नहीं जा सकता कि राष्ट्रीय जीवन में जमींदार श्रेणी ने अपने को प्रतिगामी तथा उसकी सामाजिक अर्थ-व्यवस्था के लिये बेकार साबित कर दिया है।'

'जमींदार सिर्फ जोंक है जिसका काम है मुल्क की कृषि-संबंधी दीन-हीन 'आर्थिक व्यवस्था के जीवन-रक्त को चूस लेना। लगातार बीस वर्षों से ज्यादा बारबार चेतावनी देने पर भी जमींदारों ने अपना रवैया बदला नहीं है। यही नहीं कि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

उनने किसानों को खेती के समुन्नत साधनों के प्रयोग में कोई मदद नहीं की है। उनने किसानों को भूमि संबंधी भूख से अधिक से अधिक लाभ उठाकर उनसे भले बुरे ढंग से जितना भी हो सका है वसूला है। कुछ दिनों के लिए जब कांग्रेसी नेता सार्वजनिक जीवन से जुदा कर दिए गए थे, इन जमींदारों ने जरा भी सुस्ती न की और काश्तकारी कानून में जो खराबी दुर्भाग्य से रह गई थी उससे अधिक से अधिक फायदा निर्दयता के साथ उठाया। उनने अपने खजाने भरे और इस तरह बेईमानी से मिले पैसे को युद्ध संबंधी उन अनेक चंदों में हृदय खोलकर दिया जिन्हें सलाहकारों की सरकार ने चालू किया था। यह इसीलिए कि सरकार उनकी शैतानी हरकतों पर नजर न डाले। इसमें इन्हें सफलता भी मिली।

'माना जाता है कि जमींदारी प्रथा को जड़ से उखाड़ना कुछ पेचीदा प्रश्न है फलतः इसमें काफी समय लगेगा। बहुसंख्यक पीड़ितों को तत्काल हीं तेजी के साथ आराम पहुँचाने की दृष्टि से मेरा सुझाव है कि सरकार कोर्ट औफ वार्डस के कानून में सुधार करने के लिए जमींदारों के जरिए अपनी जमींदारी का खुद प्रबंध करने की अयोग्यता की यह भी एक शर्त्त उसमें जोड़ दे कि यदि वे स्वभावतः दूर या अलग रहने वाले मालिक हों, अपनी जमींदारी का ऐसा प्रबंध करते हों जिससे किसानों के हकों की हानि हो, अपने जमींदारी हक से अनुचित लाभ उठाने की आदतवाले हों या स्वभावतः बेगारी करवाते, गैर कानूनी वसूलियाँ करते या नजराना लेते हों तो उसकी जमींदारी कोर्ट औफ वार्डस अपने हाथ में ले ले कुछ खास मुद्दत के लिए। लेकिन अगर हालत बहुत ही बुरी हो तो उनकी जिंदगी भर के लिए ही ले ले।

'हम कोर्ट औफ वार्डस का नियम और उसकी नीति ऐसी बना लें जिससे कर्जदार जमींदारियों को बचाने के बजाए उन्हें किसानों के हाथ बेंच दिया करें और अगर जरूरत समझें तो किसानों से किस्त किस्त करके कीमत लें। इस प्रकार फौरन हीं जमींदारी मिटाने का श्रीगणेश करके किसानों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

को ही जमीन के मालिक बना दे सकते हैं।

'वर्त्तमान कोर्ट औफ वार्डस् तो जमींदारी प्रणाली को कायम रखने का एक जरिया मात्र है। इसमें सुधार करके इसका इससे उलटा ही दृष्टिकोण हो जाना चाहिए। इसे केवल मालिक जमींदार का संरक्षक न बन किसानों के स्वार्थों का भी रक्षक बनना चाहिए। कोर्ट औफ वार्डस का सभापति कोई राष्ट्रवादी विचारवाला राजनीतिज्ञ और भरसक तो सोशलिस्ट विचारवाला ही होना चाहिए। जमींदार को उसकी परवरिश के लिए सिर्फ भत्ता दिया जा सकता है और बची बचाई आमदनी पर उसका कोई हक्क न होकर उसका उपयोग किसानों की भलाई तथा जमीन की उन्नति के कामों के लिए होना चाहिए। इससे देहातों की प्रगति में काफी मदद मिलेगी।

'मालमंत्री और उनके मंत्री, जो गत व्यवस्थापक सभा में किसानों के हकों के लिए बराबर लड़ते रहे हैं, के विचारार्थ यह प्रस्ताव पेश करता हूँ। जनता का हितेच्छु।"

ऊपर लिखे लाभों के अलावे नीचे लिखे फायदों के लिए भी, जो किसान और सरकार दोनों को ही होंगे, यह कोर्ट औफ वार्डस् की प्रथा जारी होनी चाहिए:—

१—इससे किसान और सरकार के बीच सीधा संबंध स्थापित होगा।

२—इसके चलते गैर कानूनी वसूलियों, बेगार आदि, वसूल लगान की रसीद न देना और बटाई की जगह दानाबंदी करने के अवसर रही न जाएँगे।

३—बिहार में तथा अन्यत्र भी बकाश्तसंघर्ष के सभी मौके और कारण इसके-फल स्वरूप खत्म हो जाएँगे। क्योंकि कोर्ट औफ वार्डस् बकाश्त जमीन और सेटूल्ड रैयत संबंधी कानून की अवहेलना करने का यत्न न करेगा। वह संघर्ष तो होता है इसीलिए कि जहाँ एक ओर जमींदार अपनी बकाश्त जमीनों में खेती करवाते हैं सेटूल्ड (देही) किसानों के ही द्वारा यहाँ दूसरी ओर उनसे जो भी नगद या गल्ला लगान के रूप में पाते

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

हैं उसकी रसीदें देते ही नहीं जिससे किसान का जोतना सिद्ध हो सके।

४—आज जमींदार रसीद न देकर, तैयार गल्ला न बाँटकर या तैयार फसल काटने न देकर उसका जो भयंकर नुकसान खेतों और खलिहानों में कर रहे हैं, सो वात तब हो न सकेगी।

५—प्राइवेट सिंचाई के कानून में जो ऐब और खामी हैं उनसे अनुचित लाभ कोई कोर्ट औफ वार्ड्स न उठाएगा और इस तरह जमींदारों के खर्च से ही सिंचाई के लिए आसानी कर दी जाएगी।

६—जमींदारियों की आय में से ही पैसे लेकर किसानों तथा उनके बाल-बच्चों के हितार्थ संस्थाएँ चालू होंगी और काम किए जाएँगे।

७—आज जो नाममात्र की तनखाह पर पटवारी, गुमाश्ते और बराहिल जमींदारों का काम करते हुए निरंतर किसानों का ही जीवन-रक्त चूसा करते हैं, सो बात तब न होगी और हजारों ग्रेजुएटों एवं शिक्षितों को काम दिया जाएगा और जमींदारों के जुल्म भी खतम होंगे।

८—अपनी आय का गलत-सलत चिट्ठा पेश करके आजकल जमींदार लोग कृषि आय संबंधी कर के बारे में सरकार को अधिकाँश ठगा करते हैं। यह बात खत्म हो जाएगी और सरकारी आय बढ़ेगी।

९—जिस सर्वे के कागजात की सख्त जरूरत है उसके लिए पूरी तैयारी तथा आसानी हो जाएगी। क्योंकि हर जमींदारी में कोर्ट औफ वार्ड्स के कागजात विल्कुल ही सही, सामयिक और बाकायदा रहेंगे और इस तरह चाहे किसान या जमींदार किसी के भी द्वारा जाल फरेब करने के अवसर बहुत अंशों में खत्म हो जाएँगे। इस तरह मुआविजे के हिसाब के लगाने की असली नींव पड़ जाएगी।

इस तरह यदि जमींदारी का खात्मा कुछ देर से भी हो इस मुआविजे के झमेले के चलते, तो भी शीघ्रही किसानों को कुछ ठोस राहत मिल जाएगी और वे आराम की साँस लेंगे।

———

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

मुद्रक—रामेश्वर सिंह,
ओरियण्ट प्रेस, पटना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding (KS-MoE Grant)

ALL-INDIA KISAN SABHA

Seventh Annual Session

(PUNJAB)

(9)

PRESIDENTIAL ADDRESS

OF

Comrade Bankim Mukerji

Bhakna Kalan :

2nd to 4th APRIL

1943

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

जाना कठिन हो गया है। उस दल की आँखें खुली हैं और जो
उसने किया है उसका नतीजा यही होगा, यह उसे अविदित
यह कैसे कहा जाए? संसार का इतिहास तो हमें इसी नतीजे
पहुँचने को बाध्य करता है कि जानबूझ कर ही यह समझौते का

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2
उसन अपनाया है और उसके नतीजे के लिए वह पहले से ही तैयार है—वह यही चाहता ही है, बेअदबी माफ हो।

जनता के हाथ में सत्ता सौंपना

कहा जाने लगा है कि कांग्रेस का काम है अब किसानों तथा मजदूरों के हाथ में सत्ता सौंपना। मगर प्रश्न यह है कि वह सत्ता १५ अगस्त को ही क्यों न सौंपी गई ? और अगर उसमें कोई दिक्कत थी, तो कौनसी ? अगर श्री शंकरराव देव के कथनानुसार अब आगे चलकर कांग्रेस का लक्ष्य होगा मजदूरों एवं किसानों के हाथ में वही सत्ता सौंपना, तो अब तक क्या दिक्कत थी उसके सौंपने में ? आज तो कांग्रेस के सभी चुने-चुनाए, महारथी ही गवर्नर के पद से लेकर केंद्र एवं प्रांतों के मंत्रियों की गद्दियों पर आसीन हैं। फिर भी किसान-मजदूरों के हाथ में सत्ता क्यों न आई ? क्या वे किसानों के प्रतिनिधि या उनके अपने आदमी नहीं हैं ? यदि हाँ, तो जब तक वे रहेंगे और उनकी प्रभुता कांग्रेस पर रहेगी, तब तक किसानों को आशा कैसे हो सकती है कि सत्ता उन्हें मिलेगी ? यदि वे लीडर अब तक ऐसा होने न दे सके, तो आगे कैसे होने देंगे ? तो क्या वे अब कांग्रेस से हट जाएँगे ? यह तो असंभव है। वह तो दूसरों को ही हट जाने को कहते हैं। नहीं-नहीं, जो लोग किसान-मजदूर-राज्य की बातें करते हैं, उन्हें कांग्रेस से गर्दनियाँ देने की नोटिस भी वही दे चुके हैं। यदि श्री शंकरराव को दर्द है कि १५ अगस्त को किसानों के हाथ में सत्ता नहीं सौंपी गई, तो क्या उन्होंने इसका प्रतिवाद किया था ? उन्होंने क्यों नहीं साफ-साफ कहा कि भारी अनर्थ हो रहा है कि किसान-मजदूर शासन-सत्ता से वंचित किए जा रहे हैं ? उन्हें तो साफ कहना था कि सर्वत्र किसानों और मजदूरों को ही सत्ता सौंपी जाए और लीडर लोग उनका काम सँभालने में चौकीदारी तथा सहायता का काम करें। और अगर श्री देव ने या उनके साथी इन चोटी के लीडरों ने ऐसा नहीं किया, तो आगे उनसे क्या आशा की जा सकती है ? लेकिन यदि ये लीडर सचमुच

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

किसान-मजदूरों के ही आदमी हैं और उन्हींके लिए मरे जाते हैं, तो फिर और बाकी क्या रहा, जिसके लिए कांग्रेस को जारी रखने में जमीन और आसमान को एक किया जा रहा है ? लक्ष्य सिद्ध हो जाने पर उसकी जरूरत क्या रही ?

कहा जाएगा कि किसान और मजदूर सत्ता के योग्य नहीं हैं, उसके लिए अभी तैयार न थे ; तब सत्ता उन्हें सौंपी जाती कैसे ! लेकिन उन्हें तैयार न होने देने के अपराधी भी हैं कौन ? ये राष्ट्रीय नेता या दूसरे लोग ? दूसरे लोग तो बराबर चिल्लाते थे कि श्रमजीवियों को राजनीतिक चेतना दी जाए, वे तैयार किये जाएँ। लेकिन ऐसा सुनकर ये नेता ही छाती पीटते थे कि ऐसा होने पर सब चौपट होगा ! फिर वही नेता आज लोगोंको कैसे तैयार करेंगे ? और क्या यह तैयारी बात-की-बात में ही हो जाएगी ? उसके लिए तो युग लगेंगे। तब तक क्या शोषकगण हाथ-पर-हाथ धरे बैठे रहेंगे ? क्या वे अपनी तैयारी न करेंगे और बाजी मार न ले जाएँगे ? अगर वे रोके जाएँगे तो किस तरह, यह बात बताने के लिए क्या ये लीडर तैयार हैं ? जिनने अबतक कांग्रेस कमिटियों, असेंबलियों और बोर्डों में शोषकों एवं उनके पिट्ठुओं को जाने से न रोका; प्रत्युत जान-बूझ कर भेजा, वही आज उन्हें रोकेंगे, यह विश्वास कौन करेगा ? और जब आज तक किसान-मजदूरों को तैयार न किया गया तो आगे किया जाएगा, यह कौन मानेगा ? तैयार करने का प्रोग्राम भी क्या है ? वर्ग-चेतना से तो आपलोग भागते हैं। दूसरा रास्ता है नहीं; उसमें तो धोका ही धोका है। फलतः उनके हाथ में सत्ता सौंपने की बात प्रवंचना मात्र है, क्षमा हो।

शान्तिपूर्ण क्रान्ति ?

कहा जाता है कि भारत में शांतिपूर्ण राजनीतिक क्रांति हो गई। अब उसी प्रकार की सामाजिक क्रांति के लिए कांग्रेस का कायम रहना जरूरी है। परंतु इसीको यदि क्रांति कहें, तो सुधार किसे कहेंगे ? जिसमें बातचीत और सुलह-समझौते से काम लिया

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जाए उसे सुधार कहते हैं, न कि क्रांति। हम इसे शांतिपूर्ण क्रांति तो तब कहते, जब अँगरेज लोग यकायक इस मुल्क को छोड़के भाग जाते और हमारे नेता आकर उनकी जगह बैठते तथा काम सँभालते। सौदा करने की जब हिम्मत भी अँगरेजों को न होती और जान लेकर भाग जाते, तो क्रांति की बात कही जा सकती थी। अँगरेजों का होश-हवास दुरुस्त न रहता और चुपचाप भाग जाने के अलावे उनके पास रास्ता रही न जाता, तो कहने का मौका आता कि शांतिपूर्ण क्रांति हो गई। मगर यहाँ तो उल्टी बात है। वे मौजूद हैं और दो बिल्लियों के बीच बंदर-बाँट कर रहे हैं! फिर भी यह क्रांति है? तब सुधार क्या होगा? याकि दोनों एक ही हैं? यों तो हरेक के पास दिमाग है, हाथ है और कागज, कलम, दावात भी हैं। फिर जो चाहे कह दे, लिख दे और दो-दो को मिलाकर पाँच कह दे। उसे कौन रोके? क्रांति तो एक को हटा या मिटाकर सुनसान (Vacuum) छोड़ जाती है, जिसमें दूसरे आकर बैठते हैं। उसमें हटने-मिटनेवाले अपने विरोधियों को हाथ पकड़कर बैठाते नहीं। क्रांति के भय से ही तो लड़ने का रास्ता छोड़ा गया। फिर भी उसीका नाम!

उसी क्रांति से बचने के लिए किसान-मजदूर राज्य या साम्यवाद के नाम से भी इन लीडरों को बुखार चढ़ जाता था और बहाने करते थे कि मुल्क में वर्ग-विद्वेष पैदा हो जाएगा। तो क्या अब वह विद्वेष न पैदा होगा? और, क्या सचमुच भारत के जमींदार-मालदार इतने भोलेभाले और भले हैं कि उन्हें अपने वर्ग-स्वार्थ का ज्ञान अबतक था ही नहीं? गांधी टोपी, गाढ़ी खादी को पहनकर और जेल के भीतर कांग्रेस के नाम पर रहकर भी इन जमींदार-मालदारों ने किसानों और मजदूरों के खून पीने में जरा भी हिचक कभी नहीं दिखाई है। उन्हींके वोट से असेम्बलियों में जाकर भी उनका गला कुंद छुरी से पहले भी काटा है, आज भी काट रहे हैं। अपना वर्ग-स्वार्थ वे बखूबी समझते और तदनुसार ही मुस्तैदी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gran

से अमल करते हैं। यह उनका सनातन धर्म है। फिर भी किसानों को जानबूझकर उसी वर्ग-स्वार्थ की जानकारी जिन लीडरों ने आज तक न होने दी, वही जब शांतिपूर्ण क्रांति एवं सत्ता सौंपने की बात बोलते हैं, तो खून में आग लग जाती है। यदि हमारे लीडर शुरू से ही श्रमजीवी किसानों और मजदूरों को वर्ग-स्वार्थ की जानकारी कराते रहते, तो सचमुच ही आज क्रांति हो गई होती, फिर चाहे वह शांतिपूर्ण ही क्यों न होती, और अँगरेजों के दुम दबाकर भाग जाने पर उनकी जगह जमींदार-मालदारों की हिम्मत ही न होती कि बैठें। उनके बिठाने के लिए ही तो यह सारा पँवारा रचा गया। तब क्रांति की क्या बात? क्रांति तो सामुद्रिक तूफान की लहर है, जो अपने सामने किसी भी मंदिर, मस्जिद, महल, मकान, जंगल, पहाड़ को नहीं छोड़ती और सबोंको धो बहाती है। सभी भले-बुरे को, जो सीना ताने खड़ा हो, मिटा देती है।

कांग्रेस एक पार्टी है

कहा जाता है कि अब कांग्रेस को एक राजनीतिक पार्टी के रूप में ही रहना है। उसके भीतर अब विरोधी दलों की गुंजायश नहीं रही। इतना ही नहीं, कांग्रेस की ओर से ही अब किसान-सभा, मजदूर सभा आदि वर्ग-संस्थाओं का भी संगठन होगा! यह कथन उसके प्रधान मंत्री श्री शंकरराव देव का है। जहाँ महात्मा गांधी ने अभी-अभी स्पष्ट ही कहा है कि कांग्रेस यदि पार्टी बनेगी, तो आत्महत्या कर लेगी, तहाँ उसके मंत्री का ऐसा फर्माना है। यह भी विचित्र बात है। क्योंकि गांधीजी और उनके सिद्धांत की दोहाई देकर ही कांग्रेस को जिंदा रखने की कोशिश की जाती है। दर असल पहले भी कांग्रेस एक पार्टी ही रही है। मगर खुलके नहीं, छिपे रुस्तम। तब इसीकी जरूरत थी। पार्टी कहनेसे किसान-मजदूर भड़क जाते और अगर वे आते, तो अमीर भाग जाते। लड़ने-मरने का काम तो गरीब ही करते हैं। इसलिए उन्हें कांग्रेस में रखना जरूरी था। मगर मालदारों को भी रखना था।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आखिर १५ अगस्त का स्वराज्य कौन लेता ; यदि अमीर न रहते ? श्रीयुत देव भी तो मानते ही हैं कि यह अमीरों का ही स्वराज्य है। तभी तो गरीबों को अभी स्वराज्य दिलाना बाकी ही है।

बेशक पहले उसपर नकाब थी, जो अब उतार फेंकी जा रही है। फिर भी कहा जा रहा है कि किसानों और मजदूरों का संगठन कांग्रेस की ओर से ही किया जाएगा। क्यों साहब, कांग्रेस की ओर से क्यों ? स्वतंत्र क्यों नहीं ? श्री देव कहते हैं कि, "कांग्रेस में इंडियन नैशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस, किसान कांग्रेस वा इसी तरह की कांग्रेस के द्वारा पुनरपि संगठित वर्गसंस्थाओं के प्रतिनिधि भी लिए जाएँगे, ताकि वह जन-समूह की संस्था रहे।" इसका सीधा अर्थ यही है कि नैशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस और किसान कांग्रेस राष्ट्रीय कांग्रेस की मातहती में हैं—कांग्रेस के द्वारा संगठित हैं, और अगर कदाचित् वह कांग्रेस की मातहती से इनकार करें, तो कांग्रेस द्वारा वैसी दूसरी संस्थाएँ बनाई जा सकती हैं। मगर हाल में ही श्री गुलजारी लालजी नंदा ने इसकी सफाई देते हुए जो पुस्तिका 'आक्षेपों का उत्तर' (Criticisms Answered) छपी है, उसके चौथे पृष्ठ में लिखा है कि "नई नैशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस राष्ट्रीय कांग्रेस या किसी भी राजनीतिक संस्था से स्वतंत्र है और रहेगी और उसकी स्वतंत्र हस्ती में कोई फर्क न होगा, वह कांग्रेस का पुछल्ला न बनेगी"—"the new organisation is and will remain independent of the Congress or any other political body ···does not affect the independent status of the organisation or make it an appendage of the National Congress". अब प्रश्न होता है कि दोनों परस्पर विरोधी बातें कैसे होंगी ? कांग्रेस के द्वारा संगठित होने पर उसका पुछल्ला बनना ही होगा। तभी श्री देव का कहना संगत होगा कि 'And in order to keep its mass basis it should include representatives of functional

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

organisations such as I. N. T. U. C. or Kis Congress or such other organisations re-organise by the Congress for the purpose'. या कि श्रीयुत दे कांग्रेस की ओर से 'कुछ दूसरी ही और नई वर्ग-संस्थाएँ ख करेंगे और उस काम के लिए नए वर्ग भी ढूँढ़ निकालेंगे?

और, अगर वर्ग-संस्थाओं का स्वतंत्र संगठन करना ही है, पहले से संगठितों को ही प्रतिनिधित्व क्यों नहीं दिया जाता अब आप ऐसा करने चले हैं। लेकिन अब तक कौन-सी बाधा थी यदि पहले से ही यह काम करते रहते, तो क्या आसमान टू पड़ता? यदि वर्ग-युद्ध का खतरा था, तो अब भी है और आ उससे भड़कते हैं। जो लोग अब तक वर्ग-संस्थाओं को फूटी आंखे भी नहीं देख सकते थे, वही अब उनका संगठन करेंगे, यह निराली बात है। सचमुच संसार परिवर्त्तनशील है या कि केव धोखे की टट्टी खड़ी की जायगी? हम श्रीयुत देव से करबद्ध प्रार्थ करेंगे कि यदि हमें वह अपनी किसान संस्था के संगठन का इंचा किसी भी शर्त्त पर बना दें, तो हम उसके लिए तैयार हैं। केव हम एक ही आजादी चाहते हैं और वह यह कि कांग्रेसी जमींदा की जमींदारियों में जाकर किसान-संगठन करने में कोई रुकावट हो। तब उन्हें और दुनिया को पता चल जायगा कि कांग्रेस की ओर से किसानों का संगठन किस प्रकार किया जा सकता है।

मुल्क और कांग्रेस मालदारों के हाथ में

कांग्रेस के कर्णधारों की जो बातें अबतक कही गई हैं, उन स्पष्ट है कि कांग्रेस को वे भी मालदारों की संस्था मानते हैं, यद्य स्पष्टतः इसे स्वीकार नहीं करते। उसके प्रधान मंत्री का कहना है अनेक दलों के बनने से कांग्रेस की ताकत घटेगी। नतीजा यह हो कि स्थायी स्वार्थवाले (पूँजीवादी) अपनी संगठित शक्ति को मजबू बना लेंगे—'The vested interests will organise an consolidate their position'। लेकिन स्वतंत्र भारतीय सर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

के रेलवे विभाग के मंत्री डा० जौन मथाई ने इसी अगस्त की ८ वीं तारीख को दिल्ली के रोटरी क्लब में जो भाषण दिया, उसे सही मानें या श्री देव की बात को ? वे तो कहते हैं कि 'गत डेढ़ सौ साल के राष्ट्रीय आंदोलनों की प्रगति का दारमदार उस देश के स्थायी स्वार्थ वालों के प्रभाव, साहाय्य और साधन-सामग्री पर ही रहता है। ये स्थायी स्वार्थ वाले इसे एक प्रकार का व्यापार या पूँजी लगाना ही मानते हैं और आंदोलन के दौरान में भी स्वदेशी आदि के प्रचार से लाभ उठाते हैं। लेकिन याद रखने की बात है कि जब इस तरह इनके ऊपर निर्भर रहने से उस आंदोलन को सफलता मिलती और देश आजाद होता हैं, तो मुल्क उनके चंगुल में पहले से भी ज्यादा फँस जाता हैं। भारत की यही दशा कुछ हद तक आज है। आजादी के कुछ मानी नहीं हैं, यदि स्थिर स्वार्थ वालों का यह चंगुल कम-से कम ढीला नहीं हो जाता, अगर खत्म न भी हो सके। इसके लिए लंबी मुद्दत तक सख्त और भारी लड़ाई लड़नी होगी। विदेशी सत्ता खत्म हो जाने पर भी राष्ट्रीयता की नकाब के भीतर जो स्वार्थपरायणता है, वह ठोस और निर्दय वस्तु है' —'If we examine the progress of national movements in any country since the beginning of the 19th century, you will find that a national movement, while it is in progress, is almost inspite of itself, made to depend on the influence, support and resources which it gets from the vested interests of the country.

It is a very good investment for those large organised vested interests, nationalism invariably has an economic side to it and, while being engaged in a national movement, it is possible for vested interests to secure a certain amount of shelter from the competition that comes from foreign interests.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

But the point to remember is that when you have established your national movement, when you have been able to achieve success as a result of being dependent to a large extent upon the support of vested interests, when you have achieved that victory, when you have come to the end of the struggle, you find you are more than ever in the grip of those vested interests on whom you had depended during the period of your struggle. That to my mind, to some extent, is the stage that we have reached in India today and I think the main part of the task that remains before us today. If freedom is to find full expression, we should carry our fight forward that the grip that vested interests have been able to establish over our people is loosened if not eliminated. That is going to be a long, hard and strenuous fight.

Although the foreign domination had disappeared or had almost entirely disappeared, the kind of selfishness that lay behind nationalism was a hard and cruel one'

डा० मथाई ने जो कुछ कहा है, वह ठोस स्थिति का विश्लेषण-मात्र है। वह कोई अपनी निजी बात नहीं कहते हैं। उनने तो इतिहास के अनुभव को संक्षेप में बतला दिया है। उनके शब्दों में न सिर्फ कांग्रेस, प्रत्युत सारा मुल्क आज भारतीय मालदारों के चंगुल में है और जब इस चंगुल को ढीला करने की लड़ाई लंबी, सख्त और थका देनेवाली होगी, ऐसा वे खुद मानते हैं, तो फिर इस चंगुल को खत्म कर देने के लिए लड़ी जानेवाली लड़ाई कितनी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भयंकर और खूनी होगी, कौन बताएगा ? राष्ट्रीयता के पीछे कितना नीच स्वार्थ और कितनी हृदयहीनता है ! फिर भी, इसी राष्ट्रीयता और इसी कांग्रेस के बल पर हमारे पुराने लीडर जनता को देश की सत्ता सौंपने के सुखद स्वप्न देख रहे हैं ! मालदारों के हथकंडे के नीचे फली-फूली एवं तगड़ी बनी कांग्रेस उनके हाथ से कैसे निकलेगी ? यह तो असंभव है। चाहे चवनियाँ मेंबरी रखिए या खत्म कीजिए, चाहे हजार उपाय कीजिए। मगर उनका हथकंडा हटने के बजाय दिनोंदिन मजबूत होगा।

खूबी तो यह है कि इसी कांग्रेस के द्वारा अब वर्ग-संगठनों का पँवारा खड़ा किया जाएगा, धोके की टट्टी खड़ी की जाएगी। जमींदारों और मालदारों के पैसे से पालतू बहाल होंगे और किसान सभा एवं मजदूर सभा के नाम पर नकली संस्थाएँ खड़ी की जाएँगी। किसान सभा के नए स्वयंभू नेता मालदार-जमींदारों की मोटरों पर चढ़कर उनके पैसे के ही बल पर बुलाई गई किसान मीटिंगों में लेक्चर तो देंगे खासा, किसानों के लिए गला फाड़ेंगे और आँसू भी बहाएँगे; मगर काम करेंगे पैसा देनेवाले प्रभुओं का ही। यह एक भयंकर जाल तैयार होगा, बड़ा खतरा खड़ा होगा। पहले कांग्रेस की शुद्धि हो लेती और उसके ऊपर से मालदार जमींदारों का भूत उतर जाता, तो शायद किसान-मजदूर-संगठन कामलायक बन सकते। मगर यह भूत तो तभी उतरेगा, जब वर्ग-संस्थाओं का प्रतिनिधित्व कांग्रेस में हो, जब किसान सभा और मजदूर सभा के प्रतिनिधि कांग्रेस में स्वतंत्र रूप से लिए जाएँ और जब उसकी चवनियाँ मेंबरी हटाकर काम करनेवाले किसानों और मजदूरों के बालिग मताधिकार के आधार पर ही कांग्रेस के प्रतिनिधि चुने जाएँ। मगर श्रीयुत देव तो इसी से घबराते हैं। वे तो घोड़ के आगे गाड़ी खड़ी करके उसे खिंचवाना चाहते हैं ! उनकी 'जन-तांत्रिक समाजवाद' की आवाज, उसका नारा उनका अपना नहीं है। यह तो उन्हीं मालदारों की आवाज है, जिनका चंगुल कांग्रेस पर कसके जमा है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

अब यह राष्ट्रीयता कैसी ?

राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपना काम कर दिया। फलतः उसे निर्वाण-मुक्ति का पूरा हक है। फिर भी, हमारे नेता उसे बरकरार रखना चाहते हैं। मगर इसमें कई अड़चनें हैं, कई खतरे हैं। ब्रिटिश शासन के विरुद्ध लड़ने में, गुलामी को उखाड़ फेंकने की बगावत में राष्ट्रीयता अनिवार्य रूप से अपेक्षित थी। सारे राष्ट्र को एक साथ मिलकर लड़ना जो था। समूचे राष्ट्र को गुलामी की कोढ़ मिटानी जो थी। आजाद सभी होना चाहते थे, चाहे सभी वर्गों के अपने-अपने दृष्टिकोण इस मामले में अलग भले ही थे। आजादी का खयाल हरएक वर्ग का जुदा-जुदा था कि वह कैसी होगी और उसमें हमारे हक क्या होंगे। मगर गुलामी के खिलाफ लड़ना सभी चाहते थे, सबों को मिलकर लड़ने की जरूरत थी। इसलिए राष्ट्रीयता का भूत सबों पर सवार होना अनिवार्य था। परस्पर विरोधी वर्गों का कंधे-से-कंधा भिड़ाकर लड़ना दूसरे रूप में असंभव था। दूसरी शक्ति इन्हें मिला नहीं सकती थी, एक सूत्र में बाँध नहीं सकती थी।

जहाँ इस राष्ट्रीयता से यह फायदा था, तहाँ हानि भी कम न थी। किसान-जमींदार आदि परस्पर विरोधी वर्गों के स्वार्थ-विरोध की स्पष्टता नहीं हो पाती थी। वह विरोध धूमिल और कमजोर नजर आता था। कभी-कभी तो वह लापता-सा हो जाता था। उसपर एक गहरा पर्दा पड़ जाता था। चूहे और बिल्ली में या बाघ और बकरी में जो वर्ग-द्वेष है, जो स्पष्ट विरोध है, वह सदा स्पष्ट रहता है। कभी धूमिल या अस्पष्ट नहीं होता। मगर ऐसी हालत यहाँ नहीं होती। बाघ कितनी ही कंठी-माला पहने, टीका-चंदन लगाए, ध्यान धरे और खादी पहने, फिर भी बकरी उसपर विश्वास नहीं करती। उसके निकट नहीं जाती। लेकिन खादीधारी एवं जेलयात्री जमींदारों पर किसान का विश्वास हो जाता है कि वह उसकी भलाई करेंगे यह ठोस बात है और इसका एक बड़ा कारण राष्ट्रीयता है। बाघ और बकरी एक साथ मिलकर किसीसे लड़ते नहीं।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एक सभा में बैठकर प्रस्ताव भी नहीं करते और न लेक्चर देते हैं। मगर कांग्रेस में ये बातें होती हैं। वहाँ जाकर किसान और जमींदार दोनों ही ये बातें करते हैं और यह होता है राष्ट्रीयता के करते। जबतक यह रहती है, वर्ग - विद्वेष और वर्ग-संघर्ष के आधार पर बने आर्थिक प्रोग्राम चलने नहीं पाते। उनमें बाधा पड़ती है। आजादी की लड़ाई छिड़ी कि किसान-जमींदार के बीच चलनेवाला बकाश्त-संघर्ष खत्म हुआ, बंद हुआ। उसे बंद करना ही पड़ता था। इसीलिए विवेकी जन सदा कहते आए हैं कि आर्थिक दृष्टि से होने वाली मोर्चेबंदी के लिए यह राष्ट्रीयता महान् अभिशाप है। फलत: आजादी प्राप्त करके इस राष्ट्रीयता को मार डालने में ही, खत्म करने में ही शोषित-पीड़ित जनता का त्राण है, उद्धार है, कल्याण है।

लेकिन राष्ट्रीय नेता उसी राष्ट्रीयता को कायम रखने में आकाश-पाताल एक कर रहे हैं! इस 'मौर्फिया' को, मोहक मंत्र और जादू को बनाए रखने की कोशिशें भरपूर हो रही हैं। एक ओर डाक्टर मथाई इस राष्ट्रीयता के सूत्र में लोगों को बाँधे रखकर ही लोगों की गरीबी, बीमारी आदि के विरुद्ध जेहाद बोलना चाहते हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस के प्रधान मंत्री राष्ट्रीय कांग्रेस के अभाव में अराजकता, अंधेरखाता और विश्रृंखलता का भूत देखते हुए इसी राष्ट्रीयता की शरण लेना और इसे दीर्घ जीवन-दान देना चाहते हैं, जिला रखना चाहते हैं।

मगर जब राष्ट्र के भीतर ही शोषकों के विरुद्ध शोषितों को युद्ध-घोषणा करके खून की नदी पार करनी है, तो यहाँ राष्ट्रीयता का अवसर कहाँ? उसकी गुंजायश कहाँ है? राष्ट्र के भीतर तो शोषक एवं शोषित दोनों ही आ जाते हैं। ऐसी हालत में आमने-सामने लड़नेवाली सेना का वर्गीकरण राष्ट्रीयता के आधार पर कैसे होगा? राष्ट्रीय कांग्रेस शोषकों की न होकर केवल शोषितों की कैसे होगी? शोषकों की जो छाप कांग्रेस पर लगी है। वह उतरेगी कैसे? मिटेगी कैसे? या कि राष्ट्रीय कांग्रेस के लिए जो जनसाधारण के दिलों में

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

सत्कार-सम्मान है, उससे अनुचित लाभ उठाने की तैयारी मात्र यह है ? लोगों को फांसकर और बड़ी-बड़ी आशाएँ दिलाकर कांग्रेस के साथ रखने की कोशिश के अलावे :यह और कुछ नहीं है। उचित तो था कि सरकार के समर्थकों की एक नई पार्टी बनती। या यों कहिए कि मालदारों की पार्टी बनती और अपना आर्थिक या समाज-सुधार का कार्यक्रम लोगों के सामने रखती, जिसके आधार पर इसकी परीक्षा जनता करती। मगर ऐसा होने से जनता के भड़क जाने का भारी खतरा है। इसीलिए कांग्रेस को ही जिला रखने का भगीरथ प्रयत्न हो रहा है। किसान की भाषा में कह सकते हैं कि जो कांग्रेस आजतक तगड़े बैल के रूप में मौजूद थी, ऐसे बैल के रूप में, जिससे हल खींचने, गाड़ी चलाने और बोझा ढोने का काम लिया जा सकता था—उसे ही आज नांदिया या बसहा बैल के रूप में, रखने की कोशिश हो रही है और होगी। पहला काम तो इसके लिए असंभव है। अब तो यही कहा जाएगा कि यह मान्य है, पूज्य है; इसके सामने सर झुकाओ और इसे कुछ दो—वोट दो, चंदा दो। कांग्रेस के नाम पर चुनावों में वोट माँगना और समय-समय पर चंदे माँगना यही दो काम इसका रह जाएगा। लड़ने या और कोई ठोस काम तो इससे अब किसान-मजदूर आदि ले न सकेंगे। यह बात असंभव है।

कांग्रेस को खत्म होना चाहिए

कुछ समय पूर्व—राष्ट्रपति के आसन पर आसीन होने के पहले—आचार्य कृपलानी ने एक लेखमाला तैयार की थी, जो अँगरेजी अखबारों में छपी थी और जिसके अनुवाद भी छपे थे। अगर मेरी समझ मुझे धोखा नहीं दे रही है, तो उनने स्वीकार किया था कि आजादी मिलने के बाद कांग्रेस की जरूरत न रहेगी। मगर आज तो वह भी यह बात शायद नहीं मानते और उसे कायम रखना चाहते हैं। उनने तो यह भी माना था कि कांग्रेस के द्वारा समाजवाद की स्थापना नहीं की जा सकती। यह हैं उनके शब्द, 'For all

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

these reasons the congress cannot be an organisation for the establishment of socialism, not at least till Purna Swaraj is attained. And afterwords the Congress as Congress that is as an organisation that works and fights for Indian national independence ceases to exist. The old name may be appropriated by a reforming or reactonary or neutral group, but, it will not be the congress whose goal is complete independence of India or Purna Swaraj, for the simplereason that that has been achieved already'

इसका आशय यह है कि 'इन्हीं कारणों से समाजवाद की स्थापना करनेवाली संस्था कांग्रेस नहीं हो सकती, कम-से-कम पूर्ण स्वराज्य की स्थापना तक तो यह नहीं ही हो सकती। और, उसके बाद तो यह कांग्रेस कांग्रेस के रूप में या यों कहिए कि उस संस्था के रूप में, जो भारत की राष्ट्रीय आजादी के लिए लड़ती है, रही न जाएगी, खत्म हो जाएगी। कोई सुधारवादी, प्रतिक्रियावादी या उदासीन दल कांग्रेस के इस नाम का उपयोग भले ही कर ले। लेकिन यह वह कांग्रेस हर्गिज न होगी, जिसका लक्ष्य है भारत की पूर्ण स्वतंत्रता या पूर्ण स्वराज्य और इसका सीधा कारण यही है कि वह लक्ष्य तो हासिल होई गया है।'

यहाँ आचार्य कृपलानी तीन बातें कहते हैं। पहली यह कि कांग्रेस के जरिए समाजवाद की स्थापना नहीं हो सकती; कम-से-कम पूर्ण स्वराज्य की प्राप्ति तक तो नहीं ही। दूसरी यह कि उसके बाद कांग्रेस रही न जाएगी, खत्म हो जाएगी। तीसरी यह कि केवल सुधारवादी या प्रतिक्रियावादी ही दल कांग्रेस के नाम का उपयोग पूर्ण स्वराज्य-प्राप्ति के बाद भी करना चाहेंगे, न कि क्रांतिकारी। इनमें पहली बात में जो अंत में यह पंख लगा दिया है कि कम-से-कम स्वराज्य-प्राप्ति तक तो नहीं ही, वह उनका निजी मत नहीं है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

क्योंकि उसके बाद तो वह कांग्रेस की निर्वाणमुक्ति या उसका खात्मा मानते हैं। फलतः वह कहना केवल उन लोगों की दृष्टि से है, जो कांग्रेस को बाद में भी ठीक उसी तरह घसीटे फिरना या उससे चिपके रहना चाहते हैं, जैसे बंदरिया अपने मरे बच्चे के साथ चिपकी रहती है और उसे छोड़ती नहीं।

अब हमारा सीधा सवाल उन लोगों से है जो कांग्रेस के द्वारा ही जनतांत्रिक समाजवाद की स्थापना चाहते हैं, कि पूर्ण स्वराज्य गत १५ अगस्त को मिला या नहीं? यदि मिल गया, तो अपनी लक्ष्य-सिद्धि के बाद कांग्रेस खत्म हो गई, मुक्त हो गई, जैसा कि राष्ट्रपति ने खुद माना है। और, अगर वह नहीं मिला और उसकी स्थापना अभी बाकी ही है तो, उन्हीं के शब्दों में समाजवाद की स्थापना कांग्रेस के द्वारा तब तक नहीं हो सकती जबतक पूर्ण स्वराज्य स्थापित न हो ले। फलतः समाजवाद के रूप में कांग्रेस के लक्ष्य को बदलकर जो उसे आगे भी घसीटना और साथ ही क्रांतिकारी कहलाना चाहते हैं ऐसे लोग अपने भीतर ही पहले खुद तो निपट लें। यदि उसके प्रधान मंत्री श्री शंकरराव जी ऐसा चाहते हैं, तो राष्ट्रपति साफ कहते हैं कि नहीं-नहीं, यह तो असंभव है। आजादी मिलने के बाद तो कांग्रेस प्रतिगामी, प्रतिक्रियावादी और दकियानूसों की ही जमात हो सकती है, न कि क्रांतिकारियों की। यह तो केवल एक ही काम में क्रांतिकारी रह सकती है, क्रांतिकारियों की जमात रह सकती है, और वह है राष्ट्रीय आजादी की लड़ाई, जिसमें सारा राष्ट्र लड़ता है। यही बात राष्ट्रपति उसी लेख में यों कहते हैं, 'It can afford revolutionary action only on one front and that is the notional front.'

जो लोग अब कांग्रेस के द्वारा ही समाजवाद की स्थापना का सब्ज बाग दिखाकर जनता को फाँसना चाहते हैं, उन्हें आचार्य कृपलानी की स्पष्टोक्तियों को गौर से विचारना और अपना विचार बदलना उचित है। यदि वे कोई और ही कांग्रेस बनाकर उसके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जरिए यह काम करना चाहें, तो बात दूसरी है। मगर गत ६२ साल से जिस कांग्रेस ने आजादी का संघर्ष चलाया है, यदि उसीसे उनका मतलब है, तो वे भूलते हैं, बेअदबी माफ हो। घरेलू मामले में उसने निरंतर वर्ग-सामंजस्य का पाठ पढ़ा है और सदा सुधारवादी रही है। वही अब बुढ़ापे में वर्ग विद्वेष और क्रांति का पाठ इसी मामले में पढ़ेगी, यह असम्भव है। बूढ़े तोते को रामनाम नहीं पढ़ाया जा सकता।

अच्छा, तो अब उसी लेखमाला में से कृपलानीजी के कुछ वचनों को सुनें। ये वचन यद्यपि उस बड़े लेख में जगह-जगह से लिये गए हैं, फिर भी इनका आशय गड़बड़ होने नहीं पाया है। वे यों हैं, "The national movement must ever be anxious to eliminate internal conflicts and achieve unity of purpose. A national movement has, therefore, to strike a middle path. In removing internal injustices, whatever its theoretical beliefs and predilections, it must content itself with reformatory activity. Again, the origin and evolution of the Congress precludes it from being a purely class organisation. Socialism is based upon class antagonism, if not class hatred and class war. A national organisation is fundamentally based upon class collaboration. An organisation working for the establishment of socialism cannot include as its members zamindars, capitalists and what are generally called bourgeois classes. In the present context an organisation for the establishment of socialism can only be a sectional organisation."

अभिप्राय यह है कि राष्ट्रीय आंदोलन सदा फिक्रमंद रहता है

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

कि देश के भीतर संघर्ष होने न पाए और सभी लोगोंकी दृष्टि एक ही चीज (आजादी) पर हो। इसीलिए उसे मध्यमार्ग या वर्ग-समन्वय का रास्ता अपनाना होता है। चाहे उसके सैद्धांतिक विचार और झुकाव कुछ भी क्यों न हों, फिर भी मुल्क के भीतरी संघर्षों को मिटाने के लिए उसे सुधारवादी मार्ग का ही अनुसरण करना पड़ता है। कांग्रेस की उत्पत्ति तथा विकास भी इसे किसी वर्ग-विशेष की संस्था होने में बाधक हैं। समाजवाद का आधार यदि वर्ग-युद्ध एवं वर्गों की पारस्परिक घृणा न भी हो, तो उनके स्वार्थों का परस्पर विरोध तो उसका आधार हई। राष्ट्रीय संस्था का आधार बुनियादी तौर पर वर्गों का पारस्परिक सामंजस्य ही है। समाजवाद की स्थापना के लिए प्रयत्नशील संस्था जमींदारों, पूँजीवादियों और आम तौर से 'बुर्जुवा' नामधारियों को अपने मेंबर नहीं बना सकती। वर्त्तमान दशा में समाजवाद की स्थापना के लिए उद्योगशील संस्था राष्ट्रीय न होकर सिर्फ वर्गविशेष की ही हो सकती है।'

जो लोग सचमुच विश्वास रखते हैं कि राष्ट्रीय कांग्रेस को क्रांतिकारी जमात और समाजवाद की स्थापना का यंत्र बना लिया जा सकता है, उनके लिए भी ऊपर लिखे वचनों में काफी मसाला है, जिससे वे अपनी भूल सुधार सकते हैं। आजादी मिलने के बाद राष्ट्रीय संस्था प्रतिगामी बन जाती है, ऐसा मानने के लिए बुनियादी बातें ऊपर लिखी गई हैं। एक तो कांग्रेस का जन्मजात आधार ही इस बात का विरोधी है। दूसरे यह कि बराबर ६० वर्षों तक वही कायम रहके अभ्यस्त हो गया है, उसके रग-रग में प्रविष्ट कर गया है। फलतः वह बदला नहीं जा सकता। जो लोग उसे बदलने का यत्न करेंगे वे खुद बदल दिए जाएँगे, अब ऐसी ताकत उसमें आ गई है। इसलिए 'तजहु आस निज-निज गृह जाहू'। यह तो दर्या की धारा है, जिसके अनुकूल ही बवंडर भी बह रहा है। फिर भी उसके प्रतिकूल जाने का यत्न अपने आपको डुबाने के लिए दुस्साहस मात्र है। इतना ही नहीं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जनसाधारण में ऐसा विश्वास पैदा करके उनके लिए इस प्रकार भविष्य में भारी खतरा भी खड़ा कर दिया जाएगा, जिसमें वे आसानी से जा फँसेंगे। लगातार एक बड़ी मुद्दत तक कांग्रेस को मानने-जानने का जादू तो जनसाधारण पर चढ़ा ही है। उन्हें विश्वास भी है कि अब उनके ही हाथ में सत्ता आ जायगी। जनता भोली-भाली होती जो है। हमारा तो फर्ज है कि उस जनता के ऊपर से यह जादू हटाएँ और बताएँ कि यह विश्वास निराधार है, धोका है, खतरनाक है। न कि उसे और भी मजबूत कर दें और इस प्रकार नया जादू चढ़ने का मौका दें। आज हमारी ताकत इस वस्तुस्थिति के स्पष्टीकरण और नवीन मार्ग के निर्धारण में लगनी चाहिए, न कि इस भूलभुलैया को कायम रखने एवं स्थायी बनाने में। यह तो जनता के प्रति—किसानों एवं मजदूरों के प्रति—भारी विश्वासघात होगा, उन्हें ले डूबने की तैयारी होगी। इससे प्रतिगामियों को बड़ी ताकत मिलेगी।

लक्ष्य सिद्धि अपूर्ण या पूर्ण ?

कांग्रेस को कायम रखने के पक्षपाती कहते हैं कि उसका लक्ष्य पूर्ण स्वराज्य अभी कहाँ स्थापित हुआ ? अभी तो सिर्फ गुलामी हटी है। असली स्वराज्य तो लाना बाकी ही है। कांग्रेस की लड़ाई के लक्ष्य के दो पहलू थे—गुलामी हटाना और जनता के हाथ में सत्ता सौंपना। इनमें एक पूरा हुआ। दूसरा तो बाकी ही है। फलतः उसके लिए कांग्रेस का रहना जरूरी है। उनका यह भी कथन है कि भारत दो भागों में विभक्त हो गया है, गो आजाद हुआ है। परंतु हमारा लक्ष्य तो अखंड भारत (United India) था। फलतः उसे प्राप्त करने के लिए भी कांग्रेस का रहना जरूरी है।

लेकिन इसका उत्तर एक प्रकार से पहले ही दे चुके हैं। १५ अगस्त को केवल गुलामी ही हटी थी, या सत्ता भी सौंपी गई थी ? सौंपी तो गई थी जरूर। हथियाई गई थी जरूर। तो फिर जनता को ही क्यों न अवसर दिया गया कि वही वह सत्ता हथिया ले ?

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

इसमें बाधा क्या थी ? और अगर कोई बाधा थी तो वह आपही लोगों की—नेताओं की—ही पैदा की हुई थी न ? दूसरे तो थे नहीं, आपही ने जनता को आगे आने से रोका। आपही ने अप्रत्यक्ष चुनाव के जरिए विधान-परिषद् बनाई-बनवाई, जिससे वास्तविक जनता कोसों दूर रहे, दूर है। फिर भी यदि नेता चाहते तो विधान-परिषद् के सदस्य टोपी-टोपवाले बाबू न चुने जाकर धोती-लंगोटीधारी किसान-मजदूर ही चुने जा सकते थे। ऐसा होना कोई कठिन बात न थी। मगर ऐसा होने न दिया गया जानबूझकर ही। बाबुओं को लीडर, मिनिस्टर, गवर्नर, दूत, एलची आदि खुद बनना जो था, अपने दोस्त-अहबाबों को बनाना जो था। नहीं तो कांग्रेस के भीतर ही बगावत जो हो जाती। क्या यह झूठ है ? क्या सभी लीडरों और उनके भाई-बंधुओं को अपनी शान और अपने स्वराज्य की धुन न थी ? क्या उनपर इसका भूत सवार न था ? फिर भी उन्हीं के बल पर ही, उन्हीं से बनी कांग्रेस के बल पर ही, उसी कांग्रेस के बल पर, जिसे जब चाहें ये बाबू लात मार दें, जनता को सत्ता सौंपने की बात क्या धोके से भरी नहीं है ? खतरनाक नहीं है ? क्या १५ अगस्त को जनता के हाथ में सत्ता सौंपने का मुहूर्त्त ही न था जो पीछे आएगा ? लंगोटी-धोतीधारियों को उस दिन गद्दीनशीन करके यदि ये नेता उनके सच्चे और ईमानदार सलाहकार बनने से ही संतुष्ट हो जाते तो सब कुछ ठीक हो जाता। और अगर ऐसा न किया तो आगे भी न करेंगे यह ध्रुव सत्य है। अपने तथा अपनों के स्वार्थ के लिए अब कांग्रेस को कीचड़ में घसीटना तथा उसे नाहक बदनाम करना अच्छा नहीं। उसने शान से अपना काम कर दिया। अब शान से ही उसे मर जाने दीजिए और साफ-साफ बाबुओं की एक अलग पार्टी बना लीजिए। यकीन रखिए, जनता उसके भावी कारनामों से ही उसे अपनी या पराए की मानेगी। जिन किसान-मजदूरों ने आपको तख्त पर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

बिठाया उन्हें आगे गुमराह करना उचित नहीं। यह तो बुरी एहसान-फरामोशी होगी।

अधूरे लक्ष्य की बात तो यों ही है। आजादी का अर्थ ही माना जाता रहा है विदेशी शासन से छुटकारा। दूसरा अर्थ उसका रहा है नहीं, यही ईमानदारी की बात है। जब-जब यत्न किया गया कि आजादी या स्वराज्य का विधानात्मक पहलू क्या है, उसे स्पष्ट कर देना चाहिए, तब-तब छाती पीटी गई और हाय-तोबा मची कि ऐसा करने से आजादी की लड़ाई कमजोर हो जाएगी। आज उसका अर्थ बताया जाता है जनता को सत्ता सौंपना, जबकि मालदारों के हाथ में सत्ता जा चुकी है। भारत के मालदार क्या गधे हैं कि यही बात बहुत पहले स्पष्ट कह देने से वे भड़क जाते? वे तो जानते ही थे कि सत्ता किसे मिलती है। अगर लीडरों की नीयत यही रहती कि सत्ता मालदारों को ही मिले, तो सिर्फ इतना कह देने से ही कि जनता को मिलेगी, भारतीय पूँजीपति कभी बुरा न मानते। वह तो ऐसा कहने को नेताओं की निरी चाल समझकर खामोश रह जाते। वे खूब जानते थे और जानते हैं कि कह देने मात्र से सत्ता नहीं मिलती। उसे अपनाने के लिए जनता को तैयार करना जरूरी है और वही बात नहीं की गई। जो जनता तैयार न हो, जिसे वर्गचेतनामूलक राजनीति का पूरा ज्ञान न हो, उससे तो सत्ता कभी भी छीनी जा सकती है। फलतः असल काम है तैयार करना और जनता को सत्ता देंगे ऐसा कहने पर उसी तैयारी की मजबूरी हमारे नेताओं को हो जाती। फलतः उनने कहना ही रोक दिया। न कह के भी वे तैयारी में लग सकते थे। कम-से-कम उनके रास्ते में बाधक न होते जो एतदर्थ जनता को तैयार कर रहे थे। मगर उनने कुछ न किया। प्रत्युत हजार बाधाएँ डालीं और आज मालदारों के हाथ में सत्ता एवं कांग्रेस दोनों ही को सौंपकर जनता को तैयार करने के मंसूबे बाँधे जाने लगे हैं—उसके सब्जबाग दिखाए जा रहे हैं! 'मसीहाई को

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

रख छोड़ें हमें बीमार रहने दें,' हमारा इतना ही निवेदन है। उनने सदा यही माना है कि कांग्रेस का काम है, उसका लक्ष्य है विदेशी शासन को खत्म कर देना। अबतक का लीडरों का रवैया, उनके लेख और भाषण और आचार्य कृपलानी की लेखमाला जिसका जिक्र पहले आया है इसी बात के पोषक हैं। कांग्रेस का लक्ष्य था केवल नकारात्मक, निषेधात्मक—गुलामी को खत्म करना और वह पूरा हो गया १५ अगस्त को ही। तब लक्ष्य के अपूर्ण रहने का क्या प्रश्न ?

रह गई संयुक्त या अखंड भारत की बात। सो तो अजीब है। जिन लोगों ने इस अंग-भंग की स्वयमेव अनुमति दी वही अब छाती पीटें और दोनों भागों को फिर से मिलाने के लिए कसमें खाएँ और मुहलत माँगें, तो कुछ जँचता नहीं। या कि उसपर मुहर केवल इसीलिए लगाई गई कि पीछे उसीके बहाने कांग्रेस और उसके द्वारा अपनी लीडरी बरकरार रखने का मौका मिलेगा ? यही अवसर माँगने के लिए ही तो ऐसा नहीं किया गया था ? इतिहास इस बात का साक्षी है कि किसी मुल्क के जो भाग राजनीतिक दाव-पेंच में पड़कर अलग हुए वह फिर नहीं मिलते, जबतक पूरा बलप्रयोग न किया जाए। जर्मनी के प्रशिया और रूमानिया के बेसराबिया का इतिहास बताता है कि बिस्मार्क या स्टालिन या ऐसे ही लोगों की आसुरी शक्ति ने फिर से बिछुड़ों को एकत्र किया। पोलैंड के कई भागों की भी यही बात है तथा दूसरे देशों की भी। आयर्लैंड का अल्स्टर आज २५ साल से बिछुड़ा ही है और बिना बलप्रयोग के मिस्टर डीवेलरा या कोई भी उसे मिला न सकेगा। तो क्या हमारे नेता ऐसा करने को तैयार हैं ? फिर गांधीजी का नाम कैसे लेंगे ? भारत के कटे अंग को जोड़ने की उनकी आशा चाहे पवित्र भले ही हो, मगर है वह दुराशामात्र। जिस कांग्रेस ने अलग होने की स्वीकृति दी, वही अब पुनरपि मिलन कराएगी, यह अक्ल के बा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

की बात है। यदि यही था तो स्वीकृति ही क्यों दी ? यदि लाचार होकर ही, तो वह लाचारी और बढ़ेगी या मिटेगी ?

कांग्रेस की सरकार मजबूत होगी

श्रीयुत देव कहते हैं कि 'भारतीय इतिहास के इस अत्यंत नाजुक वक्त पर इस मुल्क को एक ऐसी बड़ी राजनीतिक पार्टी की जरूरत है जो धीरे-धीरे शांतिपूर्ण सर्वांगीण राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक प्रगति कराने में समर्थ हो, जो इतनी विस्तृत हो कि एक जबर्दस्त सरकार को कायम रख सके और संगठन में ऐसी जबर्दस्त हो कि अपना असर जनता पर कायम रख सके, और यह काम सिर्फ कांग्रेस ही कर सकती है'—'Besides, at this critical period in her history India required for its gradual and orderly political, social and economic all round progress, one big political party, large enough to guarantee stable government, and strong enough organisationally to maintain its hold and influence over the people. The Congress alone could answer all the requirements.'

लेकिन सवाल यह है कि ये सब बातें इसीलिए जरूरी हैं कि किसान-मजदूरों के हाथ में सत्ता जाए और वे सुखी-सम्पन्न हों। तो क्या कांग्रेस यह कर सकेगी ? अभी-अभी तो बता चुके हैं कि उसके लिए यह असंभव है। अंग्रेजी शासन भी खूब संगठित और मजबूत था और ये सभी बातें अपने ढंग से करवा सकता था। मगर हमने उसे उठा फेंका। क्यों ? इसीलिए न, कि ये बातें हम अपने ढंग से करना चाहते थे, न कि शासकों के ढंग से ? ठीक वही बात फिर भी लागू है। किसान-मजदूरों के ढंग से और उनकी मर्जी के मुताबिक आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक प्रगति कराने में कांग्रेस असमर्थ है। फलतः मजबूत सरकार बनाने या शांतिपूर्ण प्रगति का प्रलोभन बेकार है। जो बात हम अंग्रेजों से कहते थे कि तुम्हारे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

शासन की अपेक्षा हम अराजकता को पसन्द करेंगे वही बात कांग्रेस लीडरों से भी क्यों न कहें जब कि हमारी आकांक्षाओं की पूर्ति कांग्रेस से संभव नहीं, जैसा कि बता चुके हैं ?

कांग्रेस बदल जायगी ?

कहा जाता है कि "कांग्रेस ने अपने जीवन के इतिहास में सिद्ध कर दिया है कि बदलते हुए समय की जरूरत के अनुसार ही वह अपना कायाकल्प कर लेती है, अपने को ढाल लेती है। उसके सामने एक ताजा ऐतिहासिक काम आया है जिसे उसे लगातार पूरा करना ही होगा बिना विराम के ही" "The Congress has proved its capacity to adapt itself to the needs of the changing times. A fresh historic task has to be taken up without any break in the continuity of the life of the Congress"

लेकिन यहाँ भी कांग्रेस के इतिहास का या तो केवल तोड़-मरोड़ किया गया है, या उसकी बुनियादी बातें समझने में भूल की गई है। दुनियां की हर चीजें और हर संस्थाएँ कमबेश बदलती और अपने को नए सांचे में ढालती भी हैं। मगर सबों की एक मर्यादा होती है जिसके आगे वे इस मामले में जा नहीं सकती हैं। कांग्रेस की भी यही बात है। वह इस नियम का अपवाद नहीं हो सकती। कह चुके हैं कि कांग्रेस केवल आजादी के संग्राम में ही क्रान्तिकारी बन सकती थी। मगर श्रीयुत देव देश के भीतरी काम, घरेलू काम में भी इसे क्रान्तिकारी रखना और उसका पुराना स्वभाव बदलना चाहते हैं जो असम्भव है। उनकी रचनात्मक क्रांति (Constructive revolution) केवल विदेशियों के हटाने में भले ही समर्थ हुई, वहीं उसकी गुंजायश रही हो। लेकिन मुल्क के भीतर आर्थिक या समाजिक मामलों में कांग्रेस के द्वारा वह असम्भव है। ऐसा करने पर वह राष्ट्रीय कांग्रेस रहेगी ही नहीं। लेकिन उनके जवाब में हम आचार्य कृपलानी जी की लेखमाला को ही उद्धृत कर देना उचित समझते

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

हैं। वह कहते हैं, "It is true that the Congress has changed its form and shape often enough. It changed them after the leadership of Gandhiji. But the changes brought about under his leadership were comparatively conservative and in keeping with its natural evolution and its traditions. Even the non-violence of Gandhiji was in keeping with the traditions of the Congress. From constitutional agitation to non-violent direct action was not a sudden revolution, but an evolutionary revolution that did not change the nature of the Congress as a national organisation. But supposing Gandhiji had changed the Congress to violent and military organisation, such a change would have been too-revolutionary for the very safety and existence of the Congress as an open mass organisation. It would not have been in keeping with its origin, history, tradition and direction of growth. In the language of religion this would not have been its *Swa-Dharma*, but *Para-Dharma*, in which it would have perished."

इसका भाव यह कि है कि "बेशक कांग्रेस ने अपना आकार-प्रकार अकसर बदला है। यह बात गांधीजी के नेतृत्व के समय भी हुई। लेकिन उनके नेतृत्व में इसमें जो भी परिवर्त्तन हुए वे अपेक्षाकृत पुराने ढर्रे के ही थे जो इसके स्वाभाविक विकास एवं परम्परा के अनुकूल ही थे। यहाँ तक कि गाँधीजी की अहिंसा भी उसकी प्राचीन परंपरा के अनुसार ही थी। वैधानिक आन्दोलन तो अहिंसात्मक ही होता है। उसे बदलकर अहिसात्मक सीधी लड़ाई के रूप में ला देना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

कोई यकायक क्रांति न होकर विकासात्मक क्रांति ही थी जिसने कांग्रेस के राष्ट्रीय संस्थात्मक रूप और स्वभाव को नहीं बदला। लेकिन यदि गांधीजी उसे हिंसात्मक फौजी संस्था बना देते तो यह बात कांग्रेस की प्रत्यक्ष जन-समूह की संस्था के रूप में होनेवाली सत्ता एवं उसकी रक्षा के लिये भयंकर क्रांतिकारी सिद्ध हो जाती। कांग्रेस की उत्पत्ति, इतिहास, परम्परा और विकास के विपरीत यह बात जा पड़ती। धार्मिक भाषा में यह स्वधर्म न होकर परधर्म हो जाता जिसके चलते वह खत्म हो जाती।" लेकिन श्रीयुत देव उसका स्वभाव ही बदल देना चाहते हैं। फिर भी इसे स्वाभाविक कहते हैं।

काँग्रेस का झंडा ही न रहा

और जब कांग्रेस का अपना झंडा भी जाता रहा, उसका त्याग कर दिया गया तो फिर वह जिन्दा रहेगी क्योंकर? उस पर से चर्खे का चिह्न हटकर चक्र का बन गया। कांग्रेसी झंडे के सामने मुस्लिम लीग वाले कभी न झुके। मगर इसके सामने झुके, इसका आदर किया। इस थोड़े से परिवर्तन के फलस्वरूप वह झंडा बदल गया। पाकिस्तान में भी लीगी झंडे में जरा-सा परिवर्त्तन करके एलान कर दिया गया कि यह सरकार का, राष्ट्र का झंडा है, न कि लीग का। वही बात यहाँ भी हो गई। यह सरकारी झंडा हो गया। कांग्रेस का निजी झंडा कोई न रहा। फिर श्रीयुत देव के शब्दों में सामाजिक क्रांति (Social revolution) वह किस झंडे के नीचे करेगी? क्या सरकारी झंडे के ही नीचे? तो क्या सरकार इसे होने देगी? क्या वह इसे बर्दाश्त भी कर सकती है? क्या भारत सरकार यह एलान करेगी कि वह जनतांत्रिक समाजवाद की स्थापना के लिये क्रांति करना चाहती है? और क्या कांग्रेस और सरकार एक ही है?

तब तो बला होगी और लोगों के गुस्से का ठिकाना न रहेगा। आज अन्न, वस्त्र, नमक, तेल, दवादारू, लोहालक्कड़ के ताले पड़े हैं और जनसाधारण की वेदना का अंत नहीं है। घूसखोरी और चोरबाजारी से नाकोदम है। पुलिस को मनमानी घरजा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

आसमान छू रही है ! खून-खराबी, लूट-पाट जारी हैं। तो क्या इन सभी बातों के लिए जनता अपना क्रोध कांग्रेस पर ही निकाले ? मगर उस दशा में कांग्रेस सामाजिक क्रांति करने के बजाय आत्म-हत्या कर लेगी, उसे मर जाना होगा, उसका साथ देने को कोई तैयार न होगा ! और अगर दोनों एक ही हैं तो कई प्रांतों में प्रधान मंत्रियों के साथ कांग्रेस के अध्यक्षों की तनातनी क्यों चलती है ? यदि प्रधान मंत्री झंडे की सलामी लेना चाहता है तो प्रांतीय कांग्रेस के सभापति क्यों बुरा मानते और खुद सलामी लेने को दौड़ पड़ते हैं ? इसी तरह की सैकड़ों बातें चिल्ला चिल्ला के बताती हैं कि कांग्रेस और सरकार दो संस्थाएँ हैं। इसीलिए कांग्रेस चाहती है, जैसा कि श्री देव कहते हैं, कि सरकार जो अपनी, किसान-मजदूरों की नहीं है उनकी बन जाय। मगर झंडे के अभाव में उनकी चाह केवल पवित्र इच्छा (pious wish) मात्र है। वह कुछ कर नहीं सकती।

आर्थिक राजनीति और राजनीतिक अर्थनीति

तो क्या इस दिमागी कसरत और माथापच्ची के फलस्वरूप दक्षिणपंथी नेता लोग कांग्रेस को बख्श देंगे और आर्थिक कार्य-क्रम के आधार पर कोई दूसरी पार्टी बनायेंगे ? आर्थिक कार्यक्रम से हमारा यह मतलब है कि उस दल का मुख्य कार्यक्रम आर्थिक एवं सामाजिक मसलों को लक्ष्य करके ही बना हो। कांग्रेस का प्रधान कार्यक्रम राष्ट्रीय रहा है और आर्थिक बातें गौण रही हैं। जिसे हम अपनी भाषा में राजनीतिक अर्थनीति कहते हैं वही उसका असली कार्यक्रम रहा है। वह आर्थिक मसलों को भी समय-समय पर छेड़ती-उठाती रही है। मगर उन पर राजनीति की छाप और प्रधानता रही है। उन्हें वह राजनीतिक के आईने में ही देखती रही है। सारांश, राजनीति उसका साध्य और आर्थिक बातें साधन मात्र रही हैं। इसके साफ मानी होते हैं कि कांग्रेस में आर्थिक मसले मजबूरन उठाये जाते थे और उनका मतलब यही था कि उन मसलों में

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

दिलचस्पी रखनेवाले किसान-मजदूर कांग्रेस के भक्त बने रहें, उसके अनुयायी रहें और मौके पर उसकी राजनीति में मददगार हों, चाहे वोट देकर, जेल जाकर या सदस्य बन कर। ऐसे मसले छेड़ने में खामखाह किसान-मजदूरों की स्वार्थसिद्धि कभी कांग्रेस का लक्ष्य नहीं रही। नहीं तो असेम्बलियों एवं वोर्डों में मालदार, जमींदार या उनके आदमी ही अधिकांश क्यों भेजे जाते रहे हैं? खांटी किसान मजदूरों को ही बहुसंख्या में क्यों न भेजा जाता रहा है? इससे कांग्रेस की मुख्य दृष्टि राजनीतिक दांव पेच ही रहे हैं इसपर पूरा प्रकाश पड़ता है। फलतः वह राजनीतिक पार्टी है।

मगर हम तो चाहते हैं कि कांग्रेस के नेता अब आर्थिक पार्टी बनाएँ और उसके द्वारा अपना काम चलाते हुए कांग्रेस का पिंड छोड़ें। इसका मतलब यही है कि अब वह राजनीतिक अर्थनीति को छोड़कर आर्थिक राजनीति का रास्ता अपनाएँ और इस प्रकार अब अपनी राजनीति को अर्थनीति या आर्थिक प्रश्नों के आईने में देखें। ऐसी दशा में अर्थनीति साध्य और राजनीति उसका साधन बन जायगी। गोलमाल बातों से काम नहीं चलने को है, चाहे इनसे जनता गुमराह भले ही और खतरे में पड़ जाए। मगर "उघरहिं अंत न होय निबाहू।" किसान-मजदूर देखना चाहते हैं कि ये नेता केवल "डपोरशंखोऽस्मिवदामि न ददाम्यहम्" को चरितार्थ करते हैं या सचमुच हमारे जटिल आर्थिक तथा सामाजिक प्रश्नों को सुलझाते हैं। यह बात दो टूक होगी और वे इसमें धोके में पड़ न सकेंगे। नेताओं की जांच भी खरी होगी। ईमानदारी का तकाजा है कि यही किया जाय और प्राचीन महर्षियों की प्रतिष्ठा और उनके लिए जनता में विद्यमान आदर की ओट में जिस प्रकार आज के पंडे-पुजारी और साधु-महात्मा अपनी कमजोरियाँ छिपाते और उन्हींकी दोहाई देकर काम चलाते हैं वही बात कांग्रेस के नाम और उसकी दोहाई के पीछे ये हमारे नेता न करें। ये बहादुर हैं, मर्द हैं, धुनवाले हैं। फलतः यह द्रविड़-प्राणायाम उन्हें शोभा नहीं देता, यह लुकाचोरी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

उनकी शान में बट्टा लगाती है। जिन नेताओं को हमने आज तक सर-आँखों चढ़ाया उनके बारे में यह चीज हम से बर्दाश्त नहीं हो सकती। इसीलिए हमारी यह तमन्ना है, उनसे हमारी दस्तबस्ता अर्ज है।

मौके की ताक में

मगर हमें आशा नहीं कि वे ऐसा करेंगे। राजनीति बड़ी गंदी चीज है, बुरी है और उनकी राजनीति का यह तकाजा है कि ऐसा ही करें। वह तो मौके की ताक में थे ही और देखा कि वह आ गया है। फिर चूकने क्यों लगे? नई पार्टी बनाने में उसे जनसाधारण के सामने लाने और प्रसिद्ध करने में एक खासी मुद्दत लगेगी। तब तक क्या ये लोग दूसरों की मर्जी पर रहेंगे? दुनिया बेदर्द है। यहाँ किसी को कोई पूछता नहीं। बात की बात में पहले के सभी किए कराए को लोग भूल जाते और बड़े-बड़े तक को दूध की मक्खी की तरह उठा फेंकते हैं। तब ये नेता खतरा क्यों मोल लें? एक बात और भी है। कांग्रेस की बातें गोलमोल रही हैं और उसके बारे में लोगों की वैसी आदत भी पड़ गई है। फलत: ज्यादा पर्वा नहीं करते। अत: आगे भी उसी की पूँछ पकड़ना हमारे नेता सुरक्षित समझते हैं। लेकिन नई आर्थिक पार्टी बनाने के बाद तो वे लोग अपने आप को जनता की बेमुरव्वत समालोचना की तोप के मुँह पर खड़ा कर देंगे। तब तो उनकी हर बात की जांच पड़ताल वह बेदर्दी के साथ करेगी। पुराने ऋषि-मुनियों के अनुयायी आज पाप भी करें तो लोग बर्दाश्त कर जाते हैं। मगर उनके विरुद्ध जानेवालों की एक भी बात सुनने को रवादार नहीं जबतक वह पुराने साँचे में ढली न हो। जनता की इस मनोवृत्ति को हमारे नेता खूब समझते हैं और इससे लाभ उठाना चाहते हैं।

नेता लोग यह भी देखते हैं कि चाहे कुछ लोग मेढ़कों की तरह टर्र-टर्र भले ही करते रहें। फिर भी संगठित रूप से आज ऐसी कोई भी आवाज नहीं उठ सकती, जो हमें रोक सके, हमारी इस

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

चातुरी का, इस कूटनीति का सफल भंडाफोड़ कर सके। वे स्पष्ट देखते हैं कि उनकी चाल के विरुद्ध पर्याप्त प्रचार करके जनता को उभाड़ने और इस तरह उन्हें रुक जाने को विवश करनेवाली कोई भी जबर्दस्त ताकत, संगठित शक्ति देश में रह नहीं गई है, और दर-असल किसान-मजदूरों के लिए यह सब से बड़ा खतरा है। आज प्राय: सभी समाचारपत्र मालदारों के हाथ में होने से नेताओं की चाल का ही समर्थन करते हैं, करेंगे। रेडियो, सिनेमा और प्रेस उन्हीं के हाथ में हैं। सरकार की सारी मैशीनरी उन्हीं के साथ है, उन्हीं की दासी है। वे चाहे जितना भी पैसा खर्च कर सकते हैं और "ऊँट बिलैया लेगई, तो हांजी हांजी कहना" को अक्षरश: चरितार्थ कर सकते हैं। चाहें तो अनन्त प्रचारक भर्ती कर के उनसे भाड़े के टट्टू का काम ले सकते हैं। जाब्ता फौजदारी, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, जेल, पुलिस की लाठी और फौज की गोली भी आज उन्हीं के हाथ में है जिसके द्वारा विरोधियों की आवाज को हजार बहाने करके आसानी से कुचला जा सकता है। पंडित, पुजारी, मौलवी और पादरी भी जरूरत होने पर उन्हींके इशारे पर नाच सकते हैं और दुर्भाग्य से इनका असर हमारे देश में बहुत ज्यादा है। फिर ऐसे मौके से ये लीडर चूकनेवाले कब हैं?

बड़े से बड़ा खतरा

किसान-मजदूरों के लिए ये सभी खतरे तो हई और ये ठोस हैं, जबर्दस्त हैं। मगर इन सबों से भी बढ़कर दो खतरे हैं। राजनीतिक उथल-पुथल और खासकर दो महायुद्धों के चलते जनता में राजनीतिक चेतना आई है जरूर और काफी आई है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। मगर उसमें एक बड़ी कमी है, खामी है। उसे कोई निश्चित आकार नहीं मिला है। वह यों ही गोलमाल है, vague है। फलत: उसे किसी भी रंग में रँगा जा सकता है, किसी ओर मोड़ा जा सकता है। जैसे गीली मिट्टी को घड़े, खपड़े, बर्त्तन, मूर्त्ति या किसी भी रूप में बदल सकते हैं। यह बड़ी खतर-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नाक चीज है। वे अपनी राजनीति को ठीक-ठीक समझ नहीं सकते। मुल्क की राजनीति का विश्लेषण, उसकी उधेड़बुन भी नहीं कर सकते। फलतः असानी से धोके में पड़ सकते हैं। जोई गर्म लेक्चर झाड़े और आँसू बहादे या जेल गया हो उसीपर जनसाधारण लट्टू हो सकते हैं, उसीके मुरीद और चेले मुड़े जा सकते हैं। नतीजा यह होगा कि आज तक जो लोग किसान सेवकों का बाना पहने हुए थे उन्हें भी दक्षिण पंथी लोग रुपए-पैसे, नौकरी - चाकरी, रोजगार-व्यापार आदि के जरिए खरीद कर भारी बला पैदा कर सकते हैं, बला पैदा करेंगे। जनता की आदत होती है बिना विचारे ही विश्वास कर लेना (Unthinking trustfulness)। लेनिन बार-बार ऐसा कहा करता था। खासकर राजनीतिक मामलों में तो इस नादानी के करते बड़ा खतरा पैदा हो जायगा। आजादी की लड़ाई के सिलसिले में पुराने नेताओं पर विश्वास होना स्वाभाविक ठहरा। क्योंकि वर्गचेतनामूलक राजनीतिक ज्ञान के अभाव का नतीजा दूसरा हो नहीं सकता। इसीके साथ पुराने किसान सेवक भी जब खरीद ही लिए गए तो फिर किसानों का खुदा ही हाफिज। ये उन-पर विश्वास करेंगे और इस तरह अपना गला कटायेंगे। यह हुआ एक खतरा।

दूसरा बड़ा खतरा यह है कि मुल्क में जितने भी प्रगतिशील विचार करनेवाले या वामपंथी हैं सबोंको अपनी - अपनी डफली, अपना अपना गीत है। कम से कम जितनी पार्टियों में ये लोग बँटे हैं उतने रास्ते तो इनके हईं। आपस में इनका काम करना वैसा ही है, जैसा बाघ और बकरी का। एक दूसरे से बातें करने में भी इन्हें नफरत है। दक्षिणपंथी नेताओं की सब से बड़ी होशि-यारी यही रही कि उनने वामपंथियों में "तीन कनौजिया तेरह चूल्हा" कर दिया और एक दूसरे को हजार कोस दूर रखा। हमारी पार्टी सही, हमारी पालिसी दुरुस्त और हमारी पोलिटीकल थीसिस खरी है, इसी धुन में हरेक पार्टीवाला मस्त है। उसपर इसका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

नशा सवार है। वह दक्षिणपंथियों से मिलने और बातें करने में जरा भी नहीं हिचकता। मगर क्या मजाल कि एक पार्टी का लीडर दूसरी पार्टी के लीडर से बातें करे। कांग्रेस नेता सबों को कान पकड़के एके बाद दीगरे नचाते हैं, नचाने की हिम्मत रखते हैं। उन्हें विश्वास है कि इन पार्टियों को जो भी चाहें खरीद सकते हैं। अब तक ऐसा होने नहीं दिया कि कोई पार्टी या सभी पार्टियाँ मिलकर भी उनका सफलता से सामना कर सकें। ऐसी हालत में उनके वर्त्तमान रवैये की असलियत जनता के सामने कौन रख सकता है? यदि आज वामपक्षीय एकता हो तभी उनका ठीक-ठीक जवाब मिल सकता है। जो लोग यहाँ तक कहने की हिम्मत करने लगे हैं कि किसान-राज्य तो अब कायम होई गया उनके भी होश दुरुस्त तभी हो सकते हैं जब सभी प्रगतिशील या समाजवादी विचारवाले एक होकर काम करें। मगर आज इसी चीज का अभाव है और यही दूसरा बड़ा खतरा है।

आखिर हो क्या ?

तो क्या अब निराशा ही निराशा है? क्या शोषित-पीड़ितों के लिए अंधेरा ही अंधेरा है? क्या अब कुछ हो नहीं सकता? उत्तर सीधा है। हो भी सकता है, नहीं भी हो सकता है। सब कुछ निर्भर करता है कि शोषित-पीड़ितों की आवाज निरंतर उठानेवाले क्या करते हैं। जो लोग किसान-मजदूरों की ओर से बराबर चिल्लाते रहे हैं वह इस मौके पर क्या करते हैं? यह तो सभी मानते हैं कि इतिहास करवट ले रहा है—भारतीय आजादी की लड़ाई का इतिहास। वह इतिहास दक्षिण करवट ले इसकी पूरी कोशिश है, पूरी तैयारी है, इसका पूरा आयोजन है। दुनिया की ऐसी लड़ाइयों का इतिहास भी यही बताता है कि ऐसे मौके पर वह दाहिनी करवट बदलता है—Right about turn करता है और भारत उसका अपवाद न होगा। यह करवट थोड़ी देर बाद बाईं हो जाए, यह बात जुदी है—Left about turn हो जाए, यह

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

संभव है, जैसा कि रूस में हुआ था। मगर क्या रूस के जैसा लेनिन यहाँ कोई है ? क्या उसके जैसा किसान-मजदूरों का मसीहा और क्रांति की कला का पारंगत कलाविद् यहाँ कोई है ? अगर नहीं है, तो क्या हम हाथ-पर-हाथ धरे बैठे रहें ? मगर इतिहास तो बैठा रहेगा नहीं, समय तो रुकेगा नहीं और किसान-मजदूरों के शत्रु तो इंतजार करेंगे नहीं। वे तो अपनी राह चले जाएँगे। तो क्या यह दाहिनी करवट यों ही बदलने दी जाए और हम कुछ न करें ?

करना तो होगा ही। यदि खुद न करेंगे, तो मजबूरन करना पड़ेगा; मगर तब, जब बहुत देर हो चुकी रहेगी और करना-धरना बेकार सिद्ध होगा। यदि हममें, वामपक्षी होने के दावादारों में, जरा भी नेकनीयती और ईमानदारी होगी, जरा भी हया होगी, तो हमें कुछ-न-कुछ ठोस काम करना ही होगा, आगे कदम बढ़ाना होगा। १९३४ में हमारे इतिहास की एक मामूली करवट थी, तो वामपक्ष ने कदम बढ़ाया और सोशलिस्ट पार्टी बनी। फिर १९३९ में भी ऐसा ही मौका था, तो वामपक्षीय कमिटी (Left Consolidation Committee) और पीछे फारवर्ड ब्लाक का जन्म हुआ। मगर इस करवट के सामने वे दोनों कुछ न थीं। तब तो लड़ाई के एक ही पर्व के दरम्यान यह करवट थी। मगर अब तो वह युद्ध खत्म हुआ और दाहिनी करवट की जोरदार तैयारी है। फलतः हमें कुछ-न-कुछ ठोस कदम आगे बढ़ाना ही होगा। नहीं तो आनेवाली पीढ़ी हमें कोसेगी, धिक्कारेगी।

इस बार हमें कोई नई पार्टी न बनाकर मुस्तैदी से सभी दलों और पार्टियों का, जो वर्ग-विहीन समाज की स्थापना मार्क्सवादी ढंग से करने को तैयार हैं, एक संयुक्त मोर्चा या प्लैटफार्म बनाना है। इस काम के लिये चाहे कोई कमिटी बने या उसे एक पार्टी का ही रूप दिया जाय, यह बात दूसरी है। फ्रांस आदि देशों के संयुक्त मोर्चें की त्रुटियों से हम बचने का भी उपाय करें और कदम आगे बढ़ायें भी। इस काम के लिए एक केंद्रीय स्थान पर सभी दलों के प्रमुख व्यक्तियों की

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

और ऐसे लोगोंकी भी, जो किसी पार्टी में नहीं हैं, मगर मार्क्सवादी विचार रखते हैं, एक बड़ी मीटिंग बुलाई जाय। वह कई दिन चले और सभी पहलुओं पर बखूबी गौर करके किसी नतीजे पर पहुँचे। यह काम जल्द होना चाहिये। देर की गुंजाइश नहीं है।

"उस मीटिंग में एक सम्मिलित कार्यक्रम तैयार किया जाय। यह कार्यक्रम कम से कम या छोटे से छोटा हो। इसमें एक ही दो बातें रहें। मगर वे सर्वसम्मत हों और खुले दिल से सभी दलवाले उन्हें स्वीकार करें। दबी जबान और आधे दिलसे स्वीकृत बातें इस प्रोग्राम में न रहें। दृष्टांत के लिए आज का दक्षिणपक्षी लीडरों का कांग्रेस संबंधी अगला कदम लेकर उसकी असलियत का प्रचार हाथ ले सकते हैं। उसका क्या रहस्य है और इसमें क्या खतरे हैं, इसके प्रचार में किसीको आनाकानी नहीं हो सकती है। फलतः सुसंगठित रूप से इसका मुस्तैदी से प्रचार होने की बात तय कर सकते हैं। इसी तरह की दूसरी बातें भी ढूँढ़ी जा सकती हैं। मेरा अपना विचार है कि राष्ट्रीय आजादी के प्रश्न के एक करवट बैठ जाने के कारण अब किसी भी वामपक्षीय पार्टी के साथ दूसरी पार्टीवालों के संयुक्त मोर्चा बनाने में कोई खास अड़चन नहीं होनी चाहिये। मैं तो यह भी मानता हूँ कि सबों में मार्क्सवाद की इतनी भक्ति, अपने लक्ष्य के प्रति इतनी ईमानदारी-वफादारी और अपने में इतनी हया, इतनी लाज मौजूद है कि जरूर आगे बढ़ेंगे और अनायास होने जानेवाली हाराकिरी से सबों को बचाएँगे। सबोंको अपनी प्रतिष्ठा का, आत्मसम्मान का खयाल है और यह भी मालूम है कि कुछ न करने पर सबों पर एक के बाद दीगरे भींगे जूते पड़ने हैं। सबों की शान में बट्टा लगना है, बेइज्जती होनी है जो, गीता के शब्दों में मौत से भी बुरी है, "सम्भावितस्य चाकीर्त्तिमरणा दतिरिच्यते"।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

किसानों के दोस्त और दुश्मन

किसान बन्धुओ,

मैं नहीं चाहता कि शिष्टाचार के आडम्बर में पड़कर आप का अमूल्य समय एक क्षण भी गवाऊं। इसीलिये कामकी बातें करने में लग जाता हूं। ज्यों ज्यों किसान आन्दोलन मजबूत हो रहा है और किसान सभा लोक प्रिय होती जा रही है त्यों २ इस पर आक्रमण भी मुस्तैदी के साथ होने लगे हैं। कल तक जो हमारे परम मित्र थे, समर्थक थे वे भी सशंक हो रहे हैं और फूंक २ कर पांव देने लगे हैं। वे लोग ऐसी बातें बोलने लगे हैं जिससे पता चलता है कि इस आन्दोलन को वे बढ़ने देना नहीं चाहते, इसमें उन्हें खतरा नजर आने लगा है। चाहे और लोग इसे जो समझें, मगर मुझे तो उनके ऐसे कामों को देखकर खुशी होती है। क्योंकि यह हमारी बढ़ती [illegible] ताकत का सबूत है। हमारे अधकचरे मित्रों का धीरे धीरे पर्दा[illegible]श हो रहा है औरहम आज कहाँ हैं इसका पता हमें चलने लगा है [illegible]यह भी अच्छा ही हो रहा है। किसी भी आन्दोलन के शुरू में ही [illegible]सली शत्रु मित्रों की पहचान हो जाने से उसमें मजबूती आती है औ[illegible]र आगे चलकर धोखे की गुंजाइश कम रह जाती है। अ[illegible]र्थ[illegible]क [illegible] स्थितिका हमें दिलसे स्वागत करना चाहिये।

[illegible] सनके कानू[illegible]

ग.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

इस सम्बन्ध में खुशी की एक और बात है। आम तौर से नौजवान और विद्यार्थीगण किसान आन्दोलन में खास दिलचस्पी रखने लगे हैं और इधर जेलों से रिहा होने वाले प्रायः सभी राजनीतिक बन्दी इस काम में दिलोजान से पड़ गये और पड़ रहे हैं। जिन लोगों ने ब्रिटिश साम्राज्य शाही को हिलाया और थर्राया है, मेरा विश्वास है, उनके सहयोग से किसान आन्दोलन शीघ्र ही साम्राज्य शाही, जमींदार शाही, महाजन शाही और पूंजी शाही का अन्त करने में सफल होगा।

मैं चाहता हूँ कि किसान और किसान सेवक अपने सच्चे दोस्तों और दुश्मनों की ठीक ठीक पहचान करें और इस महान् आन्दोलन को उन खतरों से बचायें जो आगे बढ़ने पर सभी प्रगतिशील आन्दोलनों के रास्ते में आया करते हैं, कारण, प्रारम्भ के दोस्त ही दुश्मन का काम करने लग जाते हैं और उनको पहचान देर और दिक्कत से होती है। हमें सबसे प्रथम अपने असली स्वार्थ को देखना चाहिये और उसकी सिद्धि के लिये अपने ही त्याग तथा बलिदान का भरोसा करना चाहिये। गैरों के त्याग और बलिदान पर लट्टू उनके अपने हिताहितका विचार न करना और आंख मूंदकर उनकी या किसी की बातें मानना आत्मघात के बराबर है। अन्धपरम्परा को छोड़ हमें नेताओं और उपदेशकों की हर बात को अपने (किसान मजदूरों के) सामूहिक स्वार्थ की कसौटी पर कस करके उसकी कड़ी जांच करनी चाहिये। इतना ही नहीं, कभी कभी तो नेताओं को, जो लम्बी दलीलें दिया करते हैं, हक्का बक्का भी करना चाहिये, जैसा कि रूस या अन्य देशों की जनता ने सम[illegible] पर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

किया है—Reasonable leaders of the soviets were paralysed by the masses और, जैसा कि अभी हाल में ही कानपुर के मजदूरों ने किया है। इसका नतीजा यह होता है कि जनता को भेड़ों की तरह मूंड़ने की हिम्मत छोड़कर नेता लोग संभल जाते हैं। हमें नेताओं के उपदेशों को ही सुनना न चाहिए, वरन् उनके कामों पर भी कड़ी निगाह रखनी चाहिए और देखना चाहिए कि कहीं हमारे शत्रुओं से भीतर ही भीतर वे लोग घुलघुल कर बातें तो नहीं करते। यह निहायत जरूरी है। उनके कामों पर कड़ी नजर रखे बिना हमेशा धोखा हुआ है और आगे भी होगा।

जमींदारी का खात्मा क्यों ?

यद्यपि जब तक किसान-मजदूर राज्य या कमाने वालों का राज्य हमारे देश में कायम नहीं हो जाता और शासन की बागडोर कमाने वालों के हाथ में नहीं आ जाती तब तक हमारे कष्टों का अन्त नहीं हो सकता, अतएव वही राज्य हमारा परम लक्ष्य है और वही असली स्वराज्य है। तथापि उसकी प्राप्ति में साम्राज्यशाही की ही तरह या उससे भी शायद बढ़कर जमींदारी और साहुकारी बाधक है। अतएव इन दोनों का अन्त जल्द से जल्द करना किसान सभा का तात्कालिक लक्ष्य है। साम्राज्यशाही तो भले ही कानूनों के बल पर टिकी है, लेकिन यह जमींदारी तो केवल और जुल्मों के सहारे कानूनों का गला घोंट २ कर या उनकी आंखों में धूल झोंक कर ही खड़ी है। एक तो साम्राज्यशाही अंग्रेजी शासन के कानून यों ही मालदारों के ही अधिक लाभ के लिये

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बनेहैं। दूसरे उन्हें भी यह जमींदारी पांव तले दिन दहाड़े रौंदती है। तिस पर तुर्रा यह कि रुपये के बल से जमींदारों का बाल बांका हो नहीं सकता, वे निर्भय विचरते हैं। सन् १७६३ ई० के २२ मार्च को लार्ड कार्नवालिस के एक फतवे (Regulation) के अनुसार इस जमींदारी रूपी पूतना का जन्म हुआ और इतिहास के जानकारों ने लिखा है कि उसके बाद जो पांचवें, सातवें, ग्यारवें आदि फतवे निकाले गये और जिन्हें जास्टिस फील्ड जैसे अंग्रेज सज्जन तक ने "काला७वें आदि फतवे" (Notorious Haftum etc) कहा है, उन्हीं के आधार पर किसानों की जान माल और उनकी बहू बेटियों की इज्जत पर आक्रमण करके इस जमींदारी की रक्षा की गई है, इसे पाला पोसा गया है। वे सभी फतवे इसीलिये निकाले गये थे कि बिना अदालत की शरण लिये ही जमींदार का मामूली नौकर किसानों के जनानखाने तक में बेधड़क घुसकर तलाशी ले सकता और बकाया लगान में चीज वस्तु जब्त कर सकता था। यहाँ तक कि पड़ोसी के द्वार पर पड़े हुये गल्ले, जानवर आदि को भी इस शक में जब्त कर सकता था कि यह चीजें उसी किसान की हैं जिसके जिम्मे लगान बाकी है। ऐसी नादिरशाही के बीच यह जमींदारी प्रथा सयानी और तगड़ी होकर अब बूढ़ी हो चली है, मरणासन्न है। क्योंकि उसकी उम्र का १४५ वां वर्ष गुजर रहा है। कसके एक धक्का लगा कि खत्म हुई। आज जो जमींदारों के जुल्मों की कहानियाँ छपा करती हैं उनकी जड़ तो इस जमींदारी की ही जड़ में है। ये जुल्म शुरू से ही चले आ रहे हैं और आज कानून के बदल जाने पर भी वे बन्द नहीं हुये। क्योंकि पुरानी आदत आसानी से

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

छूटती नहीं-छूट सकती नहीं।

एक बात और है। यदि जुल्म और अत्याचार बन्द हो जाय तो जमींदारी एक मिनट भी टिक नहीं सकती। तब तो किसान निर्भय और हिम्मतवर बनके जमींदार का मुकाबिला जब न तब कर बैठेंगे और वह उनसे पार पा सकेगा। अदालतों में दावे करके यदि सबोंसे लगान वसूल करना हो तो कुछ ही साल में जमींदारी खत्म हो जाय। इसीलिये हजार जोर जुल्म और गैर कानूनी तरीके से किसानों को पस्त और तीन तेरह कर दिया गया है। यदि जमींदार अपने अमलों को काफी वेतन देता है और आबपाशी आदि का पूरा प्रबन्ध करता है तो मोटर दौड़ाने और महल सजाने के लिये उसे बचेगा ही क्या ? इसीलिये भूखे शिकारी कुत्तों की तरह दो दो चार रुपये के नौकर रखता है, जिनका काम होता है कदम कदम पर सैकड़ों प्रकार से किसानों को नोंचते रहना। जमींदार के खर्च भी समयानुसार बढ़ते जाते हैं और शहरों में रहने, सैर सपाटे करने, बड़ी २ पार्टियां देने, चुनावों में पड़ने और फैशन के करने सेखर्च तो बढ़ते ही जाते हैं। मगर जमींदारी की आमदनी तो बढ़ती नहीं इसीलिये बीसियों प्रकार की गैर कानूनी वसूलियां जारी की गई हैं। गंगा के किनारे तो गंग शिकस्त और गंग-बरार के करते महाराजा डुमरांव तथा दूसरे जमींदारों की पाँचों घी में हैं। जो जमीन गंगा की धार में जाने के बाद फिर बाहर आई उसका नये सिरे से बन्दोबस्त किया जाता है और इसमें खूब चढ़ा ऊपरी कराई जाती है। कभीर तो एक से ज्यादा लोगों के साथ बन्दोबस्त करके किसानों को ही आपस में गुत्थम गुत्था करने का मौका दिया जाता है। यदि जमीं–

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दार को यह सब करने न दिया जाय तो उसकी आमदनी ही जाती रहे, उसका मजा किरकिरा होजाय और अन्तमें किसानोंको संगठित शक्ति और मुकाबिले के सामने जमींदारी की अन्त्येष्टि ही हो जायगी। जमींदारी प्रथा का यह भीतरी विरोध (internal contradiction) है। इसीलिये शीघ्र से शीघ्र उसका अन्त होने में ही कल्याण है।

जमींदारी पैदा करने में अंग्रेजी सरकार का स्वार्थ कई प्रकार से सिद्ध हुआ। एक तो हमारे देश की सम्पत्ति वाणिज्य व्यापार में न लगकर जमीन के खरीदने में लगी और इस प्रकार विदेशी व्यापार के लिये यहाँ काफी गुंजाइश रही। दूसरे सरकार और जनता के बीच में एक ऊंची दीवार खड़ी हो गयी, जिसके पीछे रह के सरकार अपना सारा काम चलाती रही और जनता जल्दी उसे देख न सकी। इसीलिये उसपर आक्रमण भी न कर सकी। जोर जुल्म और दमन कार्य तो जमींदारों के द्वारा होई जाता था। सरकार के लिये कानून के खिलाफ खुल के काम करना आसान नहीं था। मगर उसके दोस्त और एजेन्ट ये जमींदार सब कुछ कर सकते थे, कर सकते हैं। इस प्रकार देश के भीतर दो परस्पर विरोधी स्वार्थ पैदा हो गये। साथ ही जमींदारी मैशीनरी के जरिये आसानी से ८० से लेकर ९० फी सदी किसान नामर्द और पस्त हिम्मत बना दिये गये। फिर सल्तनत का मुकाबिला कौन करे? जमींदार और उनके अमले किसानों की छाती पर बचपन से लेकर मरने तक किसप्रकार सवार रहते और रह रह के कोदो दलते रहते हैं इसका कटु अनुभव धारा सभाओं के बहस मुबाहसों, अखबारों की लीपा पोती और किताबों के पढ़ने से नहीं हो सकता। इसे तो किसानों के जले दिल, उनकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भीगी आंखें, उनकी पस्ती और बेबसी ही बता सकती हैं, सो भी उन्हें, जो सहृदय हैं, जो आहों और मूक वेदनाओं को जान सकते हैं, जानने की योग्यता रखते हैं।

इस प्रथा में एक बड़ा दोष यह है कि इसने निठल्ले लोगों का एक खासा दल पैदा कर दिया है जो रईस और भलेमानस कहाते हैं। जो लोग रोजगार व्यापार में पैसे लगाते हैं उन्हें फिक्र बनी रहती है कि किस वस्तु का बाजार कहाँ है और वहां औरों के साथ मुकाबिला कैसा है। इसलिये बड़ी मुस्तैदी और तत्परता से चीजें तैयार कराते और बाजार में पहुंचाते हैं। कच्चे माल की भी चिन्ता उन्हें रहती है। उधर अपनी साख (प्रतिष्ठा) भी बनाये रखना पड़ता है। इतने पर भी घाटे का डर बराबर बना रहता है। कभी कभी घाटा होता है और पूंजी भी डूब जाती है। विपरीत इसके जमींदारों को न तो कोई फिक्र है, न चिन्ता, न कुछ सोचना है, न विचारना—अगर चिन्ता है तो केवल मौज करने की। घाटा तो कभी होता नहीं। अगर लगान न मिला तो सरकारी न्यायालय वसूल करवा देने के लिये तैयार रहते ही हैं। और इसके लिये उन्हें मिहनताना भी जमींदारों को देना नहीं पड़ता, वह तो किसान से ही वसूल कर लिया जाता है। कितना सुन्दर सौदा है! फिर जमींदारी में रुपया लगाकर व्यापार में कौन लगाये? अपनी चैन में खलल कौन डाले। परिणाम यह हुआ कि देश के धन और दिमाग में एक प्रकार का जंग लग गया, वह कुन्द पड़ गया। इस प्रकार हमारे देश की व्यापारिक और मानसिक समुन्नति के लिये यह जमींदारी अभिशाप हो गई।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

जो लोग अंग्रेजी सरकार से लड़ते और लड़ना चाहते हैं उन्हें जमींदारी के खिलाफ लड़ने में जो आनाकानी होती है वह हमारी समझ में नहीं आती। आमतौर से देहातों में अंग्रेजी सरकार का तो कहीं पता नहीं रहता। मगर जमींदारी सरकार तो हर गाँव में विराजती है और किसानों तथा गरीबों का शोषण और उत्पीड़न सैकड़ों प्रकार से करती रहती है। फलतः इस शत्रु का अनुभव किसान बराबर करता रहता है जब हम निरन्तर छाती पर सवार रहने वाले शत्रु से लड़ाई की बात नहीं करके मेल की बात करते हैं और उस शत्रु से लड़ना चाहते हैं जिसका अनुभव दैनिक जीवन में सर्वसाधारण किसान मजदूरों को बराबर नहीं होता, तो वह लोग हमारी बात समझ नहीं सकते और आश्चर्य में पड़ जाते हैं मौत सदा सिर पर सवार है और उसका दुःख सबसे ज्यादा होता भी है। मगर उससे बचने की कोशिश कौन करता है? हां, जब बीमारी होती है तभी यत्न किया जाता है। लेकिन जूते की कांटी बराबर चुभती है तो जी जान से उसे दूर करने की कोशिश की जाती है। जमींदारी जूते की काँटी और विदेशी शासन मौत का दुःख है यह हमें भूलना न चाहिये।

एक बात और, बिहार में अंग्रेजी सरकार को हम करीब पांच करोड़ देते हैं जिनका एक बड़ा हिस्सा या अधिकांश किसानों से ही लिया जाता है। इस रकम में एक अच्छा हिस्सा बड़ी २ तनखाहों में खर्च होता है बेशक और उसे हम रोक भी नहीं सकते। फिर भी बहुत बड़ा हिस्सा स्कूल, कालिज, अस्पताल, दवाखाना, औषधालय, सफाई, सड़क, कुएं, नहर आदि में खर्च होता है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

जिससे जनता को भलाई है। पुलिस, कचहरियों का खर्च भी बहुत अंश में जनता के हित में है। मगर जमींदार लोग तो २० करोड़ से कम वसूल नहीं करते और उसमें से भर सक एक पैसा भी जनता के काम में खर्चा करना नहीं चाहते, खर्च नहीं करते। हाँ, टायटिल और उपाधि के लिये या अधिकारियों को खुश करने के ख्याल से भले ही कुछ दे दिया करते हैं या स्कूल और अस्पताल बनवा दिया करते हैं। कितने जमींदार हैं जिन्होंने देहातों के बीच केवल किसानों के ही लाभके लिये औषधालय और स्कूल खोले हैं? अपने और अपने नौकर चाकरों के लिये स्कूल और अस्पताल बनवा दिये और उससे यदि कुछ गरीबों का भी लाभ हो गया तो इससे क्या? यह तो मजबूरी की बात हो गई। यहाँ तक देखा जाता है कि यदि डिस्ट्रिक्ट बोर्ड की ओर से दवाखाने या अस्पताल खुलते हैं तो वह भी जमींदारों के घरों और महलों के ही पास खुलें ऐसी कोशिश होती है। स्कूलों और सड़कों के बारे में भी यही होता है। यह भी देखा जाता है कि स्कूल और अस्पताल खुलवाते हैं जमींदार अपने नाम से और उनका खर्च वसूल होता है किसानों से। यदि गांव में चोरी डकैती हो तो अंग्रेजी सरकार की पुलिस खबर पाते ही दौड़ पड़ती है। मगर हजार खबर देने पर भी जमींदार अपना यह फर्ज ही नहीं समझता कि उस जगह पर जायं। ऐसी दशा में यदि सरकार से युद्ध करते हैं तो उससे कई गुना भीषण युद्ध इस "मुफ्त खोरी की संस्था"–जमींदारी-के खिलाफ छेड़ना चाहिये। सरकार तो ५ करोड़ का हिसाब पेश करती और उसकी मंजूरी लेती है। मगर ये २० करोड़ हजम करने वाले जमींदार?

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

इन्हें हिसाब किताब से क्या काम ?

कुछ लोग मुंशी जी वाला हिसाब लगाकर बताते हैं कि "जमींदारों की कुल आमदनी ११ ही करोड़ है और उसमें मात्र (रेवेन्यू) और वसूली का खर्च मिलाकर ३ करोड़ से कम नहीं है। ऐसी हालत में ७ करोड़ से कुछ ही ज्यादा उन्हें बचता है और यदि जमींदारी मिट जाय तो बिहार की साढ़े तीन करोड़ जनता में उस आमदनी को बाँटने से औसतन फी आदमी साल में दो रुपये की आय होगी। लेकिन इससे गरीबी दूर हो नहीं सकती। अतः जमींदारी मिटाने का प्रश्न छोड़कर देश की समृद्धि बढ़ाने का दूसरा उपाय सोचना चाहिये। इस प्रश्न से घरेलू झगड़ा भी पैदा होता है और इस प्रकार स्वराज्य की लड़ाई में बाधा होती है।" ऐसे लोग पूर्व में बताई गई मौलिक बातों का कतई ख्याल नहीं करते। हमारा तो ख्याल है कि जमींदारी सड़ा हुआ मुर्दा है और जब तक इसे जला या दफना न देंगे इससे बराबर दुर्गन्ध आती और बीमारी फैलती रहेगी। और अगर फी आदमी साल में दो रुपया भी बच जाता है तो गरीबों के लिये यही क्या कम है? मुफ्तखोर यह दो रुपया भी हमारा क्यों ले जाँय ? क्या हम मुफ्त में एक कौड़ी भी बर्दाश्त करते हैं ? और फिर ऐसे लोग हमारे ही रुपये से मौज करें हमें ही पस्त और पामाल बनायें। क्या पैसे देकर ऐसे लोगों की जमात तैयार होने देना ठीक है जो सदा से देश द्रोही तथा काँग्रेस द्रोही और आगे भी रहेंगे। अगर आज वे कांग्रेस में आये हैं या आ रहे हैं तो सिर्फ इसीलिए कि भीतर से ही हमला करें और कमजोर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

बनायें। पं० जवाहर लाल नेहरू के शब्दों में "कांग्रेस में आकर न तो ये स्वराज्य लेने को ही उत्सुक हैं और न स्वतन्त्रता संग्राम में भाग ही लेने को। इन्हें तो अपना मतलब साधना है।" 'Who were not eager to achieve swaraj, or join the fight, but were seeking personal gains."

और इनके साथ घरेलू झगड़े का क्या सवाल? ये तो सदा किसानों, गरीबों और कांग्रेस पर हमला करते ही रहे हैं। ये तो हमारे पुराने दुश्मन हैं। बिहार में तो इन्होंने गत चुनाव में केवल संगठित रूप से विरोध ही नहीं किया। किन्तु जहां तक जमींदारों के वोट से चुने जाने की बात थी एक भी कांग्रेसी उम्मीदवार को असेम्बली या कौंसिल में चुने जाने नहीं दिया। फिर इनके साथ रिआयत कैसी? इनका हमला तो आज भी किसानों पर पूर्ववत् जारी है। तो क्या हमलोग हमले का जवाब न दें? उससे अपनी रक्षा न करें? यह तो गैरमुमकिन है। ऐसा उपदेश देने वालों पर आज यदि कोई आक्रमण करे तो क्या वे चुपचाप बर्दाश्त कर लेंगे? उनका घर या धन कोई लूटे तो क्या लुटेरे का मुकाबिला न करेंगे? यदि किसान का भाई या पड़ोसी लूटने आये तो किसान रोके नहीं? क्या स्वराज्य और उसकी लड़ाई का यही अर्थ है कि हमारे घर और देश के आदमी हमें लूटते और अपमानित करते रहें और हम चूं न करें? ऐसे स्वराज्य से तो हम बहुत डरते हैं और उसे दूर से प्रणाम करते हैं जो लोग ऐसा उपदेश देते हैं असल में वे जमींदारी जुल्म के शिकार हैं नहीं, या यदि हैं तो मुर्दे और आत्म सम्मानहीन हैं। हम जानते हैं कि—"जाके पांव न फटे बेवाई। सो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

क्या जाने पीर पराई" वे किसानों की तकलीफों को समझने की कोशिश भी नहीं करते, यह और भी दर्दनाक बात है।

जो लोग "एकै साधे सब सधै" की गीत गाकर कहा करते हैं कि स्वराज्य मिलने पर ये सभी झगड़े अपने आप मिट जायेंगे वे हमारी आँखों में धूल झोंकना चाहते हैं। दुनियाँ के सभी देशों में स्वराज्य हो गया सो भी सैकड़ों वर्षों से। मगर रूस को छोड़ ये सभी झगड़े सभी देशों में मिटने के बजाय दिनोंदिन भयंकर होते चले जाते हैं। यदि जमींदार, पूंजी वाले और साहुकार स्वराज्य आने पर भी रहे, तो वह स्वराज्य गरीबों के लिये एक कौड़ी का भी न होगा। किसान, मजदूर और पीड़ित लोग साधु फकीरों के कहने से स्वर्ग या बैकुंठ को इसीलिये अच्छा और अपने रहने लायक समझते हैं कि वहां जमींदार, सूदखोर और पूंजी पति नहीं रहते ऐसी उनकी धारणा है। यदि उन्हें पता लगजाये कि ये जमींदार वगैरह मरकर वहाँ भी जायेंगे और अपना काम करेंगे तो गरीब लोग स्वर्ग बैकुंठ का नाम भी न लें। बल्कि नर्क को ही अच्छा समझें यदि वहां जमींदारों की गुंजाइश न हो।

जो लोग भूखे किसानों से, जिनकी जमीनें धड़ाधड़ जमींदारों, साहुकारों और बैंकोंके द्वारा नीलाम हो रही हों और जिनके बाल-बच्चे अन्न, वस्त्र दवा के बिना तड़पते हों, आजादी की लड़ाई लड़ाने की आशा करते हैं उनकी समझ को बलिहारी है। जिस सिपाही की ऐसी दशा हो वह मैदान छोड़ कर भाग आता है और जब तक यह हालत रहे जाता नहीं। सत्याग्रह करने जा रहे हों, मगर बीचमें ही पेट में दर्द हो जाय या बुखार आ जाय तो हम सत्याग्रह

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

की बात भूलकर पेट की दवा करने और ज्वर का उपचार करते हैं और हमारे दूसरे साथी भी इसी काम में फंस जाते हैं। सख्त भूख लगने पर भगवान और सत्याग्रह भूल जाता है, सिर्फ भात याद आता है, यह अप्रिय सत्य है। किसान आन्दोलन इसी भूख और बीमारी की दवा का उपाय है। हम इसके ज़रिये जमींदारी और साहुकारी जुल्म हटाकर किसान को थोड़ा आराम पहुंचाना चाहते और इस प्रकार अपने नेतृत्व में अमली तौर से उसका विश्वास पैदा करके उसे आजादी की लड़ाई के लिये कमर बाँधकर तैयार करना चाहते हैं।

रह गई हिसाब की बात। सो तो गलत है। अगर हम भूलते हों तो सरकारी रेवेन्यू (माल) ३२५ लाख है। १९३१—३२ वाली बिहार उड़ेसा की शासन रिपोर्ट में लिखा है कि "सरकार जमीन मुनाफे का प्राय: ९० फी सदी जमींदारों के लिये छोड़ देती है. To day the state reli[n]quishes nearly ninety percent of the profits to the landowners" ऐसी दशा में सरकारी बयान के ही अनुसार साढ़े तेरह करोड़ की आमदनी जमींदारों को होती है। मगर भावली में जो लूट किसानों की होती है उसका हिसाब सरकार के पास क्या है? दक्षिण बिहार में तो भावली बहुत ज्यादा है और अकेले गया में ६० फी सदी से ज्याद: जमीन भावली है सो भी अधिकांश दानाबन्दी, जिसमें जमींदार का हिस्सा १६ सेर में ६ सेर है। तिस पर भी बढ़ई वगैर: कई अबवाब सलामी, तवान, सूद, जुर्माना के रूप में अपार धन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

जमींदारों के पास चला जाता है। अन्नी, तौजी, घाट, चरा महाल आदि पचासों वसूलियां अलग हैं जलकर, फलकर भी हैं। जंगल के बरजुदा हैं लकड़ियों और बांसों की बिक्री आमदनी जंगलों के ज़रिये होती है। अबरक और कोयला बिहार की खास चीज है। पत्थर की बिक्री भी होती हैं। लोहा यहीं निकलता है। यदि यह सब आमदनी मिला दी जाय तो लगान की आधी भी न होगी? हमने कई जगह हिसाब लगा देखा है तो सिर्फ गैरक़ानूनी वसूलियाँ लगान के पाँचवे हिस्से बराबर हो जाती हैं। बेगारी या कम मजदूरी देकर काम करवाना यह तो आम बात है। इसके सिवाय जमींदारों के दर्जनों नौकर हर गाँव में रहते और साग तरकारी, घी, दूध, दही, रस ऊख, मटर, बकरा बकरी, मुर्गी, अण्डा, जूता, कम्बल, तेल, बर्तन वगैरह चीजें बराबर लेते रहते हैं। यदि साल भर की इनकी लूट उसमें जोड़ दी जाय तो यह रकम २० करोड़ से कहीं ज्यादा हो जायगी। जमींदारी प्रथा का खात्मा होने पर १३५ लाख के सिवाय बाकी तो किसानों के पास ही रहेगा। जो प्रायः ढाई करोड़ किसानों में बांटने पर फी आदमी करीब आठ रुपये और पांच जनों के परिवार के लिये चालीस रुपया सालाना होगा। यह गरीबों के लिये बैठे बैठाये बहुत ज्यादा है। चरखे की आमदनी किसी भी परिवार को, जिसमें पांच मनुष्य हों, इतनी शायद ही हो और होगी भी तो उसके लिये अलग परिश्रम होगा। उसमें यदि यह ४०) मिल जाय तो कितना सुन्दर हो। जोर जुल्म आतंक का जो अन्त हो जायगा जमींदारी के साथ ही, सो तो अलग ही है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इतने पर भी जो लोग दलीलें दिया करते हैं कि जमींदारी मिट जाने पर भी खास महाल में किसानों की तकलीफें ज्यों की त्यों हैं और बम्बई या मद्रास के इलाके में जमींदारी प्रथा के न रहने पर भी किसानों के दुःख दूर न हुए। उनसे हमारा निवेदन है कि वे जमींदारी मिटाने का अर्थ समझने की कोशिश करें। वे भारी भूल करते हैं यदि खास महाल को जमींदारी नहीं समझते। वह भी जमींदारी ही है और आमतौर से खास महाल का जमींदार कलक्टर समझा जाता है। फर्क इतना ही है कि अन्य जमींदार जहाँ और जमींनों के मालिक हैं तहाँ खास महाल का मालिक सरकार ही है। इसीलिये उसे 'खास' कहते हैं। तो भी खास महाल और जमींदारियों से अच्छा इसलिये है कि वहां वे गरो या अबवाब नहीं चलते और गैरकानूनी जुल्म नहीं होते। रह गई बम्बई आदि में प्रचलित रैयतवारी की बात। यह ठीक है कि वहाँ जमींदारी नहीं है। लेकिन इसी की बहनें खेती प्रथा, इनामदारी, जागीरदारी जन्मी प्रथा, और साहुकार जमींदार प्रणाली प्रचलित है। सारांश यह है कि सरकार और किसानों के बीच कोई न कोई शोषक दल सर्वत्र है, अन्ततोगत्वा कहीं कहीं किसान ही हजारों एकड़ जमीन रखते हैं और दूसरोंके साथ शिकमी बन्दोबस्त करते हैं। और जमींदारी प्रथाके खत्म करनेका अर्थ है कि खेती करने वाले (किसान) और सरकारके बीचमें कोई न रहे जो किसान से लगान लेकर कुछ स्वयं हजम करे और कुछ सरकार को दे। हर किसानके पास उसके परिवार के गुजारे के लायक काफी जमीन हो और उसे सरकार को नाममात्र का माल या कर देना पड़े। असल में किसान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

ही अपनी जोत जमीन का मालिक है। और इन्कम टैक्स की तरह उसे अपनी एक निश्चित आमदनी से अधिक आमद पर सिर्फ टैक्स लगे। लेकिन इतने से ही उसकी तकलीफें दूर न हो जायंगी। इसके लिये तो उसे किसान मजदूर राज्य स्थापित करना होगा जैसा कि पहले कह चुके हैं। जैसे अनेक बीमारियाँ होती हैं और एक के दूर हो जाने पर भी दूसरी रह सकती है और उससे कष्ट भी हो सकता है। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि दूसरी से कष्ट है इसलिये पहली का हटाना बेकार है। किसानों के कष्टों के कई कारणों में एक प्रधान कारण जमींदारी प्रथा है और इसे दूर करना है, बस यही अर्थ है। इसके बाद कष्ट के और कारणों का पता लगाकर उन्हें भी दूर किया जायगा।

जो लोग जमींदारी के सुधारने की बात कहते हैं और उसके मिटाने का विरोध करते हैं या यों कहते हैं कि उसके सुधार की कोशिश की जाय और यदि न सुधरेगी तो स्वयं मिट जायगी उनसे हम पूछते हैं कि साम्राज्यशाही के मिटाने की बात भी वे क्यों नहीं छोड़ देते? उसे भी सिर्फ सुधारने में ही लग जायं। यदि वह न सुधरेगी तो समय पाकर स्वयं मिट जायगी। जिस प्रकार जमींदारी एक निन्दित प्रथा है उसी प्रकार साम्राज्य शाही भी पूंजीवाद रूपी प्रथा का अत्यन्त विकसित और भयंकर रूप है। यदि साम्राज्यशाही सुधर नहीं सकती तो जमींदारी कैसे सुधरेगी जिसका जन्म ही पाप मय है? जमींदारी के सुधारने की आशा करना कोयले को साबुन से धोकर सफेद करने या बालू से तेल निकालने की आशा के समान ही है। यह कहना कि खेती करने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

वाले की ही तरह उसमें रुपया और सामग्री (Money and Matrial) जुटाने वाले कोभी साझीदार समझना चाहिये और जमींदार रुपया तथा सामग्री लगाते हैं, बिल्कुल गलत बात है। यदि हल बैल, बीज, या पूंजी देकर और आबपाशी आदि का प्रबन्ध करके जमींदार साझीदार बनाना चाहता तो यह बात समझमें आती भी। मगर वह तो ऐसा कुछ करता नहीं। वह तो मुफ्त ही किसान की कमाई को हड़प लेना चाहता है, हड़प लेता है। चाहे फसल मारी जाय, मगर वह तो पाई पाई लगान सूद के साथ वसूलता ही है। यही साझेदारी है? यह साझीदारी का सिद्धान्त गलत भी है। किसान के पास तो इतनी पूंजी चाहिये ही कि वह खेती में लगे। यदि दूसरा कोई पूंजी लगाना चाहता है तो वह स्वयं खेत लेकर उसमें लगाये और खेती करे। पैसे के बल से दूसरे की कमाई खाने का सिद्धान्त ठीक नहीं है। यह तो सिर्फ सरकार का ही काम है कि किसान के लिये जमीन और पूंजी की व्यवस्था कर दे और उससे थोड़ा सा टैक्स सिर्फ इसलिये ले कि फिर उसी की भलाई में उसे खर्च करे।

यदि जमींदारी, साहुकारी और पूंजी के द्वारा होने वाला शोषण बन्द न होगा और स्वराज्य के समय भी ये चीजें रहेंगी तो किसानों की गरीबी भी रहेगी ही। क्योंकि स्वराज्य होने पर जमीन से घी, दूध या गेहूं, चावल की न तो वर्षा ही होगी और न पनाले ही फूटेंगे। ऐसी हालत में जो पैदावार होगी वह तो जमींदारों और साहुकारों आदि के हाथ में आज की ही तरह जायगी। फिर किसान क्या खायेगा? कल कारखाने खोलकर गरीबी दूर करने की बातें मनोमोदक मात्र

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

है। चीनी के पचासों कारखाने बिहार में खुल गये। मगर क्या किसानों की गरीबी और तकलीफ घटी? या कि उलटे बढ़ी? ये कारखाने तो बेकारी को बढ़ाते और किसानों को सताते हैं। हां, पूंजीवाद न हो और सभी कारखाने किसान, मजदूरों और उनमें काम करने वालों के हो जायं तो बात ही दूसरी है। मगर पूंजीवाद का अन्त करने से पूर्व जमींदारी का अन्त करना ही जरूरी होगा।

मुआविज़ा और कीमत देकर ?

बहुत लोगों का कहना है कि जमींदारी प्रथा का अन्त तो जरूर हो, मगर जमींदारों को उसकी कीमत (मुआविजा) दी जाय। लेकिन हमारी समझ में यह बात नहीं आती। उन्हें कीमत किस बात की मिलेगी? क्या १७९३ में उन्होंने किसानों से जमींदारी कीमत देकर खरीदी थी? इतिहास का कोई भी पन्ना क्या इसका साक्षी है? कलम की एक नोक से किसानों की सारी जमीन छीनकर जमींदारों को सौंप दी गई-उन्हीं लोगों को जो पहले मुगल सरकार के जमाने में सरकारी मालगुजारी की वसूली में कमीशन एजेन्ट थे और जिन्हें आज भी नेपाल राज्यमें जिम्मेदार कहते हैं, जिम्मेदार का अर्थ है कि सरकार ने अपने वसूली के लिये उनको कुछ मौजों का जिम्मेदार बना दिया था और वसूली के मुताबिक फी सैकड़ा पांच से दस रुपये तक कमीशन उन्हें देती थी। यही बात हाल में युक्त प्रांतीय असेम्बली में वहाँ के माल मन्त्री ने भी कही थी। इस प्रकार यह जमींदारी तो एक प्रकार से चोरी या लूट का माल ठहरा और यदि आज हमें उसका पता लग गया तो पुराने मालिकों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

(किसानों) को वह वापस तो मिल जाना ही चाहिये, कीमत की बात कैसी ? जिन लोगों ने दाम देकर पीछे औरों से जमींदारी खरीदी है उन्हें भी कीमत का दावा करने का हक नहीं। आखिर चोरी या लूट का माल जो खरीदता है वह भी गुनहगार ही है और पता लगने पर उसे कीमत के बदले दूसरी चीज मिलती है। हाँ, यदि जमींदारी की पैदाइश जोर जुल्म या छीना झपटी से न हुई रहती और खरीद बिक्री के द्वारा ही इसकी उत्पत्ति हुई रहती तो बात दूसरी थी। मगर यह तो जबर्दस्ती छीनी गई है। और इसका साक्षी इतिहास है। इतने पर भी यदि जमींदार कीमत माँगते हैं तो किसान गुजश्ता १४५ वर्षों का वासिलात क्यों न मांगे ? और अगर ऐसा हो तो उन्हें तो लेने के देने पड़ जायेंगे। ऐसी हालत में अपनी परवरिश के लिये जमीन, रोजगार या रुपया पैसा अगर जमींदार चाहें तो यह चीज समझ में अच्छी तरह आ जाती है और उनकी यह मांग पूरी की जा सकती है क्योंकि शान्ति के साथ वे लोग इस जमींदारी का नामोनिशान मटियामेट करने दें।

लेकिन कीमत की तह में कई गंभीर और पेचीदा बातें भी हैं जिनका विचार निहायत जरूरी है। आखिर जमींदारों को यह कीमत देगा कौन और कहाँ से ? बिहार की समूची जमींदारी की कीमत कमसे कम एक अरब रु० बताई जाती है। वह एक अरब कौन देगा ? बड़े बड़े पूंजीवाले और बैंक ही तो देंगे। परिणाम यह होगा कि हम जिस जनता के हाथ में शासन सूत्र लाना चाहते हैं वह न होगा और स्वराज्य के पहले ही यहाँ की सरकार पूंजी वालों के हाथ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

में बंधक हो जायगी, उनके शिकंजे में कर्जदार की तरह जकड़ जायगी। दूसरी ओर उसी रुपये से आज के जमींदार कल कारखाने खोलकर मालोमाल बनेंगे और जमींदारों के स्थान पर देश का सारा कारबार उन्हीं के हाथ में चला जायगा। फलतः मालदारों को दोनों तरफ से लाभ ही होगा। एक ओर बैंकों और धनियों का दबाव, दूसरी ओर कल कारखानेदारों का जोर, इन दोनों के बीच स्वराज्य सरकार की कचूमर निकल जायगी। साथ ही, जो जमींदार अपनी जमींदारी के ज़रिये किसानों पर ज़ुल्म करते थे वही अब एक ओर कच्चा माल खरीदने में और दूसरी ओर मिलों में काम करने वालों के साथ व्यवहार करने में वही अत्याचार करेंगे, बल्कि वह और भी भीषण हो जायेगा, सुसंगठित बन जायगा। इस प्रकार 'रोजा को गये, नमाज गले पड़ी' वाली कहावत चरितार्थ हो जायेगी।

जो लोग राय देते हैं कि जमींदारों को केवल साढ़े तीन या चार रुपया सैकड़ा सालाना सूद ही उनकी कीमत पर दिया जाय वह भी सोचते नहीं कि सालाना यह चार करोड़ कहां से आयेगा। बिहार सरकार तो स्वयंमेव अर्थ संकट से तबाह रहती है। ऐसी हालत में बराबर कर्ज़ लेकर देते रहने का भी वही अर्थ हुआ। बल्कि अन्ततोगत्वा इसका असर एक बार देने की अपेक्षा और भी बुरा होगा। यदि सरकार ही जमींदारियों को लेकर इन्तजाम करे तो यह जमींदारी का मिटना कैसे हुआ? आखिर खास महाल का मजा भी तो किसान चख ही चुके हैं। अतएव बिना कीमत या मुआविजे के ही जमींदारी का अन्त करना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

होगा और किसान सभा का यही लक्ष्य है।

ऋण और बकाया लगान का अन्त

इसी प्रकार किसानों और गरीबों की छाती पर चक्की की तरह लदे ऋण की भी इति श्री किये बिना गुजर नहीं। एक तो किसान इस ऋण को दे नहीं सकता। उसकी तो कमर और रीढ़ टूट चुकी है। अब इस बोझ को वह बर्दाश्त नहीं कर सकता। अतएव सदा के लिये उसका पिंड इससे जल्द से जल्द छूट जाय इसी में कल्याण है और इसका एक ही तरीका है कि सरकारी कलम की एक नोक से ही किसानों के सभी ऋण खत्म कर दिये जायं। यदि देखा जाय तो पता चले कि महाजनों ने सौ की जगह हजार और उससे भी ज्यादा वसूल कर लिया है। फिर उनकी बही में बाकी दर्ज है। एक तो सूद की दर बहुत ज़्यादा है, खासकर गल्ले की। दूसरे दरसूद के चलते वह और भी खतरनाक हो जाती है। एक पैसे और एक आने से लेकर चार आने फी रुपये तक सूद लिया जाता है। तिस पर भी दरसूद। सौ रुपये का ऋण लिया तो डेढ़ और दो सौ का दस्तावेज लिखाया जाता है। अतएव इस अन्धेर खाते का खात्मा एक ही धक्के में कर डालना ठीक है। महाजनों और बैंकों ने गरीबों को काफी लूटा है। पटना जिलेमें हमने देखा कि एक जगह बहुत बढ़िया खेत २५—३० रुपये बीघे में ही कोआपरेटिव बैंक ने नीलाम करवा लिया है जिसकी कीमत आज भी पांच सौ रुपये बीघे से कम नहीं हो सकती। महाजन लोग ऐसा ही करते हैं और किसान की बेबसी से अनुचित लाभ उठाते हैं। फलतः

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

किसानों को उनके आज तक के कर्ज से बरी कर देना ही ठीक है। हाँ, यदि किसी का कर्ज ऐसा हो जो चुकता न हुआ हो तो उसको चुकता करने की जिम्मेदारी सरकार अपने ऊपर ले सकती है। जब कि इङ्गलैंड और फ्रान्स आदि की सरकारों ने नर संघार के लिये लिया हुआ जर्मन युद्ध का ऋण देने से इनकार कर दिया तो किसान की क्या बात ? उसने तो जमींदारों को देने के ही लिये या बीज और बैल आदि के ही लिये अधिकांश कर्ज लिया है।

एक बात और। बिहार की कुल जमीन, जँगल, पहाड़, नदी वगैरः मिलाकर इस समय ४४३२४१७३ एकड़ है, जिसमें खेती वाली २०३०१९०० एकड़ है। यहाँ की जन संख्या करीब साढ़े तीन करोड़ है जिनमें करीब ढाई करोड़ किसान हैं। इस प्रकार हिसाब लगाकर देखने से फी किसान औसतन पौन एकड़ से भी कुछ ही ज्यादा पड़ती है। इधर सरकारी रिपोर्ट देखने से पता चलता है कि एक एकड़ की औसतन कीमत सवा सौ और डेढ़ सौ के बीच में है। १९२९ में वह १२८), १९३० में वह १२२) और १९३२ में १३४) थी। इसका सीधा अर्थ यह है कि प्रत्येक किसान के हिस्से में जो जमीन पड़ती है यदि उसे बेंच डाले तो १००) भी मुश्किल से ही उसे मिलेंगे। इधर कर्ज की हालत यह है कि बिहार के गावों का कुल ऋण जो १९२९-३० में १५५ करोड़ था उसमें किसानों का हिस्सा १२९ करोड़ माना गया है। यह सरकारी कमिटी का हिसाब है। हमारे हिसाब से तो इससे कहीं ज्यादा है जानकारों का यह भी कहना है कि बैंकिंग कमिटी ने भारत के गांवों का कुल ऋण जो करीब ९ अरब १९२९-३० में कूता था वह १९३६-३७ में प्रायः १५

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

अरब और १९३८ में १७—१८ अरब से कम नहीं है अर्थात् गत ९ वर्षों में करीब २ दूना हो गया है। इस हिसाब से बिहार के किसानों का ऋण भी १२९ करोड़ से बढ़कर प्रायः ढाई अरब जरूर हो गया है जो प्रति किसान औसतन सौ रुपया पड़ता है। नतीजा यह होगा कि यदि सारी जमीन बेंचकर सिर्फ कर्ज चुकाना चाहें तो भी किसान कठिनाई से पार पा सकते हैं।

इसीलिये जहां एक ओर इस भयंकर कर्ज को रद्द कर देने के अलावे और कोई चारा ही नहीं। तहाँ दूसरी ओर सरकार की ओर से अधिक से अधिक ५ या ६ रुपये सैकड़ा सालाना की दर से किसानों को कर्ज मिलने की व्यवस्था होनी चाहिये। केवल सूद की दर कानून के जरिये घटा देने से काम न चलेगा। चालाक सूद खोर पहले भी ऐसा करते थे और अब तो और भी सौ रुपये देकर दो तीन सौ के कागज लिखाया करेंगे। हां जिस प्रकार बनियों के लिये दिवालिया कानून है वैसा ही पर बहुत आसान, दिवालिया कानून किसानों के भी लिये हो तो उससे कुछ सहायता मिल सकती है।

इसी प्रकार किसानों के ऊपर जो बकाया लगान है, चाहे उसकी डिग्री हुई है या नहीं उसको भी कलम की एक नोक से रद्द किये बिना गुजर नहीं है। चाहे हजार कोशिश की जाय, मगर किसान दे नहीं सकता। इतने पर भी यदि उसे बार बार दबाया और दिक किया जायगा तो वह निश्चय ही अधीर (Desperate) हो जायगा और उसका परिणाम किसी के भी लिये अच्छा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

न होगा। यदि जमींदारों के साथ कदम कदम पर संघर्ष होने न देना है तो पिछली गन्दगी का खात्मा होना चाहिये और बकाये को रद्द करके नये सिरे से देने पावने का सिलसिला जारी करना चाहिये बकाये में थोड़ी या ज्यादा कमी करने से अब काम चलने का नहीं। गत नौ वर्षों की सस्ती के समय में जमींदारों ने किसानों को इस कदर बेरहमी से कानून की छत्र छाया में चूसा और पस्त किया है कि अब उनके पास कुछ रह ही नहीं गया है। खूबी तो यह कि आज भी किसानों के लगान की कमी को वे बर्दाश्त नहीं कर सकते और सारी शक्ति लगाकर उसे रोकना चाहते हैं।

लगान और नहर रेट में काफी कमी।

इस प्रकार कर्ज और बकाया लगान को रद्द करने के बाद भी जब तक आगे के लिये लगान में काफी कमी न होगी किसान पनप नहीं सकते, लगान चुका नहीं सकते। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार गल्ले की कीमत ६० फी सदी घट गई है, यानी जितना गल्ला बेचने पर पहले ढाई रुपया मिलता था उसीका अब एक रुपया मिलता है। फलतः आमतौर से यदि ढाई की जगह एक नहीं तो दो की जगह एक तो होना ही चाहिये और जहाँ ज्यादा लगान है वहां तिहाई या चौथाई मात्र रखके बाकी अंश सदा के लिये खत्म किया जाना चाहिये। दृष्टान्त के लिये १५) हो तो ४) या ५) से ज्यादा लगान नहीं रहना चाहिये। और इसके घटाने का तरीका क्या हो? क्या बारह आने के स्टाम्प पर फी किता दरखास्त दी जाय और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

वकील रखे जायं ? हर्गिज हर्गिज नहीं। यह बात किसान के सामर्थ्य के बाहर की है और ऐसा करने में जमींदार डराते धमकाते तथा फुसलाते हैं। तरीका यही है कि सरकार घोषणा कर दे कि किस हिसाब से लगान घटेगा और हाकिम मुकर्रर कर दे जो एक ओर से खतियान या रेकर्ड उठाकर आंख मूंद के घटाते चले जायं। उसमें किसी के बोलने या आगे चीं चपड़ की गुंजाइश न हो। आज तो एक विचित्र लीला है। एक ओर लगान घटाया जाता है दूसरी ओर काश्तकारी कानून की १०४ धारा की दर्जनों उपधाराओं के अन्दर अपील के जरिये किसान को तंग करने और घटाये लगान को फिर बढ़ाने की कोशिश जमींदार करते हैं। आखिर उस मुकद्दमे बाजी की घुड़दौड़ में गरीब किसान कहाँ तक टिक सकता है। क्या कांग्रेसी मन्त्रिमण्डल ने इसे विचारा है? किसान को जो भी मिले वह सीधे और साफ हों। यह नहीं कि एक ओर तो देखने और सुनने के लिये मिले और दूसरी ओर छिन जाय और किसान को केवल खर्चा, परेशानी और निराशा हाथ लगे।

नहर रेट की बात भी कुछ ऐसी ही है। बड़ी चिल्ल पों और पुकार के बाद फी रुपये करीब एक आने की छूट मिली है। पहाड़ खोदकर चुहिया निकली। ओस चाटने से प्यास नहीं बुझती। एक ओर तो सरकार कहती और कानून बनाती है कि जिस दर से गल्ले का दाम गिरा है उसी दर से लगान में कमी होनी चाहिये। ठीक ही है। किसान दे कैसे सकता है! लेकिन जब नहर रेट की कमी का प्रश्न आया तो यह दलील भूल गई और प्रायः ३० लाख की वसूली में लाख की छूट दी गई। क्या मतलब? किसान कहां से देगा? यह दोमुंही चाल कैसी? यह भी नहीं कि नहर में घाटा हो। अब

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

तोकाफी बचत है। उड़ीसा में तो घाटा सहकरभी नहर रेट में कमी की गई थी। तो यहां क्यों न की जाय? उड़ीसा जब साथ था तो घाटा देकर भी ४ सैकड़ा बचत थी। अब तो वह अलग हो गया तो काफी बचत है। यह दलील कि, "घाटे के जमाने में और मदों से इसकी पूर्ति होती थी, अतः अब इस मद से उनकी पूर्ति की जानी चाहिये" ठीक नहीं। किसान सबों की रीढ़ है और वह टूट चुकी है। अतः उसपर भार देना खतरे को खामख्वाह बुलाना है और दूसरे मदों में भी तो घूमघामकर किसान का ही पैसा आता है। आखिर जमींदार, साहुकार या पूंजीवाले जो कुछ सरकार को देते हैं वह किसान से ही लेकर और स्टैम्प वगैरः में भी घुमा फिरा कर यही पैसे देता है। असल में यह दलील कोई चीज नहीं है। काँग्रेसी मन्त्रीमंडल ऋण के मामले में और इस नहर रेट के मामले में मालूम होता है, फैजपुर के प्रस्ताव की "काफी कमी" (Sabstantial reduction) को भूल गया है। हमें इस बारे में ऐसा जबर्दस्त आन्दोलन करना चाहिये कि उसे मजबूर होकर यह करना पड़े। क्योंकि रुपये में एक आने की कमी को कोई भी "काफी कमी" कहने की हिम्मत नहीं कर सकता। साथ ही नहर बिभाग के सनातन अत्याचार ज्यों के त्यों बने हैं उन्हें भी दूर करने के लिये किसानों को कमर कसना ही होगा। दूसरा रास्ता नहीं।

बकाश्त जमीन और सर्टिफिकेट।

किसानों के सामने दो और विकट समस्यायें हैं; बकाश्त जमीन की वापसी और जमींदारों को सर्टिफिकेट का अधिकार कतई न

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

मिलना। सर्टिफिकेट का अधिकार किसानों को किस प्रकार तबाह कर सकता है इसका ताजा उदाहरण महाराजा डुमरांव का वह जुल्म है जिसके शिकार इसी सर्टिफिकेट की ओट में भोजपुर, कदा म, सिमरी और ढकाइच के और खासकर सिमरी के किसान हाल में ही हो चुके हैं पं० यमुना कार्यी ने जो असेम्बली में सवाल इस सम्बन्ध में किये थे उनके उत्तरों से इस जुल्म पर काफी प्रकाश पड़ता है, यों तो हम लोग अच्छी तरह जानते ही हैं। निस्सन्देह इन्हीं सब जुल्मों के भंडाफोड़ और बिहार प्रांतीय किसान सभा के निरन्तर आन्दोलन ने सरकार को विवश किया है कि वह जमींदारों को भविष्य में यह अधिकार न देने की घोषणा करे और जिन्हें यह अधिकार दिया गया है उनसे भी छीन ले। लेकिन आसानी से लगान की वसूली के नाम पर प्रकारान्तर से इस सर्टिफिकेट का असली जहरीला अंश सभी जमींदारों को देने की कोशिश हो रही है और कानून बनने जा रहा है यह जानकर किस किसान और किसान हितैषी को मर्मान्तिक वेदना न होगी? हम इस चीज को बर्दाश्त नहीं कर सकते। हम साफ पूछना चाहते हैं कि लगान की आसानी से वसूली (Speedy realisation) के नाम पर जो कुछ संशोधन किया जाता है वह सर्टिफिकेट का असली खतरनाक हिस्सा नहीं है तो और क्या? खास मुन्सिफ रहेगा सर्टिफिकेट आफिसर की जगह। एक महीने की नोटिस ठीक वैसे ही देगा। नोटिस की तामील का तरीका वही पुराना होगा और किसान को पता लगा या न लगा क्योंकि मुन्सफी के केसों में अक्सर नहीं लगता और डिक्री तथा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

तीन महीने के भीतर बारान्शारा हो जायगा। किसी भी हालत में ६ महीने से ज्यादा समय लग नहीं सकता। बिना पूरी रकम जमा किये नोटिस न मिलने का उज्र सुना न जायगा। ये सब बातें यदि कानून में डाल दी गईं तो फिर सर्टिफिकेट का क्या बच रहेगा? यदि ऐसा हुआ तो किसानों को इसके विरोध में प्राणपन से कोशिश करनी होगी। हमें तो अभी सजग हो जाना चाहिये कि ऐसा होने ही न पाये। नहीं तो किसान खत्म हो जायेंगे।

बकाश्त जमीनका प्रश्न भी टेढ़ा है। असल में इसके बारे में जमींदारों ने हमेशा बेईमानी और धोखेबाजी से काम लिया है और आज भी उससे बाज आना नहीं चाहते। बिहार काश्तकारी कानून की २०,२१ धाराओं के पढ़ने से, जो पहले से ही बनी हैं, साफ मालूम होता है कि किसी भी मौजे में लगातार १२ वर्ष तक जिसके परिवार में खेती होती रहे. और वह खेती चाहे एक ही खेत में होती हो या अनेक खेतों में और चाहे हर साल वह खेत बदलतेही क्यों न रहते हों, वह किसान "सेटल्ड" (Settled) रैयत कहा जाता है और जो बकाश्त उसे जोतने को दी गई वह फौरन उसकी हो गई जिससे वह बेदखल किया नहीं जा सकता जब तक उसका लगान देता रहे। ९९ फी सदी बकाश्त जमीनें ऐसी ही हैं और उन पर किसानों का मौरूसी हक हो गया है। मगर जमींदार इस बात का कोई कागजी सबूत किसान के पास रहने नहीं देता और मौके पर इनकार कर देता है कि हमने वह जमीन किसान को नहीं दी है हम स्वयं जोतते हैं ऐसा झूठा दावा करता है और छल फरेब से बहुत जगह सफल भी हो जाता है। जब तक किसानों का पूरा संगठन न हो और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

अपने हक पर वे मरने मिटने को तैयार न हों जायं यह बात बराबर होती ही रहेगी, इसका दूसरा उपाय नहीं है। कानून कुछ नहीं कर सकता। वह भी तो धन और शक्ति का ही साथी है, उसी का मददगार है।

आज बकाश्त जमीन लौटाने के नाम पर जो समझौता कांग्रेस के नाम पर हुआ बताया जाता है उसका मतलब यदि पूर्वोक्त बकाश्त जमीनों के लौटाने से है तो उसमें सरासर धोखा है। क्योंकि वह जमीनें तो कानूनन किसानों की ही हैं। फिर उन्हें किसानों को लौटाने की क्या बात? और उन्हीं के लिये पुरानी डिग्री का आधा रुपया किसान क्यों देने लगे? यदि यह समझौता दूसरी बकाश्त जमीनों के बारे में है जो १६२६ और १६३६ के बीच नीलाम हुई हैं, जो आठ या दस हजार या ज्यादा सालाना आमदनी वाले जमींदारों के पास हैं और जिन्हें उन्होंने ता० २२—३—३८ तक किसी के साथ पक्का बन्दोबस्त नहीं किया है सो भी सिर्फ वही जमीनें जिनपर इजाफा हुआ था या जिनका भावली से नगदी हुई थी. सो हमारा फिर भी यही कहना है कि इसमें भी वही धोखा है। एक तो थोड़े से ही बड़े जमींदारों की थोड़ी सी ऐसी जमीनें हैं, सो भी उन्होंने प्रायः सभी को दूसरों के हाथ पहले ही बन्दोबस्त कर दिया है। फिर कानून बनाने की जरूरत क्या थी? इस ढिंढोरे से क्या लाभ कि बकाश्त जमीन लौटाई जायगी? यदि कानून ही बनाना है तो ऐसा बनाइये कि सर्वे के बाद से लेकर आज तक छोटे बड़े सभी जमींदारों ने बकाया लगान में जो जमीनें नीलाम, इस्तीफा या बैनामे के जरिये बकाश्त बना ली हैं सभी वापिस मिल जायं। नहीं तो रहने दीजिये।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

चार काम करने होंगे।

यही तो संक्षेप में किसानों के मुख्य तात्कालिक प्रश्न हैं और इन्हीं के साथ किसान मजदूर राज्य या असली स्वराज्य का प्रश्न लगा हुआ है। यदि हम इनका हल करने में मुस्तैदी से लग जायं तो हमारी मुसीबतें भाग जायं और किसान सुखी हो जायं। मगर मुस्तैदी से लगने का अर्थ क्या है यह समझ लेना चाहिये हमें इसके लिये किसान सभा का जबर्दस्त संगठन करना होगा। और गांव से लेकर प्रान्त तक जोरदार किसान सभाओं का तांता बना देना होगा। जो सोता है वह लुट जाता है और जगने वाले को लूटना आसान काम नहीं है। हमें अपने जागरण का सबूत देना होगा। मुर्दें को या तो जलाते या गाड़ देते हैं। हमारी भी यही हालत अब तक रही है। हमारे शत्रु सदा हमें जलाने और गाड़ने की कोशिश वंश परम्परा से करते आये हैं—नहीं नहीं, उन्होंने हमें जलाया और गाड़ दिया है। फिर भी आश्चर्य है कि हम न जाने कैसे अब तक बचे हैं। असल में उन्हें हमारी जरूरत है। बिना हमारे उनका काम चल नहीं सकता। हमीं तो बासमती, गेहूं घी, दूध, मलाई उपजाते हैं और वे खाते हैं। हमीं तो उनकी शारीरिक सेवा नौकर चाकर के रूप में करते हैं। यदि हम न रहें तो वे बिना मौत मर जायं। इसीलिये "मरे न मोटाय" के अनुसार हमें किसी प्रकार उन्होंने जिन्दा रखा है।

लेकिन आखिर हमारा क्या फर्ज है? क्या यों हीं नारकीय जीवन बिताते रहें औ[illegible] पड़े रहें? नहीं, हमें जिन्दा होने का सबूत देकर इस नारकीय [illegible] मिटाकर इसे सुखमय बनाना चाहिये। मगर इसके लिये [illegible] है। जिनका स्वार्थ हमारे स्वार्थ से विपरीत है वे हमें ऐसा [illegible]पि करने न देंगे। वे पहले से ही काफी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

और संगठित हैं। अतएव सफलता पूर्वक उनका मुकाबिला
के लिये हमें चतुर और संगठित बनना पड़ेगा। दूसरा मार्ग
यही है किसान सभा का रहस्य, बिना इसके जमींदारों का
बिला कर नहीं सकते हमें गोल मोल बातों में न पड़ श्रेणी गत
(Class interest) के आधार पर अपना सुदृढ़ संगठन बनाना
। हमें मोर्चे बन्दी करनी होगी। इसके विपरीत जो बोले वह
हमारा शत्रु होगा या शत्रुओं का दोस्त और मददगार।
उसकी बात में भूल कर भी न पड़ना होगा। हमें व्रत लेना
कि किसान संगठन को सुदृढ़ बनाकर ही दम लेंगे। फिर
सारी बाधायें विलीन हो जायेंगी। दृढ़ संकल्प और अध्यव-
के सामने बाधायें टिक नहीं सकती हैं, पहाड़ भी पिघल
हैं। यही कर्म योगियों का सनातन अनुभव है।
इस संगठन के दौरान में हमें चार काम ढङ्ग के करने होंगे। (१)
न सभा के लाखों मेम्बर हर जिले में बनाने होंगे। कोशिश यह
कि हर बालिग मर्द और औरत किसान सभा के मेम्बर बन जायं
से कम हर थाने में २०-२५ हजार मेम्बर बनें और इस प्रकार
न सभा की मेम्बरी का रजिस्टर पहाड़ की तरह शत्रुओं को
ना प्रतीत हो और ठंड पड़ जायं। जो मेम्बर होंगे और
आना पैसा साल में देंगे उन्हें सभा से ममता होगी।
ता होगा जिससे सभा की ताकत बढ़ेगी। (२) किसान सेवक
कायम करना होगा। हर थानों में दो ढाई सौ सुशिक्षित
न सेवकों का दल बनना चाहिए जिनका काम हो कि गाँवों
चक्कर लगाते रहें और पहरा दें। उन्हें देख कर किसानों
हिम्मत होगी और दुश्मन दहल जायेंगे। सेवक दल के बिना
सान सभा का जोरदार काम बाकायदे चल नहीं
ता। (३) किसान-कोष का संग्रह करना होगा।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

आखिर इन किसान सेवकों को खिलाना पिलाना और कपड़ा लत्ता देना ही होगा। उनके रहनेका प्रबन्ध भी करना होगा। घर से लेकर यह काम भाड़े पर कब तक चलेगा ? किसान सभा का ऑफिस भी चलाना होगा ठिकाने से। और यह बिना अन्न धन के हो नहीं सकता। इसलिये हर किसान का फर्ज है विवाह, श्राद्ध, उपनयन, खेत, खलिहान हर मौके पर इस कोष के लिये कुछ न कुछ निकाले और किसान सभा में दे। (४) 'जनता' का घर घर और गाँव गाँव प्रचार करना होगा। बहुत सी पत्र पत्रिकायें हैं और उनमें किसानों की बातें भी पाई जाती हैं। मगर 'जनता' किसानोंकी अपनी है यह बेमुरव्वत होकर बेलाग किसानों की बातें लिखती और उनके लिये पगपग पर हरदम युद्ध करती है। इसीलिये इसका जन्म हुआ है। इसमें किसानों का दर्द है, उनकी आह है, उनकी चीख है और सभी से त्राण पाने का मन्त्र और उपाय भी इसके पन्ने २ में है। अतएव हमें प्रण कर लेना चाहिए कि इस के लाखों ग्राहक बनाकर ही दम लेंगे। बस, ये चार काम आप लोग कर डालें बाकी हम लोग देख लेंगे और आप तथा दुनिया साश्चर्य नेत्रों से देखेगी कि आप कहां से कहाँ जा बढ़े और आप की मुसीबतें न जाने कहां भाग गईं।

श्रेणीयुद्ध और ख्याली ख़तरे

लेकिन यहाँ पर हमारे अनेक दोस्त चौंक पड़ते हैं और कहते हैं कि यह तो श्रेणी युद्ध की तैयारी हो रही है जिसमें हिंसा ही हिंसा है। साथ ही किसान सभा कांग्रेस की समानान्तर या मुका-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

ले की संस्था बन रही है या बन जायेगी और इस प्रकार आ-ादी की लड़ाई में बाधा होगी । लेकिन उन्हें समझ लेना चाहिये आजादी की सब से ज्यादा जरूरत किसानों को ही है क्यों उनके लिये इस आजादी के साथ रोटी और कपड़े का—जीवन का प्रश्न लगा हुआ है। यह बात जमींदार और मालदार के थ नहीं है। उनके लिए आजादी का प्रश्न या तो कौतूहल चीज है या अपने शोषण को और भी पक्का और वैज्ञानिक बनाने साधन है। फिर कोई भी किसान या उसका सच्चा हितैषी उस ादी के संग्राम में बाधा पहुँचाने की बात सोचकर या काम कर अपने पांव में कुल्हाड़ी क्यों मारेगा? यदि किसान सभा के कार्य सच्चे किसान हितैषी नहीं हैं तो जो ऐसे हों वही यह काम नहीं चलाते? न तो स्वयं करना न दूसरे को करने देना यह जा बात है। रह गई श्रेणी युद्ध की बात। सो उसकी तैयारी ? वह तो सदा से जारी है अन्तर यही है कि धनिक श्रेणी तक असहाय असंख्य कमाने वाले ं पर निष्ठुर आक्रमण करती है और किसी ने चूं तक न की। पर ज्योंहो ये कमानेवाले उस आक्रमण को रोकने की तैयारी करने लगे कि श्रेणी युद्ध का बावेला गया! यह तो बेईमानी और पक्षपात है। ठीक ही है कि "हम भी करते हैं तो हो जाते हैं बदनाम। वह कत्ल भी करते हैं तो नहीं होती" आखिर जमींदारों और पूंजी पतियों की संगठित श्रेणी युद्ध नहीं है, तो है क्या? क्या यह गरीबों की पूजा सा है? श्रेणियों और उनके स्वार्थों को मानकर भी श्रेणी युद्ध आंख मूंदना "गुड़ खाकर गुलगुले से परहेज" करना है। हमारे या दुनिया में जमींदार, किसान आदि श्रेणियों से कौन इनकार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

कर सकता है और उनके स्वार्थ परस्पर विरोधी हैं यह ठोस सत्य है। इजाफा हटे, लगान घटे बाकी रद्द हो, बेगार जोर जुलम हटे तो किसान का हित है। मगर जमींदार छाती पीटता है और उसका स्वार्थ ठीक उलटा है। फिर तो विरोधी स्वार्थों का संघर्ष होगा ही और यही श्रेणी युद्ध या वर्ग युद्ध। जमींदारी और पूंजी मिटा दीजिये और यह युद्ध स्वयं खत्म हो जायगा। लेकिन इन चीजों को रखके वर्ग युद्ध मिटाने की बात मनोराज्य मात्र है।

हिंसा का भूत सर्वत्र देखने वालों की बुद्धि पर हमें तर्स आता है। जो लोग अहिंसा के बड़े पुजारी बने हैं क्या वे आत्म रक्षा के कानूनी और नैतिक हक को छोड़कर अपनी और अपनी जान माल की रक्षा कर सकते हैं? यदि उनका पड़ोसी हमला करे और लूट पाट मचा दे तो क्या आत्म रक्षा में वे बल प्रयोग न करेंगे? कहना आसान है, करना असम्भव है। तो आखिर किसानों का सङ्गठन क्या है। सिवाय दुश्मनों की सङ्गठित हिंसा के विपरीत अपनी रक्षा की तयारी के?

समानान्तर या मुकाबिले की संस्था होनेका भूत बराबर देखने से काम न चलेगा। किसने १८८५ में सोचा था कि कांग्रेस साम्राज्यशाही से सफलता पूर्वक भिड़ेगी और उसका अन्त करने पर तुल जायगी? भविष्य वक्ता बनना बड़ा खतरनाक काम है, खासकर राजनीति में। किसी बात का बार बार याद दिलाना और उसी के आधार पर ताना जनी करना भी बुरा है। इसी तानाजनी ने रूस के किसानों और मजदूरों को बोल्शेविक बनाया, जब कि वे जानते तक न थे कि बोल्शेविक या बोल्शेविज्म कौन चिड़िया है सम

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

सार होने के खतरे को रोकने का उपाय किसान सभा का विरोध नहीं है। किन्तु एक ओर कांग्रेस के तपे तपाये सिपाही किसान सभा को बागडोर अपने हाथ में लें और दूसरी ओर किसानों की मांगों का वेखटके और बेमुरव्वत होके कांग्रेस समर्थन करे सक्रिय रूप से। यदि इतने पर भी मुकाबिले का डर हो तब तो मानना ही पड़ेगा कि कुछ और कसर है। यदि सामूहिक रूप से कांग्रेस पके पकाये कार्यकर्त्ता. किसान सभा में रहके भी यह बात रोक नहीं सकते तब तो मानना पड़ेगा कि यह अवश्यम्भावी और जरूरी चीज है और इसकी कोई दवा नहीं। बल्कि बिरोध करने पर ही इसका ज्यादा खतरा है।

असल बात है कि इधर हम तो किसानों की पीड़ाओं को दूर तक पहुंचाने और सुनाने को कोशिश करते हैं और उधर राजनीतिक गुत्थियों की ओट में हमारी पुकार बन्द करने की कोशिश की जाती है और खतरे को यह बनावटी घण्टी बजाई जाती है। उधर राजनीति सूझती है, इधर प्राणों पर आ बनी है। "उन्हें अठखेलियां सूझी, हम बेजार बैठे हैं"। मालूम होता है हमारी, किसानों को वेदनाओं को भनक उन तक नहीं है। नहीं तो ये दलीलें कभी न उठतीं। काँलिक पेन [भीषण दर्द] जिसके पेट में हो वह तर्क दलीलें नहीं सुनता, किन्तु चीखता जाता है, जब तक दर्द बन्द न हो। उसके लिए तो एकही दलील है कि वह दर्द खत्म किया जाय। यदि उसकी आहोजारी से, चीख से आप के काम में बाधा पड़ती है तो बला से,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उसके प्राणों की भी तो बाजी उधर लगी है। वह तो अपने वश में भी नहीं, उस दर्द का बन्दी है। फिर आप को क्यों सुनने लगा? आप का यह सुनाना भी किस अक्ल की बात है? खेद है कि आप उसकी स्थिति में नहीं। अतएव उसी की व्यथा को समझ नहीं सकते। अनुभव कर नहीं सकते। नहीं तो इस चीख पुकार की यों निन्दा भर्त्सना नहीं करते। यह तो वही बात हुई कि—

"हम सुनाते हैं दर्दे दिल अपना।
वह समझते हैं दिल्लगी दिल की॥"

हमें इन बातों और तर्क दलीलों की पर्वा न करके आगे बढ़ने के लिये कमर कस के विश्वास के साथ अग्रसर होना चाहिये। जिस सिपाही को अपने लक्ष्य की प्राप्ति में अटल विश्वास नहीं वह कदापि विजयी नहीं हो सकता। इस विश्वास में अपार शक्ति है। हम इस शक्ति के बल पर सीना खोल के डटे तो विजयी होंगे जरूर। शर्त यही है कि हम भी कवि के शब्दों में जपते रहें कि—

"कह दे कोई धनवानों से, हम भी दुनिया में रहते हैं।
वे मौज करें हम घुल घुल के दिनरात मुसीबत सहते हैं"॥

:: इन्किलाब जिन्दाबाद ::

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

किसानों को फँसाने की तैयारियां

लेखक

स्वामी सहजानन्द सरस्वती

[मूल्य एक आना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

श्री दीनबन्धु पुस्तकालय सिमरी (शाहाबाद)

पाठकों को चेतावनी

हर एक पाठक महाशय को चेतावनी दी जाती है कि पुस्तक १५ दिन से अधिक अपने घर पर न रखें। यदि इतने समय में पूरी न पढ़ सकें तो जमा करा कर फिर ले जा सकते हैं। पुस्तक खूब सम्हाल कर रखें। पुस्तकें फट या खो जानेपर वी० पी० एवं जिल्द खर्च समेत पूरी कीमत देनी होगी।

नोट—सदस्यों को १) वार्षिक चन्दा और कमसे कम ५) जमा करना होगा।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

प्रवेशिका

हालमें ही कलकत्ते से प्रकाशित होने वाले मासिक पत्र "भूमिहार ब्राह्मण" ने मुझ से लेख मांगा। पहले तो मैं हिचकिचाया और इनकार करना चाहा। कारण, उसके प्रबन्धकों ने जब शुरूमें ही मुझसे प्रकाशन की सम्मति मांगी थी तो मैंने उन्हीं बातों को कहके उसके प्रकाशन का विरोध किया था जो आगे पढ़ने को मिलेगी। लेकिन फिर मित्रों की राय से यह तय पाया कि वह बातें उसी 'पत्र' के द्वारा लोगों तक क्यों न पहुंचाई जांय। बस, लेखमाला शुरू हो गई जो उसके सात अंकों में समाप्त हुई। वही आज इस पुस्तिका के रूप में, उसका शीर्षक बदल कर पाठकों के समक्ष उपस्थित है। यह काम भी मित्रों और सहयोगियों के आग्रह से ही किया जारहा है। आगे पाठकों को कई जगह भूमिहार ब्राह्मण महासभा आदि शब्द पढ़ने को मिलेंगे। वह केवल दृष्टान्त के रूप में ही समझे जाने चाहिये जो प्रसंगवश आगये हैं।

असल में आज जातीय सभाओं का बहुत जोर है। कायस्थसभा, राजपूत सभा, कूर्मी (कूर्मक्षत्रिय) सभा, ग्वाला (यादव) सभा, मैथिल सभा, भूमिहार ब्राह्मण सभा आदि के रूप में ये सभायें पहले से तो थीं ही। लेकिन आज उनका जोर ज्यादा है और दिनों दिन बढ़ रहा है। खूबी तो यह है कि हमारे बड़े से बड़े राष्ट्रवादी भी उनका विरोध नहीं करते, किन्तु उन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पनपने देकर उनके शिकार, अनजान से ही सही, कभी कभी बन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

जाते हैं। इस तरह ये सभायें अपना जहर फैलाकर राष्ट्रीयता का गला अबाध रूप से घोंट रही हैं। खूबी तो यह कि उनके इस मारक (कातिल) नश्तर का किसी को पता ही नहीं लगता और वे अपना काम कर जाती हैं। इनके करते गरीबों की, किसानों और मजूरों की, ही बहुत बड़ी और असली हानि हो रही है। यही बात इस पुस्तिका में दिखाई गई है और किसानों को चेतावनी दी गई है कि वे चेत जांय। सभी लोगों का यह कर्त्तव्य भी बताया गया है कि किसानों की सेवा ही असली सेवा है, समाज और जाति का वास्तविक हित है और यदि खास खास जातीय सभायें करनी ही हैं तो उनमें किसानों के ही हिताहित का विचार होना चाहिये। गरीबों के लिये तो रोटी का सवाल ही सब से गहरा और प्रधान है। जाति और धर्म का प्राण तो धनियों के ही स्वार्थ से सम्बन्ध रखता है, यह बात इस पुस्तिका में दर्शाई गई है। आशा है, इससे श्रमजीवियों तथा उनके सेवक कहाने वालों की आंखें खुलेंगी और वे इन जातीय सभाओं के जाल को तोड़ने तथा किसानों का संगठन करने की ओर मुस्तैदी के साथ अग्रसर होंगे।

श्रीसीतारामाश्रम,
बिहटा, पटना
अक्षय नवमी

स्वामी सहजानन्द सरस्वती

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

किसानों को फँसाने की तैयारियां

जब तक वर्णव्यवस्था और जाति पांति का विभेद रहेगा तब तक हजार न चाहने पर भी जातीय सभाएं और पत्रिकाएं रहेंगी ही। यह दूसरी बात है कि वह जाति विभेद (विभाग) हिन्दुओं की शैली का हो जिसका मूलाधार जन्म, क्रिया (कर्म) तथा खान पान के सहित विवाह सम्बन्ध हो, या अन्य देशों की तरह जन्म से न होकर आर्थिक स्थिति और बंटवारे के आधार पर हो। मालूम होता है जाति-विभाग मानव समाज के रक्त और धमनियों में निहित है—परम्परा प्राप्त है। यह दूसरी बात है कि कभी वह प्रकट रहता है और कभी अन्तर्हित। पहले भी और आज भी जो आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रश्नों के आधार पर नई नई विचार धारायें काम करती थीं और कर रही हैं वह इसी स्वाभाविक जातिवाद की गुत्थियों के सुलझाने को विभिन्न चेष्टायें हैं। चाहे धनी और गरीब ये दो ही जातियां मानकर या कमानेवालों तथा खानेवालों का ही जाति द्वय स्वीकार कर कोई विचारधारा बहती हो या पूंजीपति तथा मजूरोंकी श्रेणियोंके विचारसे ही कोई आन्दोलन खड़ा हो या ऐसा ही कोई दूसरा विभाग हमारी विचार और प्रचार शैलीका मूलाधार हो। लेकिन जातिवाद हमारा पिण्ड नहीं छोड़ता। कम से कम अबतक के इतिहास में तो इसके पिण्ड छोड़ने का पता नहीं चलता। यदि बीच में कभी किसीने इसे मिटाने का प्रबल उद्योग किया भी तो वह थोड़े ही काल में

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

विलीन हो गया, ठीक उसी तरह जैसे स्वाभाविक पदार्थ के सामने कृत्रिम नहीं टिकता; और फिर पूर्ववत् जातिवादकी तूती बोलने लगी। बुद्ध, ईसा, मुहम्मद आदि ने जरूर इस जाति भेदको मिटा कर मनुष्य मात्रमें समता एवं भ्रातृभाव का प्रचार करना चाहा। लेकिन उन्हींके नाम पर चलनेवाले धर्म सम्प्रदायोंमें आज न जाने कितनी जातियां एवं उपजातियाँ पाई जाती हैं। ऐसी दशा में आगे हम सम्भतः इस जातिवादको मिटाकर संगठन (एकता) लाने में सफल होंगे—इस दिमागी दुनियां में दौड़ लगानेकी अपेक्षा बुद्धिमत्ता इसीमें है कि वास्तविक स्थितिका सामना हिम्मत के साथ किया जाय और जातिवादके चलते होनेवाली हानियों से देश और समाज की रक्षाकी जाय। क्योंकि यह तो कहा नहीं जा सकता कि एक प्रकार सा स्वभाविकस्त होनेपर भी यह जातिवाद एकमात्र बुराइयों का ही जन्मदाता है, न कि इससे कभी भलाई हुई है या आगे होगी। यदि बुद्धिपूर्वक हठ छोड़कर काम किया जाय तो इससे लाभ बहुत ज्यादा हो सकते हैं। पहले भी हुए हैं।

फलतः सभी ईमानदार जातीय पत्रों और जातीय सभाओंका कर्तव्य है कि वे सर्व प्रथम राजनीति से असहयोग कर लें। वह अपना यह मुख्य ध्येय और नियम बना लें कि वे राजनीतिके चक्र में, फिर वह चाहे सीधे हो या टेढ़े, कदापि पड़ने को तैयार न हों। राजनीति से मेरा मतलब सरकारी चुनावों से लेकर कांग्रेस या उग्रतम दल की उग्रतम राजनीतिसे है। मैं जानता हूं कि इस राजनीति के इस प्रेमने हमें धोखा दिया है, हालांकि आवेश में आकर उग्र राजनीतिवाजे भी अपनी राजनीतिमें जातीय सभाओं और उनके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

नेताओंको, सफलताकी क्षणिक अधीरता में, प्रायः घसीट लिया करते हैं। ऐसी सभाओं में भाग लेनेवाले लोग चाहें तो शुद्ध राजनीतिक संस्थाओं में सम्मिलित होकर उन्हींके नामपर, न कि जातीय सभाओंके नामपर, अच्छी तरह कामकर सकते हैं। हालांकि मेरा विश्वास सा होता जा रहा है कि जातीय सभाओं के लीडर, कार्यकर्त्ता एवं स्तम्भ इतने मलिन हो जाते हैं कि राष्ट्रीय या मानवीय दृष्टिसे वे काम करनेके अयोग्य हो जाते हैं तथा उनके उस कामसे लाभ के वजाय हानि ही अधिक होती है गोकि प्रारम्भ में उस हानिका ज्ञान हमें नहीं होता। किसी स्वतन्त्र रूप से तो उन्हें राजनीति से अलग ही रहना चाहिये। उन्हें न राजभक्तिसे मतलब होना चाहिये, न राजद्रोह से, न डिस्ट्रिक्ट बोर्डों और कौंसिलों आदिसे और न उनके बायकाट से। इन सबोंको वे भूल जांय तभी वे ठीक रास्तेपर चलके समाज की जातिकी—सेवा कर सकते हैं। मैं मानता हूं कि आजके विषाक्त वायुमण्डलमें भूल जाना तो असम्भव ही है। ऐसी हालत में उन्हे यह प्रस्ताव या निश्चय करके उसे बराबर दोहराते रहना चाहिये कि जो लोग जातिके नामपर वोट मांगे या इस ढंगकी कोई बात करें उनका बहिष्कार होना चाहिये और हर जाति-सेवी का पवित्र कर्त्तव्य होना चाहिये कि उन्हें इस काममें निराश करे। यदि जातीय सभाएं और पत्र पत्रिकाएं अपनी कार्यवाहीका श्रीगणेश ईमानदारी एवं मुस्तैदीके साथ इस निश्चयके साथ करें तो समाज के अधिकांश झगड़े मिट जांय और वे काम चलाऊ और निर्दोष सिद्ध हो जांय।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

राजनीति के सिवाय धर्मनीतिकी ठेकेदारी भी इन संस्थाओं के लिये ठीक नहीं। ठेकेदारी कहनेसे ही मेरा मतलब साफ हो जाता है। अच्छा तो होता कि ऐसी संस्थायें धर्मसें सोलहों आने मुख मोड़ लेतीं और उसे व्यक्तियोंकी आजादीपर 'व्यक्तिगत वस्तु' समझकर छोड़ देतीं। क्योंकि धर्म असलमें यदि उपयोगी सिद्ध हो सकता है तो व्यक्तिगत वस्तु बनकर ही, न कि सार्वजनिक पदार्थ बन कर। उसके 'व्यक्तिगत वस्तु' बनते ही धर्म के नामपर होनेवाले सभी झगड़ोंका अन्त हो जायगा, जिससे समाज की रक्षाके साथ ही धर्मकी भी रक्षा हो जायगी। लेकिन यदि यहां तक जाना उनके लिये संभव न हो और वर्त्तमान दशा में संभव होगा नहीं, यह मैं मानता हूं, तो अच्छा और सर्वोत्तम उपाय यही है कि वे संस्थायें सार्वभौम या साधारण धर्मोंपर ही जोर दें और उसी में लोगोंकी प्रवृत्ति करावें। ये साधारण धर्म दया, सत्य, सदाचार, निर्भीकता आदि हैं जिनका उपदेश मन्वादि अचार्योंने "क्षमा दमः" आदि आदिके रूपमें किया है। ये धर्म ऐसे हैं कि इनमें किसी धर्म या सम्प्रदाय वालेको विवाद नहीं हो सकता—नहीं होना चाहिये। यह तो मानना ही होगा कि एक जातिके भीतर भी कितने ही धर्म-सम्प्रदायोंके माननेवाले लोग होते ही हैं। ऐसी दशामें जातीय संस्थायें किसी भी साम्प्रदायिक बातमें कैसे पड़ सकती हैं और साथ ही अपने को जाति मात्रकी हितचिन्तक होना सिद्ध कर सकती हैं।

बहुत ही अदब, पर स्पष्टता, के साथ मैं कह देना चाहता हूं कि चाहे पहले कुछ भी स्थिति रही हो, और मेरे जानते पहले भी यही थी, लेकिन आज तो जातीय संस्थायें एकमात्र कुछ इनेगिने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

प्रतिष्ठित, चलते पुर्जे तथा धनिकों के राजनीतिक स्वार्थ-साधन को सामग्री बन गई हैं और खूबी यह है कि खुल्लमखुल्ला तो वहां समाज सुधारकी बातेंकी जाती हैं, लेकिन चुपके चुपके राजनीतिक स्वार्थ-साधनका षड्यंत्र किया जाता है। जहाँ पहले किसी उच्च-पदस्थ अफसरकी दरबारदारी और स्वागत कर देने एवं राजभक्तिका बाहरी स्वांग भरनेसे समाजोंके ये चतुर खिलाड़ी अपने नजदीकियों तथा पट्ठुओं-के लिए नौकरियां, ऊंचे पद और दूसरी रिआयतें हासिल कर लेते थे, वहां उनके साथ ही अब चुनावोंके युद्धमें भी सफलता पाते और पाना चाहते हैं। इस बातको मैं दृष्टान्त देकर स्पष्टकर देता। पर इसकी आवश्यकता नहीं समझता। यदि ये जातीय नेता और बोदर हिम्मत रखते तो यही बातें साफ साफ कहते और करते। लेकिन राजनीतिका तो अर्थ ही है कूटनीति। फलतः ऐसे मामलोंमें "भीतर कुछ बाहर कुछ," या "अन्तः शाक्ताः वहिः शैवा" होना शोभास्पद माना जाता है। राजनीति के चतुर खिलाड़ी नट शुद्ध राजनीतिक संस्थाओं में भी अपनी धाक बनाये रखते हैं और भोली-भाली जनता की आंखों में इस प्रकार धूल झोंकने में सफल होते हैं। खूबी तो यह है कि अपनी जातीय सभाओं में यह भले मानुस चुनाव में सहायता के प्रस्ताव भी नहीं करते और अपना उल्लू भी सीधा कर लेते हैं। समाज के लोगों में समाज के ही नामपर ऐसी मनोवृत्ति इन सभाओं और उनके पोषक पत्रोंके द्वारा लोगों में भर देते हैं कि अपने समाजका कैसा भी आदमी हो दूसरे समाजवालेसे लाख दर्जे अच्छा है, हम और वह एक ही अमुक समाज के हैं, बस इतना ही इसके लिये काफी है कि हम उसे ही मदद करें, वोट

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

दें, जितावें आदि आदि। कोई भी विचारशील सोच सकता है कि राष्ट्र के उत्थान के लिये यह मनोवृत्ति कितनी जहरीली है। इस प्रकार ये सभाएं प्रवञ्चना तथा देशद्रोह—राष्ट्रविघात—का साधन बन जाती हैं। इससे तो कहीं अच्छा होता कि इन संस्थाओं में इस विषय के स्पष्ट प्रस्ताव ही पास या पेश किये जाते। क्योंकि ऐसा होने से कमसे कम शुद्ध राष्ट्रवादी तो इनके चक्रमें और जालमें नहीं फंसते, जो अन्यथा फंस जाते हैं। यही नहीं यदि ऐसे प्रस्ताव आवें तो शायद बहुमत उनके पक्षमें हो भी नहीं। कारण, कुछ लोग तो नक्कू बनने के डर से और कुछ राष्ट्रीयता के विचार से ही ऐसे प्रस्तावों का समर्थन न करेंगे। फलतः इन संस्थाओं की चालाकी इसीमें है कि स्पष्ट न बोलकर केवल प्रचार, मनोवृत्ति और इशारे के बलसे ही यारों के मतलबों को पूराकर देती हैं।

लोग कहेंगे कि मैं इन संस्थाओं के साथ और खासकर उनके स्वयम्भू नेताओं के साथ घोर अन्याय इस तरह कर रहा हूं। मगर बात यह नहीं है। जो जातियां उपजातियां आज 'सभ्य' या 'ऊंची' नहीं है वह भले ही अपनी सभाओंके द्वारा समाज हितकी बातें करती हैं और समाज की बुराइयों को दूर करती हैं, सामाजिक बन्धन को दृढ़ करके अनाचार और अत्याचार को समाज से हटाती हैं। इसके दृष्टान्त चमार, दुसाध, धोबी आदिकी पञ्चायतों में पाये जाते हैं। मगर सभ्य या उच्च कही जानेवाली जातियोंकी सभाओं के बारे में भी क्या ऐसी बात पाई जाती है? ज्योंही कौंसिलों और बोर्डों के चुनावका समय आया कि जाति-हितकी दोहाई दी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

जाने लगी और भादों के मेंढककी तरह जातीय सभायें पैदा होने लगीं। जो पहले से भी हैं वह पनपती हैं ऐसे ही समय में। बेशक बहुत से काम हैं जो इनके द्वारा अच्छी तरह किये जा सकते हैं। दृष्टान्त के लिये यदि समाज से निरक्षरता दूरकर उसे शिक्षित बनाने का ही काम ये सभायें और उनके पत्र ले लें और एतदर्थ पर्याप्त धन संग्रह कर योग्य एवं धुनी लोगों के हाथमें यह काम सौंप दें तो कितना बड़ा काम हो। असली बात तो यह है कि यही वास्तविक काम होगा। मगर इसके लिये केवल प्रस्ताव पास कर देना या बहुत हुआ तो दो चार दस बीस छात्रोंको कुछ सहायता दे देना ही पर्याप्त समझा जाता है। जब तक निरक्षरता हटाने और शिक्षित बनाने की स्कीम बनाकर तदनुसार काम न हो तब तक क्या 'उड़ा सत्तू पितरों को' वाली कहावत इस प्रकार चरितार्थ करनेसे काम चलनेका ? लेकिन यह तो मानी हुई बात है कि यदि समाज शिक्षित हो जायेगा तो फिर वह एक एक करके राजनीतिक पदों और नौकरियों को पहले इन चतुर नटोंसे छीननेकी तैयारी करेगा और इस बातको वे बर्दाश्त नहीं कर सकते। समाज में शक्ति और बल आ जाने पर, सुबुद्धि और विवेक आ जाने पर इन स्वयंभू नेताओं की लीडरी और धाक जो छिन जायगी। इस दुनियां में ऐसा कौन बेवकूफ है जो अपने पावों में स्वयं कुल्हाड़ी मारे। अतएव सामाजिक लीडर लोग शिक्षित बनाने की बातें और प्रस्ताव तो करते हैं ताकि अपढ़ जनता जिसके हाथ में वास्तविक राजनीतिक शक्ति है और उसका प्रयोग करना नहीं जानती, इनकी ओर आकृष्ट हो जाय और ये उपकारी बनके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

अपना काम निकाल ले लेकिन उस प्रस्ताव को अमली जामा पहनाने में तो इनकी हस्ती स्वयं खतरे में है। नहीं तो फिर पचासों वर्षों तक लगातार प्रस्ताव करनेपर भी इन सभाओं के पास समाजको शिक्षित बनानेकी स्कीम और जरूरी कोष (फंड) क्यों नहीं हुआ? क्या समाजमें दिमागकी कमी है या धन की ? मेरे जानते तो कमी एक की भी नहीं और अगर किसीकी है तो ईमानदारी, नीयत और सच्ची लगन की।

जरा इस शिक्षावाले प्रश्नके और भी भीतर प्रवेश करके देखना चाहिये। दृष्टान्तके लिये भूमिहार ब्राह्मण महासभा को ही ले सकते हैं। महासभा के महारथियोंका कहना है कि इसका जन्म कांग्रेसका समकालीन है। लेकिन इसने क्या किया इसे भी तो देखना चाहिये। और बातोंको अभी छोड़ देता हूं और केवल शिक्षा प्रचारको बात ही लेता हूं। प्रस्ताव तो बराबर होते रहे। लेकिन काम? यदि इस सम्बन्धका महासभाका कार्य्य देखा जाय तो बुरी तरह हताश होना पड़ेगा। न तो कभी कोई समुचित प्रयत्न करके पर्याप्त कोष ही संगृहीत हुआ और न कोई स्कीम ही दिमाग लगाकर तैयार की गई। हां, कुत्ते के टुकड़ेकी तरह कभी कभी, बहुत दरबारदारी करने पर, कुछ पढ़नेवालोंको चन्द रुपये मासिक या एक कालिक दे दिये गये और बस! यह समाज तो धनियों और ज़मींदारों का माना जाता है। फलतः रुपयेकी कमी तो इसमें है नहीं। दिमागकी भी कमी नहीं कही जा सकती। जो लोग स्वायत्त शासन विभाग में सरकार का और डिस्ट्रिक्ट तथा लोकल बोर्डों का सञ्चालन कर सकते हैं, संचालन करने का

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

दावा रखते हैं, उनके बारेमें कैसे कहा जाय कि दिमागदार नहीं हैं और निरक्षरताको समाजसे निर्मूल करने की कोई स्कीम वे सोच नहीं सकते ? जो कौंसिलोंकी कुर्सियां बराबर तोड़ते रहे हैं और आगे भी तोड़नेको अधीर होरहे हैं, क्या उनके दिमाग का दिवाला निकला माना जाय ? कमसे कम वे स्वयं कैसे यह स्वीकार करेंगे ? तो फिर समाज को शिक्षित बनाने के लिये कोई स्कीम क्यों नहीं उन्होंने तैयार की ? इसका जवाब उनके पास क्या है ? क्या वे ईमानदारी के साथ कह सकते हैं कि समाजको शिक्षित बनाने में उनकी सहायता कोई नाम लायक स्थान रखती है ? भूमिहार ब्राह्मण कालिज, महासभा का विद्या कोष जो त्रिदोषग्रस्त रोगी की तरह कभी कभी सिर उठाया करता है, कदम कूआं (पटने) तथा अन्यान्य स्थानोंके छात्रावास जो जन्म के मर गये, इस बातके ज्वलन्त प्रमाण हैं कि महासभा के नामधारी नेताओं ने समाज में शिक्षा विस्तार के लिये क्या किया। मैं जानता हूं कि महासभा के पुनर्जन्म के लिये आज फिर सिरतोड़ परिश्रम वर्षों से होने लगा है और शायद एकाध वर्ष तक होता रहेगा भी। हो सकता है उसका पुनर्जन्म भी हो। यह भी मानता हूँ कि कुछ सीधे सादे और भोलेभाले लोग हृदय से ईमानदारी के साथ उसको जिलाना चाहते हैं और चाहते हैं कि उसके द्वारा समाजकी सेवा—वास्तविक सेवा—की जाय ! मुझे उनकी सिधाई और भोलेपन पर दया आती है। वे भावुक तथा निर्दोष लोग अभी तक यह समझ ही नहीं सके हैं कि महासभाने समाजकी कोई सेवा नहीं की है, प्रत्युत उसे रसातल की ओर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

ले जाने में उसका काफी हाथ रहा है। इसके स्वयम्भू नेताओंने तिलक दहेज आदि सामाजिक कुरीतियों के हटाने के सम्बन्ध में जिस 'खुदामियां से चोरी करने' या 'डूबकर पानी पीने' की नीतिका अवलम्बन किया है उससे समाज को महान आघात पहुंचा है। मगर इन बातों पर कभी पीछे प्रकाश डाला जायगा। इसी लिये कहता हूं कि महासभाके बारेमें भोले भाले लोगोंकी जो धारणा है उनके लिये तो उनपर दया आती ही है। लेकिन उन्हें छोड़कर एक दूसरा छोटा, परन्तु चलता पुर्जा, जबर्दस्त दल है जिसके लिये महासभा चुनावों में सफलता का साधनमात्र है। वह आज उसके विना 'डालसे गिरा बानर' हो रहा है और उसे पुनर्जन्म देने में आकाश पाताल एक कर रहा है। यह उसी की बात नहीं। हर समाजको ऐसे मामलों में कठपुतली की तरह नचानेवाले कुछ रहते ही हैं और इसी प्रकार अपनी अपनी सामाजिक सभाओंके लिये बेहाल रहते हैं और हो रहे हैं भी। परन्तु जहां तक समाजको शिक्षित बनाने से सम्बन्ध है इन कलाबाज नटोंका पता भी नहीं है। आखिर समाज के सीधे सादे लोगों को शिक्षित बनाकर ये लोग अपने लिये बला क्यों पैदा करें ?

अंग्रेजी सरकार ने भारतको जो थोड़ी बहुत पाश्चात्य शिक्षा दी उसका नतीजा आंखों के सामने है। लोगों की आंखें खुलीं और वे अब उस सरकारसे ही भिड़ने लगे, यहां तक कि उसे उखाड़ फेकने की हिम्मतें बांधते हैं। क्या इससे हमारे जातीय नेता शिक्षा नहीं ग्रहण करते ? आखिर नौकरियां और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

कौंसिल, असेम्बली, बोर्ड आदिकी सीटें तो अपरिमित हैं नहीं और हो भी नहीं सकतीं हैं। ऐसी हालत में जब हर समाज में ज्यादा लोग शिक्षित हो जायंगे तो फिर जाति के नाम क्यों कुछ गिने-चुने ही लोग इन जगहों पर जायंगे और नये लोग दावेदार क्यों न होंगे? आखिर जाति तो इन स्वयम्भू नेताओंको ही अकेली है नहीं, प्रत्युत इन नये पढ़े लिखे लोगों की भी है—गरीबों की भी है। बल्कि गरीबों की ही ज्यादा है। ऐसी हालत में नये पढ़े लिखे लोग, जो आमतौर से साधारण और गरीब श्रेणीके ही होंगे—जाति के ९५ फी सदी लोगों—जनता—में से ही होंगे मजबूरन इन लीडरों के विरोध में केवल दावेदार ही नहीं होंगे, प्रत्युत सफल भी होंगे यह मानी हुई बात है। समाज की आंखें खोलने और उसे शिक्षित बनाने में यही असली खतरा है और जातीय नेता लोग इसे खूब समझते हैं। यही कारण है कि शिक्षा विस्तारको कारगर स्कीम बना और तदर्थ पर्याप्त धन संग्रह करके वे अपने ही पांवों में कुल्हाड़ी मार नहीं सकते। साथ ही, भोली जनता में अपनी प्रतिष्ठा कायम रखने एवं अपने लिये कुछ भाड़े के टट्टू, जो टुकड़े के लोभ से सर्वत्र उनके गुण-गान से गगन को गुञ्जायमान कर दें, भी तैयार करने की आवश्यकता वे समझते हैं। इसी लिये समाज में शिक्षा प्रचारको बात जातीय सभाओं में करते रहते और चन्द लोगों को कभी कभी वृत्तियां भी देते रहते हैं। समय समय पर सिर उठाने तथा बड़बड़ाने वाले शिक्षा-कोषों का भी यही रहस्य है। आखिर इस दुनियां में स्वार्थों का परस्पर संघर्ष तो चलता ही रहता है और यह

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

तो कही नहीं सकते कि एक समाज के सभी लोगों का स्वार्थ एक ही है। ऐसा समाज चाहे आगे चलकर भले ही पैदा हो जाय। परन्तु आज तो समाज के भीतर भी स्वार्थों का जबर्दस्त संघर्ष है। धनी गरीब, मजूर पूंजी-पति और रैयत जमींदार के परस्पर विरोधी स्वार्थ रोज टकराते रहते हैं। क्या जमींदार अपने रैयतों पर, केवल इसलिये कि वे उसी की जाति के हैं और उन्हीं के वोटों से उसे चुनावोंमें जीतना है, जोर जुल्म और नादिर शाही करने से बाज आ जाता है? बाज आ जायगा? और समाजोंकी बातें छोड़ कर केवल भूमिहार ब्राह्मण समाज की ही बात लेने पर कमसे कम विहार प्रांत में तो मैं कह सकता हूँ कि आज कई लाख भूमिहार ब्राह्मण किसान उंगलियों पर ही गिन लिये जानेवाले कुछ ही भूमिहार ब्राह्मण जमींदारों के द्वारा बेरहमी के साथ बुरी तरह अत्याचार की चक्की में पीसे जा रहे हैं। खूबी तो यह है कि उन्हीं गरीबों के वोटों के बलपर ये महानुभाव लोग कौंसिलों और बोर्डों के मञ्चों तथा कुर्सियों पर विराज चुके और विराजते ही नहीं, आगे भी विराजने की हिम्मत बांधे हुए हैं। यहां पर एक स्पष्ट प्रश्न किया जा सकता है। यदि इन गरीब किसानों को हमारे ये पढ़े लिखे धनी जमींदार, भूमिहार ब्राह्मण महासभा के द्वारा छात्रावास और शिक्षा कोष खोलकर शिक्षित बना देते और उनकी आँखें इस प्रकार खोल देते कि वे अपने हकों को पहचान सकें तथा अपने कर्त्तव्य जान सकें, तो उनके वोट क्या इन जमींदारोंको मिले होते या आगे भी मिल सकते? यह साफ बात है कि वैसा तो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

तेली का अपना ही होता है और तेली उससे काफी मुहब्बत भी रखता है, उसे खिलाता पिलाता भी खूब है। लेकिन यदि उसकी आँखें मूंद कर न रखे तो क्या उसकी मर्जी के मुताबिक छोटे दायरे के भीतर बराबर तेली के कोल्हू में वह चलता रहेगा और मस्ती न करेगा—भड़केगा नहीं ? जरूर भड़केगा और तेली के कोल्हू के जुएको उतार फेंकेगा। इसी लिये तेली के प्रेमकी भी सीमा है और उसी सीमा के भीतर वह अपने बैल से प्यार करेगा। उसकी आँखें खोलने में खतरा होने से यह काम वह कर, नहीं सकता। ठीक इसी प्रकार जातीय प्रेमकी भी सीमा है और जातीय नेता लोग भी उसे अतिक्रम करने में साफ खतरा देखते हैं। फलतः समाजकी आखें ये खोल नहीं सकते। बलि के बकरे के साथ भी तो मुहब्बत की हो जाती है और उसे खिला पिलाकर मोटा किया जाता है—उसमें स्वार्थ है। लेकिन उस बकरे को बाघ बनाने की बेवकूफी कौन करेगा सिवाय उस भोले हितोपदेश के ऋषि के जिसने चूहे को बाघ बना कर अपनी जान खतरे में डाली ? यही है जातीय प्रेम और जातीय संस्थाओं की लीडरीका वास्तविक रहस्य। एक ही स्वार्थ के धनी या गरीब, किसान या जमींदार यदि अपनी अपनी सभायें करें तो यह बात समझ में आ सकती। लेकिन धनी, गरीब, किसान, जमींदार की खिचड़ी सभा का मतलब समझना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है।

यद्यपि कहा जा सकता है कि काँग्रेस या इस ढंग की सभाएं ऐसी हैं जिनमें एकही स्वार्थ के लोग नहीं रहते। हिन्दू

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

मुसलमान वगैरः ऐसे सम्प्रदाय वाले हैं जिनके धर्म और जिनकी सभ्यता का परस्पर मेल नहीं खाता और जहां तक इन बातों का ताल्लुक है उनके स्वार्थ परस्पर भिन्न हैं। फिर भी उनकी सभायें किसी एक विशेष लक्ष्य को लेकर होती ही हैं। उसी प्रकार धनी-गरीब और जमींदार-किसान के स्वार्थ भिन्न होने पर भी किसी खास मतलब को सामने रखकर इनकी सभा का होना असम्भव या कठिन क्यों होगा? यों तो व्यक्तियों के भी स्वार्थ परस्पर भिन्न होते ही हैं—उनका आपस में मेल नहीं होता। तो क्या धनी या गरीब अथवा जमींदार या किसान किसी भी एक दल के लोगों को भी कोई सभा नहीं होनी चाहिये? यह तो अनुभव के विरुद्ध है और रोज ही देखते हैं कि जमींदारों या किसानों की सभायें होती ही हैं। ऐसी हालत में सभाओं के सम्बन्ध में एक स्वार्थ का सवाल उठाना धोखे से खाली नहीं है और ऐसे सवाल करने वाले सभी प्रकार की सभाओं के शत्रु अपने ही बयान से सिद्ध हो जायँगे। असलमें स्वार्थ तो विचार और दिमाग की चीज है, बाहरी पदार्थों में कहीं भी स्वार्थ का लेबुल नहीं लगा है! मानव समाज अपने ही विचारों से हर पदार्थ में स्वार्थ और अस्वार्थ का दर्शन करता और इस प्रकार के स्वार्थ की झाँकी के ही बल पर किसी दल विशेषका एकीकरण होता है, न कि वह स्वार्थ कोई स्थायी और निर्दिष्ट पदार्थ है। फलतः हर एक जाति समाज या दल के लोग, फिर चाहे धनी हों या गरीब, जमींदार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

हों या किसान, शिक्षा प्रचार, कुरीति संहार आदि बातों में एक स्वार्थ की कल्पना करके एक सूत्र में आबद्ध हो सकते हैं—एक सभा कर सकते हैं और इसमें कोई भी विरोध नहीं हो सकता।

लेकिन यदि इन दलीलों की तहमें प्रवेश करके देखा जाय तो अन्त में हम इसी निष्कर्ष पर पहुंचेंगे कि एक स्वार्थवाली बात बहुत ही ठीक है। स्वार्थ से हमारा मतलब धर्म रक्षा, स्वर्ग, वैकुण्ठ, नैतिक बल, कुरीति संहार, सभ्यता की रक्षा आदिसे नहीं है। ये सब चीजें तो आदमी को तभी सूझती हैं, याद आती हैं जब पेट भरा होता है, तन ढंका होता है और अपमान की ज्वाला से वह प्रतिक्षण दग्ध होता नहीं रहता। पेटकी ज्वाला शान्त करने के लिये जमीन जायदाद के लिये, रोटीके लिये क्या हम नहीं देखते कि धर्म, सभ्यता, वैकुण्ठ, स्वर्ग आदि सभी बातों को लोग आये दिन तिलाञ्जलि देते रहते हैं? न्यायालयों में प्रति दिन झूठी गवाहियां और बनावटी बयान आखिर किस बात के सुबूत हैं? जब गंगा, तुलसी, शालिग्राम, नर्मदेश्वर, वेद, कुरान, पुराणकी कसमें खाके भी सरासर झूठे और जाली बयान दिये दिलाये जाते ही हैं और ये कोई इक्की दुक्की घटनायें नहीं हैं, किन्तु जीवन का अपरिहार्य अंग हो रहा है, साथ हो इनसे बचे भी कोई ही माई के लाल हैं, तो फिर इसमें भी क्या सन्देह करने की जगह है कि असली और खरा स्वार्थ जनसाधारण की नजरों में क्या है? किसी बात का निश्चय तत्सम्बन्धी प्राकृतिक या दैनिक नियम देखकर ही किया जा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

सकता है न कि अपवादों से कोई महत्वपूर्ण बात सिद्ध होती है। भूखकी हालत में यदि लाखों करोड़ों में कोई सन्त महात्मा, औलिया फकीर, अवतार पैगम्बर भगवान में लीन हो और दूसरे की पर्वा न करते हों या जमीन जायदाद की पर्वा न करके कोई विरला बहादुर सत्य से डिगने को तैयार न हो तो इतने से ही यह नहीं माना जा सकता कि मानव समाज या जनसाधारणका पक्का स्वार्थ रोटी, कपड़ा, जमीन, जायदाद आदि को छोड़ कर कोई और ही है। यदि ऐसी कोई चीज हो भी तो वह व्यावहारिक नहीं है, रोजाना जिन्दगी के काम में आने की चीज नहीं है और व्यावहारिक आदमी को तो व्यावहारिक पदार्थों को ही देखना होगा। अव्यावहारिक पदार्थों की तरफ नजर दौड़ाना पहले दर्जे का बेवकूफी होगी और ऐसे पदार्थ कभी सिद्ध भी नहीं हो सकते। हमें तो सन्त महात्माओं और औलिया फकीरोंका एकीकरण या संगठन नहीं करना है, जिनकी अन्तर्दृष्टि है, जो पहुँचे हुए हैं। हम तो मांस चमड़े से चिपटनेवाले पामर मनुष्यों का संगठन करने और उनकी सभा कायम करने वाले हैं। अतएव हमें इन्हीं मनुष्यों की मनोवृत्ति पर ध्यान देना होगा, इन्हींकी मनोवृत्ति का सबसे पहले अध्ययन करना होगा, यदि हम उनके संगठनको वास्तविक और सच्चा रूप देना चाहते हैं, उसे पक्का बनाना चाहते हैं। असलमें रुपया पैसा, रोटी कपड़ा, जमीन जायदाद ये ठोस और भौतिक पदार्थ हैं। इनके विपरीत धर्म परलोक आदि दिमागी और आध्यात्मिक वस्तुएं हैं। फलतः ठोस भौतिक पदार्थों के विरोध में ये टिक नहीं सकते हैं। यहां

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

प्रतिदिनका अनुभव है । हमारी दृष्टि भौतिक है । अतएव भौतिक पदार्थों को ही हम ठीक ठीक देखते हैं । आध्यात्मिक दृष्टि तो इस संसार का नियम नहीं, अपवाद है । फलतः व्यावहारिक बनने के लिये व्यावहारिक दृष्टि ही रखनी होगी । हां, जब पेट भर जायगा और जीवन आराम से कटेगा तो अध्यात्म-चिन्तन में भी जनसाधारण जा सकते हैं । इसी लिये उसे कठोपनिषद में तलवार या छुरे की धार बताया है और कहा है कि जानकारों का कहना है कि वह मार्ग दुर्गम है—"क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया दुर्गमपथस्तत्कवयो वदन्ति ।" और यह मानी हुई बात है कि तलवार की धार पर तो कोई सुचतुर नट या कलाबाज ही पारकर सकता है, न कि जन साधारण । अतएव उदयनाचार्य के शब्दों में शाकभाजी और हलदी अदरक बेंचवाले हम जनसाधारण को जवाहरात ढोने वाले जहाजकी क्यों फिक्र करना चाहिये ?—"किमार्द्रक वणिजो बहित्रचिन्तया ?"

अब रही व्यक्तिगत स्वार्थ के परस्पर विरोध की बात । यह भी कुछ नहीं है । रोटी, कपड़ा, जमीन, जायदाद का प्रश्न ऐसा है कि सभी मिल जाते हैं । केवल कुछ धनियों और जमींदारों का मेल नहीं खाता । कारण उनका स्वार्थ तभी सिद्ध होगा जब बाकी लोग दरिद्र, भूखे या बिना जमीन के बन जाय । क्योंकि उन्हें बहुत ज्यादा चाहिये । लेकिन हम तो ज्यादा का भी प्रश्न नहीं उठाते, बहुत ज्यादाकी तो बात ही दूर । आखिर मानव जीवन की कुछ आवश्यकतायें ऐसी हैं जिनमें विवाद नहीं और जिनकी पूर्ति अधिकांश चाहते हैं ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

फलतः उन अनिवार्य आवश्यकताओं (bare necessities) के आधार पर अधिकांश लोगों का एक संगठन हो सकता है और उसमें व्यक्तिगत स्वार्थ का प्रश्न ही नहीं उठ सकता। वह तो सभी का स्वार्थ है। हमें उसी से मतलब है। वह ऐसा है जिसमें धनी या जमींदार मिल नहीं सकते। अधिकांश लोग ऐसे ही हैं जो उन अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्त्ति कर ही नहीं सकते। फलतः रोज तड़पते रहते हैं और कोई रास्ता चाहते हैं। यदि उनके लिये कोई रास्ता या उपाय निकल आवे तो वे सारी शक्ति से उसमें लग जांय। बस हम ऐसी ही सभा या ऐसा ही संगठन संभव समझते हैं जिसमें सभी का ठोस या भौतिक स्वार्थ एक हो और किसी का मतभेद न हो। उसकी सिद्धि के बाद ही व्यक्तिगत स्वार्थ का झगड़ा खड़ा हो सकता है। क्योंकि वह तो "ज्यादा" या "बहुत ज्यादा" के आधार पर होता है और जब जरूरत भर ही अभी नहीं है, तो ज्यादा का प्रश्न ही कहां? अगर कुछ हो सकता है तो इतना ही कि आज भी कुछ गरीब कहाने वाले शायद अभीसे "ज्यादा" का ख्याल करें और धनिकों के बहकावे में पड़कर न मिलें। तो इससे क्या? अधिकांश तो फिर भी मिलकर ही काम करेंगे और यदि कुछ बहकें भी तो यह उनके संगठन का ही अप्रत्यक्ष फल होगा और इस प्रकार उसकी जरूरत को सिद्ध ही करेगा। कांग्रेस की मजबूती और दृढ़ता इसी में है कि वह ठोस स्वार्थ को ही आगे रखती है। वही इसका लक्ष्य है। जातीय सभायें इस ज्वलन्त सत्य को देखती ही नहीं। क्योंकि देखने पर उनका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

अस्तित्व कायम ही नहीं रह सकता। उनका अन्त कोई नहीं रोक सकता। यही कारण है कि वे कुछ चलता पुर्जा लोगों के हाथ के खिलौने बन कर उनका मतलब साधा करती हैं और इस प्रकार उसी जाति के अधिकांश लोगों के पांव में कुल्हाड़ी मारती हैं—उनके ठोस स्वार्थ का गला घोटती हैं, सो भी उन्हीं की सहायता से !

यहां कुछ जातीय सुधार और समाज सेवा की दम भरने वाले ऐसा कहने का साहस करते हैं कि अमीरों और पूंजी-पतियों के विपरीत मजूरों का संगठन और आन्दोलन समूचे देश में कलह की अग्नि प्रज्वलित करने वाला है और इस प्रकार समाज की उन्नति के मार्ग का कांटा है तथा किसानों और जमींदारों का झगड़ा समाज के बीच में और लम्बी दीवार खड़ा करने वाला है। जो लोग ऐसा विचार रखते हैं वह समझते हैं कि देश केवल कुछ धनियों और पूंजीपतियों से ही बना है और समाज का अर्थ है उंगलियों पर गिने जानेवाले कुछ जमींदार। ऐसी भावना रखनेवाले महानुभाव यह भूल जाते हैं कि संसार में सामान्यतः और हमारे देश में, विशेषतः अमीरों की संख्या मुश्किल से पांच फी सदी है। बाकी ९५ फी सदी ग़रीब और मजूरी करने वाले ही हैं। फलतः ९५ फी सदी को देश न मान कर केवल ५ फी सदी को ही मानना वस्तुस्थिति से आंखे मोड़ना है, और अगर ९५ फी सदी को हम मानते हैं तो फिर उनकी भलाई और बहबूदी को भूल कैसे जांय ? उनका संगठन न करना और उनकी ओर से घोर उपेक्षा—दोनों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

के एक ही मानी हैं । संगठन को छोड़ उन्नति का सीधा, सरल और सच्चा मार्ग दूसरा हई नहीं । यह दूसरी बात है कि इससे धनियों के साथ संघर्ष अनिवार्य है । लेकिन किया क्या जाय? कोई दूसरा रास्ता भी तो नहीं है । जीवन का नाम ही संघर्ष है और पुराने लोगों ने "जीवो जीवस्य जीवनम्" कह के इस संघर्ष की अनिवार्यता को स्वीकार कर लिया है । फलतः जो इस संघर्ष से भागना चाहता है उसे जीने का कोई हक नहीं है, वह जी सकता नहीं । संघर्ष तो बहुत ही सुन्दर पदार्थ है और वीर आत्मायें इसका स्वागत करने को सदा तैयार रहती हैं । जरा उस कवि की मनोवृत्ति का विचार तो कीजिये कि कैसी उदात्त एवं वीर रसमयी है जो कहता है कि—"आओ विपत्तियों तुम दुःखों को साथ लाओ । पीटूंगा मैं तुम्हीं को तुम से ही
१. या पिटूंगा" ! वही तो पक्का लड़ैया और सच्चा योद्धा है जो हरदम संघर्ष के लिये तैयार रहे । एक बात और । चाहे हम हजार भागें, लेकिन यह संघर्ष हमारा पिण्ड छोड़नेवाला थोड़े ही है । वह तो हमें खदेड़ता ही जायेगा तब तक जब तक कि हम या तो मिट न जांय या उलट कर उसका अभिनन्दन न करें । जीवन संग्राम (Struggle for existence) का यही अर्थ है । लेकिन जिन्हें फिर भी इस संघर्ष का भूत भयभीत कर रहा हो वह क्यों नहीं अमीरों—धनियों तथा पूंजीपतियों से—कह देते, उन्हें समझा देते कि वे अपना संगठन न करें, उसे तोड़ दें ? बस, संघर्ष अपने आप मिट जायगा । कारण, दो विरोधी दलों के बलवान एवं संगठित होने से

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

ही—जबर्दस्त होने से ही—संघर्ष होता है और मजूरों तथा गरीबों के संगठित होने पर भी यदि अमीर तथा पूंजीपति संगठित न हों तो भिड़न्त—संघर्ष का ही अवसर ही कहां रहा? वह होगा ही कैसे? लेकिन हम जानते हैं कि संघर्ष की दोहाई देने वालों में ऐसी हिम्मत कहां? म्याऊं की ठौर पकड़ने की हिम्मत किसे हो सकती है? और अगर कोई हिम्मत करके ऐसा करे भी तो क्या धनी और पूंजी वाले उसकी बात सुन सकते हैं? वे तो इसे परले दर्जे की हिमाकत और बेवकूफी कहके इस पर घृणा की हँसी हँस देंगे। हँसें भी क्यों नहीं? आखिर वे ऐसे उल्लू नहीं है कि अपनी हस्ती ही मिटाने को तैयार हो जांय। हमें यह भूलना न चाहिये कि संगठित लूट के बिना धन सम्पत्ति का सञ्चय हो नहीं सकता, एतदर्थ कोई और रास्ता है नहीं। सम्पत्तियां एकमात्र इसी लूट से जमा होती हैं। ऐसी हालत में कौन अक्ल का अन्धा अमीर होगा जो अपने को दरिद्र बनाना चाहेगा। यह संघर्ष का भूत और हौवा इन्हीं अमीरों का खड़ा किया हुआ है और सीधे सादे लोगों को इसी संघर्ष का भय दिखा कर वे गरीबों का संगठन रोकना चाहते हैं, ताकि उनकी लूट निरन्तर जारी रहे। फलतः संघर्ष की बात उठाकर गरीबों के संगठन को रोकने का उपदेश देने वाले अमीरों के दूत हैं ऐसा हम निःसंकोच कह सकते हैं। यह भी नहीं कि देश या समाज एक होने से ही अमीरों और गरीबों के स्वार्थों में विरोध नहीं होता—वे एक हो जाते है। यह तो बिल्कुल गलत बात है। असल में अमीरों का समाज निराला ही होता है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

और धर्म, सम्प्रदाय या जाति पांति का भेद उनके उस समाज का बाधक नहीं हो सकता, नहीं होता है। सभी धर्मों और जातियों के अमीरों का एक ही समाज होता है और वे एक जगह बैठकर एक ही दृष्टिकोण से सोचते हैं। हमारी मिलों का माल महंगा हो, हमें मजूरों को कम मजूरी देनी पड़े, हमें सूद भरपूर मिले, हमारी जमींदारी की आमदनी खूब बढ़े, समूची जमीन हमारी बकाश्त और जिरात हो जाय, और कोई भी रैयत हमारे सामने सिर न उठा सके, फलतः हम और हमारे अमले उसे जिस घाट पानी पिलावें पिये, इत्यादि बातें सभी धर्म और जाति के अमीर और धनी जमींदार चाहते हैं। चाहते ही नहीं किन्तु संगठित होकर इनके लिये उपाय भी करते हैं। धर्म, सम्प्रदाय और जाति-समाज की ओट तो केवल इसी लिये लेते हैं कि इसके द्वारा उनके स्वार्थ साधन में आसानी होती है। क्यों कि धार्मिक संस्थाओं और जातीय सभाओं एवं पत्रों का तो यह काम ही है कि धनियों के पैसे से अपनी आत्मा को यदि उनकी कोई आत्मा हो तो, बेंचकर उनका गुणगान करें और उन्हें आसमान पर चढ़ा दें। ऐसी संस्थाओं तथा पत्र पत्रिकाओं को तो कुछ अमीर ही अपने इशारे पर नचाते रहते हैं जैसा कि अब तक का उनका इतिहास इस बात का साक्षी है। जाति सुधार की दोहाई भी वे लोग इसी लिये देते हैं कि अपने उल्लुओं को सीधा करने में उन्हें आसानी होती है। लेकिन अगर उन्हे पता लग जाय कि ये जातीय संस्थायें तथा पत्र पत्रिकायें इस प्रकार उनका स्वार्थ साधन नहीं कर सकेंगी, तो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

इनके विपरीत सब से पहले बगावत का झंडा वे अमीर ही खड़ा कर देंगे, यह ध्रुव सत्य है ।

इससे स्पष्ट है कि अमीरों का समाज निराला ही है और जाति या धर्म का भेद उस समाज का बाधक न होकर साधक ही है । उसी प्रकार गरीबों का भी एक समाज होना उचित है और उसमें धर्म या जाति को बाधक नहीं होना चाहिये । जब गरीबों को चूसने के लिये अमीरों का एक संगठन हो सकता है, होता है और सदा से होता आया है तो फिर गरीबों का भी एक संगठन अपनी रक्षा के लिये क्यों नहीं होना चाहिये ? लेकिन बात ऐसी है नहीं । गरीबों में तो संगठन है ही नहीं और अगर कोई उसके लिये यत्न करें तो वही संघर्ष और श्रेणी युद्ध का हौवा खड़ा किया जाता है और राग, द्वेष, घृणा फैलाने की चेष्टा की दोहाई दी जाती है । कहा जाता है कि खबरदार, ऐसा मत करो, नहीं तो धर्म खतरे में पड़ जायगा और राष्ट्रीयता भंग हो जायगी । जब अमीर लोग सुसंगठित होकर सैकड़ों प्रकार से गरीबों का और गृहस्थों का शोषण करें तो वह धर्म समझा जाय और हमारे धर्म भीरुओं के कानों पर जूं न रेंगे ! लेकिन उसी रक्त शोषण और लूट को बन्द करने के लिये—अपने घर की रखवाली क लिये—जब गरीबों के संगठित करने की बात हो तो धर्म के खतरे की घंटी दी जाय ! यही है इस निराली दुनियां का निराला तमाशा । ५ फी सदी होली के बहाने ९५ फी सदी के घरों में आग लगावें तो आनन्द मनाया जाय और ९५ फी सदी जब उसे रोकने को

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

करवटें बदलना चाहें तो खतरे की घंटी बजे! बिना लाखों और करोड़ों के मुखका टुकड़ा छीने, उन्हें चिथड़ा पहनाये, उनकी टूटी झोंपड़ी से भी उन्हें बेदखल किये और उनकी बैलगाड़ी हड़पे एक आदमी करोड़पति बन नहीं सकता; मालपूआ, घी, मलाई खाकर बदहजमी पैदा कर नहीं सकता; मखमली गद्दे पर सो नहीं सकता; मोटरें दौड़ा नहीं सकता और दुमंजिले महलों में मौजें मार नहीं सकता। भगवान या प्रकृति ने जरूरत से ज्यादा चीजें पैदा नहीं की हैं, ऐसा करने की उसे फुर्सत ही कहां? माता के स्तन में बच्चे की जरूरत से ज्यादा दूध नहीं पैदा होता। ऐसी हालत में करोड़ों की जिन्दगी के लिये जरूरी सामग्री को हथियाये बिना एक आदमी व्यसन की सामग्री सपन्न कर नहीं सकता। इसी लिये मानना ही पड़ता है कि अमीरों और गरीबों के स्वार्थ परस्पर विरोधी हैं और दोनों के स्वार्थों को एक करने की आशा दुराशामात्र है। मजूरों को जितनी ही कम मजूरी और सहूलियतें दी जायँगी और किसानों का लगान जितना ही अधिक होगा पूंजीपति और जमींदार उतने ही ज्यादा खुश होंगे तथा किसान और मजूर उतने ही अधिक खीजेंगे, मरेंगे।

यह तो हुई सामान्य रूप से इस विषय की विवेचना। लेकिन किसान, जमींदार आन्दोलन समाज में दीवार खड़ा करनेवाला है, इस बात पर जरा विशेष रूप से विचार कर लेना चाहिये। इस आन्दोलन से दीवार खड़ी होने की बात को अभी मान कर ही हम ऐसा कहनेवालों से प्रश्न करना चाहते हैं। यदि किसान जमींदार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

आन्दोलन से समाज में दीवार खड़ी होने की बात है तो इस के लिये दोषी कौन है ? अगर यह काम बुरा है तो सब से बड़ा दोषी तो वही होना चाहिये जिसने इसका रास्ता पहले पहल दिखाया है। एक भूमिहार ब्राह्मण समाज को ही ले लीजिये और भीतर प्रवेश करके विचार कीजिये। अन्य प्रान्तों को जाने दीजिये, केवल विहार को ही लीजिये। यहाँ पर बड़े बड़े जमींदारों की सभा प्रायः पचासों वर्ष से कायम है जिसका अंग्रेजी में नाम है "विहार लैण्ड होल्डर्स असोसियेशन" यानी "विहार के जमींदारों की सभा।" जातीय पत्र पत्रिकाओं और सभाओं में भूमिहार ब्राह्मण समाज के जिन बड़े बड़े उपकारियों, हितचिन्तकों, सुधारकों और कर्णधारों के गीत गाये जाते हैं क्या वे लोग बहुत पहले से ही उस जमींदार सभा के सदस्य, मंत्री, सहायक मंत्री, आदि नहीं रहे हैं और क्या आज भी नहीं हैं ? यदि जरूरत होगी तो नाम गिना कर बताया जा सकता है कि कब कौन से महानुभाव उसके किस पद पर आरूढ़ रह चुके हैं और आज भी कौन हैं। उसके सदस्य तो सभी जमींदार कहाने वाले हैं। मेरा मतलब उन जमींदारों से है जिनकी आमदनी कुछ अच्छी से लेकर ज्यादा है। इन जमींदारों को इस बात का गर्व है, फख्र है, अभिमान है कि वे जमींदार सभा के सदस्य, मंत्री आदि हैं। आज कल विहार उड़ीसा की कौंसिल में जमींदारों के खास प्रतिनिधि पांच भेजे जाते हैं और इनके लिये जो चुनाव क्षेत्र बने हैं उनके वोटर वही होते हैं जो बिहार की जमींदार सभा के सदस्य होते हैं या सदस्यता की योग्यता रखते हैं।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

अब जरा इस जमींदार सभा के कारनामों का विचार कीजिये। इसका हमेशा से यही काम रहा है कि किसानों के मार्ग में रोड़े अटकावे । जब कभी किसानों ने कहा कि हमें अपनी मौरूसी जमीन में मकान बनाने का हक होना चाहिये, तो इस सभा ने कहा कि नहीं, हर्गिज नहीं । यदि घुमा फिरा के किसी तरह कुछ हक इस बारे में काश्तकारी कानून ने दिया भी है तो इस सभा की सदा यही कोशिश रही है कि मुकद्मेबाजी के दाव पेंच में डालकर वह भी छीना जाय । यदि इतनी ही बात होती तो एक बात थी । यह छीना झपटी और धींगा मुश्ती हर बात में जारी है । किसान कहता है कि अपनी जमीन में पेड़ बांस लगायें और काटेंगे, उन्हें काम में लायेंगे, आप लगान लीजिये, तो जमींदार और उनकी सभा कहती है कि नहीं, हरगिज नहीं । वह कहता है कि मौरूसी जमीन में ईंट, खपड़ा बनाने और तालाव कूआं खोदने में बाधा मत दें, इनके बिना हमारा काम चल नहीं सकता, तो जमींदार सभा की ओट में जमींदार कहता है कि काम नहीं चलता तो बला से, मगर ये काम कदापि होने न देंगे । यदि जरूरत के समय विवश होकर गरीब किसान अपनी जमींन बेंचकर काम चलाना चाहता है तो जमींदार सभाके बल पर जमींदार उसे धर दबोचता है । यदि मुर्दे के जलाने के लिये अपने सूखे पेड़ की लकड़ी वह काटता है जो जमींदार उसके सिरपर सवार हो जाता है और बेचारे किसान का मुर्दा जलेगा या नहीं इसकी जरा भी पर्वा वह नहीं करता । यह सोलहो आने सच्ची बातें हैं और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

अब तक बराबर होती आई हैं । यह भी नहीं कि विहार में भूमिहार ब्राह्मण बसते ही न हों या वह किसान ही न हों। जिन धनी मानी भूमिहार ब्राह्मणों को समाज के भूषण तथा प्रजावत्सल के नाम से पुकारा जाता है, जिनके चित्र छपते हैं, आगे भी जिनके नाम और चित्र गुणगान के साथ प्रकाशित होंगे उनमें एक एक की जमींदारी में हजारों की तो बात ही क्या कई कई लाख भूमिहार ब्राह्मण बसते हैं और उन्हीं के रैयत हैं। ऐसी दशा में यह प्रश्न स्वभाव से ही उठता है कि विहार में उक्त जमींदार सभा को जन्म देकर और आज तक उसे दृढ़ बनाकर इन जमींदारों ने क्या समाज में बहुत बड़ी दीवार—चीन की प्रसिद्ध बड़ी दीवार से भी बड़ी दीवार—खड़ी नहीं की है ? जिस दीवार के करते भूमिहार ब्राह्मण किसानों को मनुष्य तक भी नहीं माना गया है और वे मानवोचित साधारण अधिकारों से, ऊपर लिखे तरीके से, वञ्चित किये गये है। किसी भी सहृदय मनुष्य के लिये इस दीवार की कहानी बहुत ही दर्दनाक है । जिस जमींदारी के करते बेचारे किसान न तो रहने का मकान ही बना सकते और न पानी पीने के कूंए तालाब ही खुदवा सकते हैं उस जमींदारी और जमींदार के लिये भी क्या उनके दिल में दर्द हो सकता है ? फिर भी इन जमींदारों की धृष्टता देखिये कि उसी भूमिहार ब्राह्मण समाज के नेता, भूषण, उपकारी आदि बनने का दावा बराबर करते आये हैं और किसी ने चूं तक नहीं की है, उसी समाज के जिसमें ६५ फी सदी किसान और मुश्किल से ५ फी सदी जमींदार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

हैं। और यदि आज कोई चूं करने की हिम्मत करता है और उनके दावे को गलत ठहराता है, तो उलटे उसी पर समाज में दीवार खड़ी करने का अपराध लगाया जाता है। असल में तो जमींदार सभा कायम करके और उसके द्वारा जमींदारों को सुसंगठित एवं शक्तिशाली बनाते हुए किसानों पर जुल्म करने का रास्ता साफ करने में पहली बार जमींदारों ने दीवार खड़ी की। उसके बाद लगातार एक के बाद दीगरे किसानों के हकों को छीनते रहने में दूसरी, तीसरी और सैकड़ों बार आज तक उन्हों ने या तो वह दीवार खड़ी की है या उसको मजबूत बनाया है। मगर उनकी ओर उंगली उठाने की भी हिम्मत किसी ने नहीं की है। क्योंकि बिहारी के शब्दों में "को कहि सकै बड़े न की लखी बड़ीओ भूल। दीन्हें दई गुलाब के इन डारिन वे फूल।" वे धनी तथा मालदार जो ठहरे। लेकिन आज जब उनके द्वारा पीड़ित गरीब जनता एवं किसानों की ओर से उस अस्वाभाविक एवं अनुचित दीवार के तोड़ने का प्रयत्न होता है, इन्हें मनुष्योचित अधिकार दिलाने की कोशिश होती है, जबर्दस्ती हड़पे गये इनके अधिकार इन्हें फिर वापस दिलाने का यत्न होता है, ये भर पेट अच्छा अन्न खायें और कपड़ा पहने, इसके लिये तदबीर की जाती है तो चट यह इलजाम ला थोपा जाता है कि समाज में दीवार खड़ी की जा रही है। जिस दिन समाज के ६९ फी सदी किसानों और, गरीबों का परित्याग करके ९ फी सदी जमींदारों ने अन्यान्य जातियों, धर्मों और समाजों के जमींदारों के साथ गंठजोड़ा किया

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

और इस प्रकार भूमिहार ब्राह्मण समाज के ९९ प्रति शत लोगों के स्वार्थ से अपना स्वार्थ अलग बनाया, सो भी बेमुरव्वती और बेरहमी के साथ, उस दिन हमारे ये समालोचक लोग कहां थे और आज भी कहां है ? क्या "दुर्बल की बेटी सब की जनाना होती है" इसी कहावत को तो वे चरितार्थ नहीं कर रहे हैं ?

इससे भी आगे बढ़िये। अभी हाल में जमींदारों ने विहार काश्तकारी कानून में कुछ संशोधन (तरमीम) करवाया। उसका इतिहास सभी जानते हैं। उसके लिये जो चालबाजियां की गई और कुछ शिखण्डियों को खड़ा करके किसानों का गला घोंटने का जो षड्यंत्र किया गया उसमें भूमिहार ब्राह्मण समाज के कई "अवतंस" लोग भी शरीक थे। किसानों की जमीन में से दस फी सदी छीन कर जमींदार अपनी जिरात बना ले इत्यादि बातों का जो बन्दिश की गई क्या उससे समाज के ९९ फी सदी किसान और गरीब उन अपने 'कुल भूषणों' को भर पेट नही कोसते जो संहारक होकर भी उद्धारक होने का दावा करते है ? तो क्या इसके लिये—इस छीना झपटी के लिये—ये गरीव किसान उनसे प्रेम करते और उन्हें आशीर्वाद देते ? अपनी जमीन छीनने वाले के प्रति लोगों का क्या भाव होता है यह छिपा नहीं है। और "क्षेत्र दारापहर्त्ता च षडेते ह्याततायिनः"—"जमीन और स्त्री के हरने वाले भी आततायी कहाते हैं" स्मृति के इन शब्दों में जिन्हें आततायी का स्थान दिया जाना चाहिये क्या वह उलटे समाज के प्रेम-भाजन हो सकते हैं ? और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

यदि अपने इस हरकत के द्वारा वह समाज में जबर्दस्त दीवार खड़ी नहीं कर लेते तो और करते क्या है ? दीवार खड़ी करने की बात करनेवाले या तो भावुक लोग होते हैं या जमींदारों के पिट्ठू । भावुकों के प्रति तो हमें कुछ कहना है नहीं । वे तो सीधे और अनजान होते हैं तथा सच्चे दिल से बातें करते हैं । अतएव दया के पात्र हैं । लेकिन पिट्ठुओं से यही कहना है कि वे दिन लद गये जब समाज और समाज-हित के नाम पर गोलमाल बातें करके अमीरों का मतलब निकाला जाता था, जब अमीर और जमींदार लोग सब कुछ अनर्थ करके भी समाज के नेतृत्व का दम भरते थे और कोई होंठ भी न हिलाता था। अब तो छानबीन का युग आ गया है । चाहे कुछ भी हो, लेकिन लोग खामखाह छानबीन और उधेड़ बुन करेंगे ही और समाज जसी गोल मोल बातों के भुलावे में न पड़ कर विवेक से काम लेंगे। वे खोद विनोद करके समाज के असली अर्थका निश्चय करेंगे ।

इसी लिये समाज की दोहाई देकर अपने उल्लू सीधे करने वालों को भी समझ लेना चाहिये कि जब वे समाज की बात करते हैं तो सभी प्रकार के सुधारों से उन्हें हाथ खींच लेना होगा । क्योंकि सामाजिक सुधार की कोई भी बात लेने पर कुछ लोग तो विरोधी होंगे ही । यहां तक कि चोरी और दुराचार व्यभिचार के रोकने में भी कुछ लोग सहमत न होंगे। आखिर चोर बदमाश भी तो समाजों में ही होते हैं, कहीं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

आसमान से तो टपक पड़ते नहीं। और यदि उनके इन कामों पर रोक हो तो उनका बुरा मानना स्वाभाविक ही है। तिलक दहेज और फजूल खर्ची के विरोधी बहुत ज्यादा हैं। मुकदमे बाजी रोकने के प्रयत्न और पञ्चायत के विरोधी तो वकील, मुख्तार, सोखतार, कर्क आदि बहुत लोग हैं। क्योंकि उनकी जीविका मारी जाती है। चाहे उन्हें विरोध में बोलने की हिम्मत भले ही न हो। लेकिन इनका मूक विरोध तो रहता ही है और दिल से वे लोग नहीं चाहते कि मुकदमेबाजी बन्द हो। गिनाना बेकार है। सभी सुधारकों की यही बात है। तो क्या इन सुधारों की बात उठाने वालों और सुधारकों से यही कहा जाय कि 'खबरदार, आप ऐसा न करें, नहीं तो समाज में दीवार खड़ी हो जायगी'? और, ऐसी हालत में फिर जातीय सभाओं और पत्र पत्रिकाओं का काम ही क्या रह जायगा? क्या चुनाव? असल में जब किसी संस्था, समाज या दल की बात की जाती है तो मतलब होता है उस संस्था समाज या जाति के अधिकांश या बहुसंख्यक लोगों से। क्योंकि किसी भी बात में एक मत तो होई नहीं सकता। फलतः अधिकांश लोग (Majority) जिधर हो वही बात मानी जाती है। इस लिये समाज की बात के मानी होते हैं उसके अधिकांश लोगों की बात। वे जिससे सहमत हों या जिसमें अपनी भलाई समझते हों वही समाजकी या समाज हित की बात होगी। प्रान्त में समाज के ९५ फी सदी लोग किसान और ५ फी सदी जमींदार हैं। ऐसी हालत में समाज कहने से वही ९५ फी सदी ही माने जायंगे, माने जाने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

चाहिये, न कि केवल ५ फी सदी । ९५ के सामने ५ की गिनती क्या ? और जब इन ९५ प्रति शत लोगों की भलाई के लिये किसान आन्दोलन हो रहा है तो फिर उससे समाज में दीवार खड़ी होने का प्रश्न ही कहां उठता है ? समाज तो ९५ फी सदी ही है।

एक बात इस सम्बन्ध में और है । असंगठित देख कर सभी को जुल्म करने की चाह होती है । जब तक किसान संगठित नहीं हैं तब तक हजार मीठी बातें बनाने पर भी जमींदार और उनके अमले किसानों पर जुल्म करेंगे ही और वे बेबसी की हालत में आह मार के रह जायँगे। बोल तो सकेंगे नहीं, पर, भीतर ही भीतर जमींदारों को कोसेंगे। इस प्रकार समाज में जमींदारों तथा किसानों के बीच बनी हुई खाईं दिन प्रति दिन चौड़ी होती जायगी क्योंकि असली मेल तो दिलों का होता है और किसानों के असली दिल कभी भी जमींदारों से मिल सकते नहीं, खास कर ऐसी हालत में जब कि आये दिन जुल्म का नमक उनपर बरावर छिड़का जाता है। लेकिन किसान आन्दोलन के करते अगर किसान संगठित एवं बलशाली हो जांय तो उनपर जुल्म करने की हिम्मत किसे हो ? नतीजा यह होगा कि वे अपने नैतिक एवं मानवीय अधिकारों को प्राप्त कर लेंगे। इस प्रकार कलह का बीज ही जाता रहेगा और दोनों के बीच की खाईं या दीवार जो जमींदारों के जुल्म के करते हुई थी अपने आप मिट जायगी। इस प्रकार किसान आन्दोलन समाज में दीवार खड़ी करने के बजाय पूर्व से खड़ी दीवार को गिरानेवाला कहा जाना चाहिये।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

हमने बताया है कि जातीय पत्रों और सभाओं का आज कल यही कर्त्तव्य सा हो गया कि कुछ चलते पुर्जे पढ़े लिखे तथा धनियों और मालदारों की वकालत करना और उनके लिये चुनाव आदि के सम्बन्ध में मैदान साफ करना, अनुकूल वातावरण तैयार करना और उनके असली रूपको छिपाना। इससे बढ़कर किसी को भी प्रसन्नता न होगी यदि कोई पत्र या सभा इसका अपवाद निकाले। हम उसके सामने सब से पहले सिर झुकावेंगे। लेकिन हम जानते हैं कि ऐसा होना करीब करीब असम्भव है, हालांकि असम्भव जैसी चीज इस दुनिया में है नहीं। यही कारण है कि हम ऐसी सभाओं तथा पत्र पत्रिकाओं के विरोधी हैं। इन से भोलीभाली जनता को धोखा होता है। एक बड़ा जमींदार, मालदार या कारखाने वाला अपने ही समाज के हजारों, लाखों किसानों, मजूरों और गरीबों का रक्त शोषण निर्दयता के साथ बराबर करता रहता है, उन्हें मनुष्य भी नहीं समझता। उनके बच्चे अन्न वस्त्र के बिना तड़पते रहते हैं, उसकी आंखों के सामने ही। फिर भी उसे दया नहीं आती और अपनी विलास सामग्री जुटाने के लिये उनके मुंह का टुकड़ा और तनका वस्त्र बलात् छीन कर अपनी लगान, नजराना, तावान आदि वसूल करता है और इस वसूली में कानूनी गैरकानूनी सभी तरह के तरीके काम में लाता है। कानूनी उपायों का तो वह हकदार ही ठहरा। मगर गैरकानूनी भी काम वह करता ही है सिर्फ इसी लिये कि कानून के दायरे में घुसने पर उसे हैरानी और बहुत खर्च का सामना करना पड़ता है। साथ ही बार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

बार ऐसा करने पर किसान धृष्ट भी तो हो जायंगे जब वह समझेंगे कि अदालत में हम और हमारे जमींदार बराबर ही समझे जाते हैं। उन पर रोब दाब रखना जमींदारी प्रथा का एक बहुत बड़ा अंग है उसके बिना वह चल सकती ही नहीं। इतना होते हुए भी जातीय सभायें तथा पत्र उसे समाज भूषण आदि विशेषणों से विभूषित कर के ही छोड़ते हैं और प्रजा-वत्सल आदि कहने में जरा भी नहीं हिचकते। वह किस समाज का भूषण है ? उसी का जिसके ९५ प्रति शतका वह रक्त शोषण करने में जरा भी आनाकानी नहीं करता ? याकि, उसका कोई और समाज है ? केवल उसके धन और जमींदारी के कारण जातीय सभायें उसे सभापति और कर्णधार बना डालती हैं तथा उसे आसमान पर चढ़ाने वाली विज्ञप्तियां निकाल कर यातो भोली भाली जनता को धोखा देती हैं या गरीबों के जले पर बार बार नमक छिड़कती हैं। क्या यह कथमपि उचित है ? यदि उसकी जमींदारी के किसान उसकी जाति के न होकर दूसरे के हों तो फिर ऐसे को जो जाति अपना कर्णधार बताती है, भूषण करार देती है, वह सताये गये लोगों की नजरों में कितनी तुच्छ होगी इसे सभी समझ सकते हैं। इस गुनाह बेलज्ज़त की क्या जरूरत ? लेकिन जातीय पत्रों को पैसे की जरूरत होती है, कारण इनका प्रचार जाति से बाहर होता ही नहीं और ये पैसे अमीरों से ही ज्यादा मिल सकते हैं। फलतः इनका काम हो जाता है उन अमीरों की चापलूसी करना और उनका ढिंढोरा पीटना। आखिर पैसा लेना है तो कुछ करना ही होगा।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

जातीय सभाओं में कुछ पढ़े लिखे लोगों की ही चलती है और उनका तथा अमीरों का पैक्ट रहता है कि हम दोनों मिल कर समाज या जाति के नाम पर अपना उल्लू सीधा करें और इसके लिये परस्पर एक दूसरे की तारीफों का पुल बांधकर आसमान पर चढ़ा दें। यही होता है और मूक जनता इस चालबाजी के करते ठगी जाती है।

जैसा कि पहले बताया जा चुका है कि समाज या जाति का अर्थ है उसकी अधिकसंख्य जनता। यह भी कही चुके हैं कि अधिकांश जनता प्रत्येक समाज में गरीब और दुखिया है, किसान मजूर हैं। यह भी सिद्ध ही कर चुके हैं कि स्वार्थका असली अर्थ है आर्थिक स्वार्थ रोटी, वस्त्र आदि। ऐसी हालत में यदि किसी समाज के स्वार्थ के नाम पर कोई भी संगठन या आन्दोलन चलाया जा सकता है तो वह यही कि उस जाति या समाज के अधिकांश लोगों की रोटी और कपड़े की बात कैसे हल होगी और वे लोग मनुष्य का जीवन सम्मान पूर्वक कैसे व्यतीत कर सकेंगे। यही है असली और खांटी जाति हित और यह सभी की समझ में आसानी से आ जाता है। धर्म और परलोक की बात ऐसी है कि उसे भूखे और नंगे लोग समझ नहीं सकते। नैतिक बल, सदाचार की बात करना उनकी दृष्टि में हृदय हीनता का प्रदर्शन मात्र है। स्वर्ग, बैकुण्ठ और बिहिश्त को वे लोग समझना नहीं चाहते कि यह कौनसी बला है। उन्हें तो पहले रोटी चाहिये, कपड़ा चाहिये, मकान चाहिये, जमीन चाहिये, बीमारी की हालत में दवा चाहिये,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

पढ़ने लिखने का सामान चाहिये, दैनिक जीवन के लिये जरूरी नमक, तेल, दियासलाई, कार्ड लिफाफा, लोहालक्कड़ सस्ता और सुलभ चाहिये और उनकी पैदा की हुई चीजों का दाम उन्हें इतना जरूर मिलना चाहिये जिससे उनकी सर्वसाधारण आवश्यकताओं की पूर्त्ति हो सके। यही उनकी असली समस्यायें और पहेलियां हैं, यही उनका असली हित एवं स्वार्थ है। फलतः सबसे पहले इन्हीं समस्याओं को हल करना और इसी स्वार्थ को पूरा करना हरेक जातीय पत्र तथा जातीय सभा का कर्त्तव्य होना चाहिये । इस काम में सभी जातियों के पत्रों एवं सभाओं का सुन्दर सच्चा सहयोग भी हो सकता है । क्योंकि इसमें किसी का विरोध नहीं, सभी का मतैक्य है। यह तो ठोस भौतिक चीजें हैं जिनके बिना कोई जी सकता ही नहीं। यह ईश्वर, धर्म, स्वर्ग, बिहिश्त जैसी ख्याली चीजें थोड़े ही हैं कि पंडितों और मौलवियों की चाल चल जाय और मन्दिरों में जाने तथा घड़ियाल घंटे से खुदा नाखुश हो और अजान देने तथा मस्जिद में जाने से ईश्वर कुपित हो ? गोकुशी से यदि नक मिलता हो तो मस्जिद के सामने बाजे से गहरा दोजख, यदि सन्ध्योपासन तथा वेदपाठ से बिहिश्त में प्रवेश ही न हो सके तो नमाज और कुरान पाठ से स्वर्ग का सुख भी न देख सके। ये धर्म और सदाचार की चीजें तो अन्धों के हाथी जैसी है। किसी अन्धे ने पूंछ को ही हाथी कहा तो दूसरे ने सूड़ को, तीसरे ने पाँव को और चौथे ने दांत को ही और इस प्रकार वे आपस में ही तथा एक दूसरे को बेवकूफ बनाने लगे । लेकिन यहां फिजूल

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

ही अन्धा बनने की किसे जरूरत है ? हां, जब असली स्वार्थ और ठोस चीजें रोटी, कपड़े आदि के रूप में मिल जाती हैं और चैन होता है तो बहुतो को मस्ती तथा दिल बहलाव सूझता है और वे धर्म, दर्शन तथा फिलासफी की बातें करते हैं। ठीक भी है, आखिर बिकार और चैन की हालत में कोई शगल भी तो चाहिये। लेकिन जनसाधारण को ऐसा कभी न देखा और न सुना कि वे भूखे और नंगे हों, फिर भी रोटी कपड़े की बात छोड़ कर मन्दिर मस्जिद, संध्या नमाज और धर्म मजहब को गलबुचन करें। उस हालत में उनका असली और पक्का धर्म, मजहब तो यही रोटी कपड़ा आदि ही हैं। वे इन्ह की उपासना सर्वोपरि समझते हैं। यह तो प्रतिदिन का अनुभूत ठोस सत्य है। इसमें दलील की गुंजाइश ही नहीं। यदि कहा जाय कि धर्म और दर्शन तो हरेक आत्मा की भूख है तो हमें इतना ही कहना है कि जिस प्रकार बीमारी की दशा में भूख मारी जाती है और उसका पता नहीं रहता ठीक उसी प्रकार अन्न वस्त्र के अभाव की दशा में आत्मा की यह भूख भी मारी जाती है, लापता रहती है। हां पूर्ण स्वस्थता को दशा में जिस प्रकार खुल के भूख लगती है ठीक उसी प्रकार पेट भरने और तन ढकने के बाद ही चैन की दशा में धर्म और दर्शन की भूख लगती है। ऐसी दशा में धर्म के प्रेमियों का भी यही कर्त्तव्य हो जाता है कि पहले आत्माका स्वास्थ्य प्राप्त करने की ही कोशिश करें। अर्थात् जब तक जनता की रोटी और कपड़े का प्रश्न हल नहीं हो जाता तब तक इसी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

बात का आन्दोलन करें जिससे जनता की आत्मा में धर्म की भूख जगे।

इसी लिये मेरी पक्की धारणा है कि वर्त्तमान परिस्थिति में जब कि हरेक जाति, धर्म और समाज के अधिकांश लोग यथार्थतः भूखे और नंगे हैं और आत्म सम्मान रहित जीवन व्यतीत करने को बाध्य किये जा रहे हैं हर जातीय प्रेमी, धर्म सेवक, समाज सुधारक नेता का, हर सभा का और सभी जातीय एवं धार्मिक पत्र पत्रिकाओं का यह पवित्र कर्त्तव्य है कि ईमानदारी के साथ इस रोटी, वस्त्र और आत्म-सम्मान की समस्या को सबसे पहले हल करने के लिये पूरी शक्ति के साथ जुट जाँय और इसे हल करके ही छोड़ें। नहीं तो आज इस प्रश्न को न उठाकर धर्म सदाचार, सुधार, नैतिकता आदि की बातें करना इस बात का सबूत देना है कि उनमें वस्तु स्थिति के सामना करने की हिम्मत नहीं है। इतना ही नहीं है। इस समय इन प्रश्नों को उठाना जनता को गुमराह करने की कोशिश करना है। क्योंकि इन प्रश्नों और बातों को सुनकर भोली जनता धोखे में आजाती है और रोटी तथा कपड़े के असली प्रश्न की ओर से उसका ध्यान फिर जाता है और वह नाहक ही यह समझने लगती है कि धर्म और सदाचार आदि का प्रश्न ही वास्तविक प्रश्न है और रोटी का सवाल गौण है। बहुत दिनों से धर्म के प्रति जो मूक जनता में अत्यधिक सम्मान है उसका अनुचित लाभ उठाकर जाति और धर्म के पेशवा लोग जो इस प्रकार उसे पथभ्रष्ट और गुमराह कर रहे हैं यह उनका अक्षम्य अपराध है। अतः समय रहते उन्हें सजग हो जाना चाहिये।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

पुस्तकालय

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

सर्चलाइट प्रेस, पटना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

एक ही स्वतंत्र किसान-संगठन की ओर !

दुनन्दन शर्मा   स्वामी देवानन्द   बी० पी० सिन्हा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

एक ही स्वतंत्र किसान संगठन की ओर !

१९५७ के आम चुनाव के खत्म होने के साथ-साथ भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन, भारत में सच्चे, पूरे जनतंत्र की स्थापना के आन्दोलन का एक महत्त्वपूर्ण काल समाप्त हुआ। भारतीय गणतंत्र को पूर्ण जनतंत्र का रूप देने के लिए जो आन्दोलन चल रहा था, उसके दस वर्ष समाप्त हो गये। इस बीच में दो आम चुनाव हुए—भारतीय गणतंत्र का पहला १९५१-१९५२ का आम चुनाव और फिर १९५७ का आम चुनाव। इन दोनों आम चुनावों के बाद अभी भारत की जनता, भारत के मजदूरों, किसानों और मध्यम वर्ग की आजादी और खुशहाली के सपने नहीं पूरे हुए ; इनके जल्द पूरे होने की आशा नहीं बँधती। मुख्यतः इस कारण कि इन दस वर्षों और विशेषकर पिछले पाँच वर्षों के अन्दर अपने देश का जनान्दोलन विफल ही रहा है, इस देश में जन-शक्ति का ह्रास ही हुआ है। मजदूरों और किसानों की शक्ति को सुसंगठित और समर्थ बनाने में मजदूर और किसान-आन्दोलन कितना असफल रहा हैं इस कारण देश की जन-शक्ति आज कितनी दुर्बल है, यह तो इसके राजनीतिक कुपरिणाम, पिछले दोनों आम चुनावों के नतीजों से स्पष्ट हो जाता है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

राजनीतिक परिस्थति

आज राजनीतिक क्षेत्र में, पार्लमेंट और विधान सभाओं में, केरल को छोड़कर, कांग्रेस का बोलबाला है, प्रबल बहुमत है; मजदूरों और किसानों की सच्ची आजादी और खुशहाली चाहनेवाली राजनीतिक पार्टियाँ कांग्रेस के मुकाबले नितान्त दुर्बल हैं। १९५२ के आम चुनाव में जहाँ लोक सभा के ५०० सदस्यों में कांग्रेस के ३६२ सदस्य थे, वहाँ प्रगतिशील पार्टियों के ६० से कम ही थे और ४१ स्वतंत्र सदस्यों को मिलाकर कुल गैर काँग्रेसी सदस्य १२३ ही थे। १९५७ के आम चुनाव के बाद भी लोक सभा में काँग्रेस प्रायः उसी पुरानी संख्या में आ धमकी है और प्रगतिशील पार्टियों की संख्या ७० से नहीं बढ़ेगी और कुल गैर-काँग्रेसी सदस्यों की संख्या १५० से अधिक नहीं जायेगी। इस तरह पार्लमेंट में प्रगतिशील शक्तियों, मजदूरों और किसानों के हिमायतियों की ताकत प्रायः पहले ही जैसी है। तो पार्लमेंट में मजदूरों, किसानों और निम्न मध्यम वर्ग की रक्षा करने और उनकी दशा सुधारने के लिए संवैधानिक पार्लमेंटरी कार्रवाई करने के मामले में हमारी अवस्था प्रायः पहले जैसी ही है। ताकत पहले से थोड़ी बढ़ने के बाद भी कौंग्रेस के मुकाबले अभी बहुत ही कम है।

केरल, बंगाल और बम्बई को छोड़कर बाकी राज्यों की विधान-सभाओं में काँग्रेस का पहले की ही तरह प्रबल बहुमत है

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

और प्रगतिशील पार्टियाँ उसी तरह दुर्बल हैं। केरल में कम्युनिस्ट पार्टी ने पूरा बहुमत प्राप्त कर अपना मंत्रिमंडल स्थापित किया है। बंगाल में कम्युनिस्ट पार्टी तथा दूसरी वामपक्षी पार्टियों की ताकत पहले से काफी बढ़ी है; मगर अब भी काँग्रेस से बहुत कम है। बम्बई में संयुक्त महाराष्ट्र और महागुजरात आन्दोलनों के कारण प्रगतिशील पार्टियों की ताकत पहले से काफी बढ़ी है; मगर काँग्रेस के मुकाबले अब भी बहुत कम है। तो संवैधानिक रीति से मजदूरों, किसानों और निम्न मध्यमवर्ग की रक्षा और उन्नति करने के सम्बन्ध में केरल में हालत बहुत अच्छी और बंगाल तथा बम्बई में पहले से कुछ अच्छी है। दूसरे सभी राज्यों में, उत्तर प्रदेश और बिहार में भी इस दृष्टि से हमारी हालत अच्छी नहीं है। परिणाम यह हुआ है कि काँग्रेसी सरकारें जो थोड़ी सुविधाएँ दे दें उनसे जनता को सन्तोष कर लेना पड़ता है और जो बुराइयाँ वह करनेवाली हों या कर रही हों उन्हें रोकने या पलटने, संवैधानिक या पार्लमेंटरी रीति से चलकर रोकने या पलटने के लिए आवश्यक राजनीतिक शक्ति जनता में नहीं है। राजनीतिक दृष्टि से मजदूरों और किसानों की आज ऐसी ही दयनीय दशा है।

राजनीतिक दुरवस्था के कारण

निःसन्देह १९५२ से १९५७ की अवधि में प्रगतिशील कही जानेवाली राजनीतिक पार्टियों का जो रवैया वर्ग-संगठनों और वर्ग संघर्ष, मजदूरों और किसानों के वर्ग-संगठनों और उनकी लड़ाइयों के बारे में रहा, इन्होंने वर्ग-संगठन और वर्ग-संघर्ष का

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

जो बुरा हाल कर रखा था, उसी का फल हमें पिछले आम चुनाव में मिला। इन्हीं सब कारणों से मजदूरों और किसानों की राजनीतिक तथा आर्थिक अवस्था आज ऐसी दयनीय है।

वास्तव में पिछले पाँच वर्षों में ही नहीं, पिछले दस वर्षों या इससे भी ज्यादा समय पहले से ही इन पार्टियों ने जो गलत नीति-रीति चला रखी थी, उसे ही वे बहुत हद तक पिछले आम चुनाव ही नहीं बल्कि चुनाव के बाद भी चलाती रहीं। इसके फलस्वरूप मजदूरों और किसानों की शक्ति छिन्न-भिन्न हुई और संगठित जनशक्ति का ह्रास हुआ। इन्हीं कारणों से सफल जन-संघर्ष करना सम्भव नहीं हुआ और देश का जनान्दोलन, मजदूरों और किसानों का आन्दोलन विफल रहा। फिर पिछले आम चुनाव में अच्छा नतीजा हासिल करना कैसे सम्भव था?

अ० भा० किसान सभा—संयुक्त किसान सभा की उत्पत्ति

१९३६ में लखनऊ काँग्रेस के अवसर पर स्वामी सहजानन्द सरस्वती के समर्थ नेतृत्व में स्थापित सबल अखिल भारतीय किसान सभा कम्युनिस्ट पार्टी की संकुचित दलगत राजनीति की चक्कर में पड़कर पथभ्रष्ट हुई, नष्ट हुई। उसमें से पहले १९४२ में काँग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के लोग अलग हुए और पीछे आकर स्वामीजी और उनके अनुयायी भी अलग हो गये। फिर वह आज की अ० भा० किसान सभा के रूप में कम्युनिस्ट पार्टी के प्रच्छन्न

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

नियंत्रण में चलनेवाला किसान-संगठन बन गया। इस तरह वह समस्त अथवा अधिकतर किसानों का स्वतंत्र सबल वर्ग-संगठन नहीं रह गया। उसे कम्युनिस्ट पार्टी ने खुलकर अपनी शक्ति बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया। सम्भवतः ऐसी अवस्था उत्पन्न होने पर ही स्वामी सहजानन्द सरस्वती और उनके अनुयायी अ० भा० किसान-सभा से अलग हुए और १९४६ में संयुक्त किसान-सभा की स्थापना हुई। इसमें कम्युनिस्ट और सोशलिस्ट पार्टी को छोड़कर प्रायः सभी शेष १५ राजनीतिक पार्टियों के लोग शामिल हुए।

हिन्द किसान पंचायत

कम्युनिस्ट पार्टी ही नहीं पुरानी सोशलिस्ट पार्टी तथा अन्य प्रगतिशील कही जानेवाली पार्टियाँ भी, कम-से-कम, पिछले दस वर्षों से अपनी ताकत बढ़ाने के ख्याल से मजदूरों और किसानों की लड़ाइयाँ चलाने, वर्ग-संघर्ष चलाने, उसमें भाग लेने और वर्ग संगठन बनाने, चलाने और इनमें अच्छा स्थान हासिल करने की नीति मानती रही हैं। इन कार्रवाइयों के जरिये ज्यादा मजदूरों और किसानों और उनके वर्ग-संगठनों पर अपना प्रभाव जमाना उनका उद्देश्य रहा है। मगर जहाँ काँग्रेस बराबर से किसानों का वर्ग-संगठन बनाने के खिलाफ रही है और अभी तक उसी नीति पर चल रही है वहाँ पर यह सभी पार्टियाँ किसानों का वर्ग-संगठन बनाने, चलाने और इनपर तथा इनमें संघठित

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

किसानों पर अपना प्रभाव स्थापित करने की नीति बरतती थी। हाँ, कम्युनिस्ट पार्टी तथा अन्य प्रगतिशील राजनीतिक पार्टियों में और पुरानी सोशलिस्ट पार्टी की नीति में यह भेद अवश्य था कि कम्युनिस्ट आदि पार्टियाँ किसानों और मजदूरों के वर्ग-संगठनों को अपनी पार्टी से सम्बद्ध कराने की नीति नहीं मानती थीं; मगर पुरानी सोशलिस्ट पार्टी ने १९४९ में अपनी पटना कान्फरेंस में वर्ग-संगठनों को पार्टी से सम्बद्ध कराने का नियम अपने संविधान में डाल दिया था। परन्तु दूसरे साल ही १९५० में मद्रास कान्फरेंस में इसे अव्यावहारिक कहकर मुल्तबी कर दिया गया और १९५२-५३ तक इसे मुल्तवी ही रखा गया।

प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की नीति

इसी बीच में १९५२ के अन्त में सोशलिस्ट पार्टी और किसान मजदूर प्रजा पार्टी को मिलाकर प्रजा सोशलिस्ट पार्टी बनी और १९५४ में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की जेनरल कौन्सिल की इन्दौरवाली बैठक में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के संविधान में से वर्ग-संगठनों को पार्टी से सम्बद्ध करवाने का नियम निकाल दिया गया। पुरानी सोशलिस्ट पार्टी और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी में किसी राजनीतिक पार्टी के प्रत्यक्ष सीधे प्रभुत्व अथवा नियंत्रण से मुक्त वर्ग-संगठन चलाने की नीति मान्य हो गयी थी। इसी कारण प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के संविधान में से ऐसा नियम निकाल दिया गया और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी भी कम्युनिस्ट पार्टी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

तथा अन्य प्रगतिशील राजनीतिक पार्टियों की तरह वर्ग-संगठनों को राजनीतिक पार्टी से संवैधानिक रूप से सम्बद्ध न करने की नीति मानकर चलने लगी।

कुछ दिनों तक प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के बेतूल कन्वेंशन में मंत्री की रिपोर्ट में श्री अशोक मेहता द्वारा पेश किये गये विचारों के अनुसार किसानों के वर्ग-संगठन को अनावश्यक तथा हानिकारक करार देकर पार्टी को सीधे किसानों के बीच में खड़ी करने की नीति का प्रचार किया गया। विशेषकर बिहार में इसी नीति को प्रचलित करने का प्रयत्न किया गया। इसके कारण बिहार में हिन्द किसान पंचायत में काम करनेवाले सोशलिस्ट कार्यकर्त्ताओं और बिहार के नेताओं के बीच पूरा झगड़ा खड़ा हो गया। मगर प्रजा सोशलिस्ट पार्टी का अखिल भारतीय नेतृत्व इसे स्वीकार नहीं करता था। वह हिन्द किसान पंचायत को प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के सहायक किसान-संगठन की तरह, प्रजा सोशलिस्ट पार्टी द्वारा प्रच्छन्न रूप से नियंत्रित, उसमें काम करनेवाले अधिकतर प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के सदस्यों के मार्फत नियंत्रित वर्ग-संगठन मानता था। वर्ग-संगठनों और युवक-संगठनों दोनों के ही सम्बन्ध में यही नीति बरती जा रही थी।

सोशलिस्ट पार्टी की नीति-रीति

१९५५ के अन्त में जब प्रजा सोशलिस्ट पार्टी से अलग होकर नयी सोशलिस्ट पार्टी बनी तब एक तरफ तो संविधान में फिर,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

वर्ग-संगठनों को संबद्ध करवाने का नियम डाल दिया गया; मगर दूसरी तरफ वर्ग-संघर्ष चलाने और वर्ग-संगठनों को संगठित करने में ढिलाई कर दी गयी। नयी पार्टी थी न, पार्टी का संगठन ही खड़ा करने में लोग व्यस्त रहे! वर्ग-संगठनों को छोड़ ही दिया गया। वर्ग-संगठनों को संगठित किये बिना और वर्ग-संघर्ष की अवहेलना करके, राजनीतिक प्रदर्शनों, 'लड़ाइयों' में पूरी ताकत लगा दी गयी। परिणाम-स्वरूप हिन्द किसान पंचायत का संगठन ठप्प हो गया, जब कि हिन्द किसान पंचायत अब सोशलिस्ट पार्टी के ही नियंत्रण में थी और उसके अधिकतम कार्यकर्ता सोशलिस्ट पार्टी के ही सदस्य थे। इस बीच में किसानों की तरह-तरह से धड़ल्ले के साथ बेदखली होती रही; सूखा आया, बाढ़ आयी, दामों की लूट चली; मगर हिन्द किसान पंचायत और सोशलिस्ट पार्टी कुछ न कर सकीं। वर्ग-संगठन के अभाव में, उसकी कमजोरी के कारण कुछ किया न जा सका। इसके बदले में सभी कार्यकर्त्ताओं को तथाकथित लड़ाइयों, वस्तुतः राजनीतिक प्रदर्शनों,'सत्याग्रह' में जोत दिया गया। अधिक-से-अधिक सोशलिस्ट पार्टी इस तरह प्रतिवाद करके चुप्प रह गयी। पिछले आम चुनाव के पूर्व तक बिहार में तो यही कार्यक्रम चला। शायद उत्तर प्रदेश को छोड़कर बाकी सभी प्रदेशों में हिन्द किसान पंचायत और सोशलिस्ट पार्टी का मजदूरों और किसानों की कठिन समस्याओं के हल करने और उनकी लड़ाइयाँ चलाने के मामले में यही हाल रहा। बस इसी कच्चे आधार पर आम

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

चुनाव के दंगल में सोशलिस्ट पार्टी कूद पड़ी। इस दंगल में भी कांग्रेस ही नहीं, कम्युनिस्ट पार्टी, प्रजा सोशलिस्ट पार्टी तथा दूसरी सभी पार्टियों से लड़ने की नीति अख्तियार की गयी। नतीजा यह हुआ कि बिहार विधान सभा में कांग्रेस अच्छी तरह जीती, प्रायः पिछला-सा ही बहुमत प्राप्त किया। प्रजा सोशलिस्ट पार्टी भी ३१ की संख्या में, पहले से अच्छी संख्या में आयी। कम्युनिस्ट पार्टी १ से ७ हो गयी। सोशलिस्ट पार्टी १ की १ ही रह गयी। निःसन्देह समाजवादी ईमानदारी और थोड़ी राजनीतिक बुद्धिमानी से काम लेने से इससे अच्छा नतीजा हो सकता था। सभी प्रगतिशील पार्टियाँ ज्यादा संख्या में आतीं, सोशलिस्ट पार्टी के १०-१५ सदस्य जरूर जीतते और कांग्रेस का बहुमत काफी घटा होता।

प्रजा सोशलिस्ट गतिविधि

बिहार में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के हाथों से हिन्द किसान पंचायत प्रायः निकल हो गया था और उन्होंने किसानों का दूसरा वर्ग-संगठन बनाने का प्रयत्न नहीं किया। किसानों के वर्ग-संघर्ष का संचालन वे नहीं कर सके। किसानों की लड़ाइयाँ वे नहीं लड़ पाये। बेदखली, सूखा, बाढ़, दामों की लूट किसी भी मामले में वे जनरक्षा के कार्य करने में असमर्थ रहे। हाँ सीधे प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के नाम से कुछ आन्दोलन, प्रदर्शन आदि, कुछ वक्ती चीजें करते रहे। उनके एम० एल० ए० विधान-सभा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

के फ्रंट पर अवश्य क्रियाशील रहे और पार्टी का झंडा फहराये रहे। चुनाव में उनकी जीत को समाजवादी आन्दोलन के पूर्व कर्मों का फल ही कहना चाहिये।

कम्युनिस्ट पार्टी की गतिविधि

बिहार में कम्युनिस्ट पार्टी की जीत के लिए वर्ग-संघर्ष और वर्ग-संगठनों के सम्बन्ध में उनकी क्रियाशीलता अवश्य जिम्मेवार है। कम्युनिस्ट थोड़ा या बहुत, सही या गलत, वर्ग-संघर्ष के सम्बन्ध में अपनी जिम्मेदारियाँ अदा करते रहते हैं। इनके अलावा कुछ वक्ती किस्म के राजनीतिक आन्दोलन, प्रदर्शन तथा प्रतिवाद भी वे करते चलते हैं। स्वामी सहजानन्द सरस्वती द्वारा स्थापित अखिल भारतीय किसान सभा पर अपन प्रभुत्व, प्रच्छन्न नियंत्रण स्थापित कर उसे वे अपनी रीति से, अपनी शक्ति बढ़ाने के लिए ही सही, मगर वर्ग-संघर्ष के साधन के रूप में चलाते रहे। किसानों के बीच वे काम करते, कुछ न कुछ उनकी मदद करते, उनकी सेवा करते रहे। फिर भी अपनी दलगत संकुचित राजनीति के कारण और अपने किसान-संगठन की कमजोरी के कारण वे १९५२-५७ के बीच जन-रक्षा के कार्य सफलता के साथ नहीं कर पाये। बेदखली, सूखा, बाढ़, दामों की लूट आदि के बारे में वे विशेष कुछ नहीं कर पाये। दलगत राजनीति में फँसी, अनेक परस्पर विरोधी वर्ग-संगठनों में विभाजित, खंडित, किसानों और मजदूरों की छिन्नभिन्न क्षीण शक्ति के कारण कुछ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

अधिक करना उनके लिए भी सम्भव नहीं हुआ। मगर वर्गसंघर्ष के क्षेत्र में कुछ न कुछ क्रियाशील रहने का उन्होंने फायदा उठाया। इसके अलावा आम चुनाव में उन्होंने राजनीतिक बुद्धिमानी का परिचय दिया। प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के साथ जितना झगड़ा बचा सकते थे, वे बचाकर चले। इसके फलस्वरूप बिहार विधान-सभा में वे १ से ७ हो गये। फिर भी ऊपर बताये गये कारणों से वे बहुत सन्तुष्ट नहीं नजर आते। कमजोर वर्ग-संगठनों को साथ चपेटे कांग्रेस के मुकाबले असफल राजनीति का भार ढोते वे नजर आते हैं। इस तरह जनरक्षा का सबल आयोजन करने के सम्बन्ध में वे भी आशान्वित नहीं मालूम होते। इस तरह राजनीतिक क्षेत्र में अन्तिम सफलता प्राप्त करने की उनकी अभिलाषा शीघ्र पूर्ण होती नहीं मालूम होती। ऐसा लगता है कि कमजोर वर्गसंगठनों को पार्टी से चिपकाये चलते चले जाने में उन्हें भी विशेष लाभ नहीं मालूम होता।

संयुक्त किसान-सभा की गतिविधि

कुछ इससे मिलता-जुलता अनुभव संयुक्त किसान-सभा में एकत्र उन सभी पार्टियों और समूहों के लोगों का हुआ जो पं० यदुनन्दन शर्मा के नेतृत्व में स्वामी सहजानन्द सरस्वती के अधूरे काम को पूरा करने में लगे हुए थे। सबल किसान-संगठन के अभाव में, अनेक परस्पर विरोधी वर्ग-संगठनों में विभाजित तथा खंडित जनशक्ति के कारण आहत वे भी सफल जनरक्षा के कार्य नहीं कर पा रहे हैं, ग्रामीण जनता को विशेष लाभ नहीं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

पहुँचा पा रहे हैं। आज पं० यदुनन्दन शर्मा और उनके बहुतेरे साथी क्षुब्ध हैं, परेशान हैं। वे जनरक्षा का सबल, सफल आयोजन कर सकने के लिए व्यग्र हैं। वे जनजीवन की न्यायपूर्ण पुनर्रचना के लिए कोई रास्ता निकालना चाहते हैं, नया आधार निर्मित करना चाहते हैं।

एक ही स्वतंत्र किसान-संगठन की ओर

१९३६ से १९५६ की अवधि में संकुचित, दलगत राजनीति से अभिभूत कम्युनिस्ट, सोशलिस्ट आदि पार्टियाँ अपनी शक्ति बढ़ाने के लिए वर्ग-संगठनों का खुलकर इस्तेमाल करती-करती, इन संगठनों को टुकड़े-टुकड़े कर चुकी हैं, मजदूरों और किसानों की शक्ति को छिन्न-भिन्न कर चुकी हैं। इन दलगत वर्ग-संगठनों के छोटे-छोटे दायरे में घेरकर मजदूरों और किसानों को अपनी रक्षा करने अथवा जन-जीवन की सफल पुनर्रचना करने की दृष्टि से इन्होंने अशक्त तथा दुर्बल बना रखा है। इन पार्टियों और इनके द्वारा नियंत्रित वर्ग-संगठनों में अलग-अलग इतनी शक्ति नहीं कि वे मजदूरों और किसानों की रक्षा तथा उन्नति के लिए पथ प्रशस्त कर सकें और मिलजुलकर सबकी सम्मिलित शक्ति से यह काम करने की उनमें उदारता, नम्रता अथवा ईमानदारी नहीं है। इन पार्टियों को मिलजुलकर राजनीतिक क्षेत्र में काम करने को तैयार करना बहुत कठिन है। दो आम चुनावों में इतने जोरों से पिटने के बाद भी इन्हें अक्ल नहीं आयी।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

मगर भारतीय जनता की रक्षा और जन-जीवन की सफल पुनर्रचना के लिए सबल आयोजन तो करना ही है। इसका एक ही उपाय है। मजदूरों और किसानों के वर्ग-संगठनों को, मजदूरों से ज्यादा किसानों के वर्ग-संगठनों को इन पार्टियों के प्रभुत्व से बाहर निकालना है। संकुचित दलगत राजनीति के प्रभुत्व से इन्हें स्वतंत्र करना है। इन्हें खुली हवा में साँस लेने और पनपने देना है।

दलगत राजनीति तथा राजनीतिक दलविशेष के प्रभुत्व से इन वर्ग-संगठनों को निकालकर, मजदूरों और विशेषकर किसानों की वर्ग-एकता यथासाध्य स्थापित कर, श्रेणीसंघर्ष के सिद्धान्त तथा नीति-रीति के आधार पर मजदूरों और विशेषकर किसानों के स्वतंत्र, संयुक्त, विशाल, राष्ट्रीय संघों का निर्माण करने की ओर अग्रसर होना पड़ेगा। देश, राष्ट्र, मजदूरों और किसानों की रक्षा, प्रगति तथा उन्नति के लिए यह नितान्त आवश्यक है। पहले की ही तरह संकुचित दलगत राजनीति की चाकरी करते जाना देश तथा जनता के साथ अन्याय करना है, विश्वासघात करना है। इस तरह राजनीतिक पार्टियों की शक्ति भी नहीं बढ़ेगी और उनके राजनीतिक उद्देश्य नहीं पूरे होंगे।

हिन्द किसान-पंचायत के ककेन (मुजफ्फरपुर) में २६-२७-२८ अप्रिल, १९५७ को हुए सम्मेलन में मंत्री की हैसियत में अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए स्वामी भगवान ने इसी ऊँचे आदर्श का

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

प्रतिपादन किया है। सम्मेलन के निर्णयों में इसी ओर इशारा है। इसी ऊँचे आदर्श की ओर पूरी शक्ति के साथ अग्रसर होने की बात पर खुले दिमाग और दिल से विचार करने के लिए बिहार के किसान कार्यकर्त्ताओं का यह प्रादेशिक सम्मेलन आमंत्रित किया गया है। इन २० वर्षों के निरन्तर आन्दोलन तथा सतत संघर्ष के बाद आज हमारा देश तथा बिहार प्रदेश जिस दुरवस्था में पड़ा हुआ है उससे उसे निकालने के लिए साफ दिमाग और मजबूत दिल से काम करने और आगे कदम बढ़ाने का वक्त आ गया है।

हिन्दुस्तानी प्रेस, पटना-४

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

प्रकाशक
बिहार प्रादेशिक कार्यकर्त्ता-सम्मेलन-कार्यालय
स्वामी सहजानन्द-स्मारक प्रेस,
कदमकुआँ, पटना-३

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

र प्रांतीय संयुक्त किसान सम्मेलन

सोलहवां अधिवेशन

ढकाइच, जिला शाहाबाद
ता० १२, १३ मार्च, १९४९ ई०

अध्यक्ष
स्वामी सहजानन्द सरस्वती
का
भाषण

जो अन्नवस्त्र उपजायेगा,
अब सो कानून बनायेगा।
भारतवर्ष उसी का है,
अब शासन वही चलायेगा"

प्रकाशक
स्वागत समिति,

मूल्य दो आना

प्रेस बांकीपुर पटना।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

दूसरा आजादी के दीवानों का। आज भी वही दो दल हैं, दो दल होने चाहियें और दोनों का आपसमें वैसा ही होना चाहिये। हमारा—वामपंथियों का कांग्रेस के साथ मतभेद होते हुए भी उसके साथ हम सभी एक होकर शासकों से लड़ते थे। आज भी हम सभी वामपंथियों को, आपसी मतभेद के बावजूद भी मिलकर बेखटके शासकों से लड़ना है, तो भी वही सवाल है। हम सभी चौराहे पर खड़े हैं जहां राहें भिन्न होती हैं। हमें मिलकर अपनी राह चुन लेनी है। जो चूकेगा वही किसान-मजदूर राज्य का शत्रु है। शासक आपस में लड़ाकर एक के बाद दूसरे सबों को कुचल देते रहे। इसलिये उनसे सजग रहें और आपस में हर्गिज न लड़ें। हममें हरेक को यही निश्चय करना है। मैंने तो कर भी लिया है। बाकियों से भी क्या यही आशा करूं?

जय किसान, जय मजूर

हमने भारत माता की जय, जय हिन्द आदि नारे लगाये। अब समय पलटा है। नारे भी बदलें जांय। 'जय किसान,' 'जय मजूर' अब हमारे यही नारे होंगे। "जो अन्न वस्त्र उपजायेगा, अब सो कानून बनायेगा। भारतवर्ष उसी का है, अब शासन वही चलायेगा" यही हमारा मूलमंत्र है। उसीके जप से हमारी साधना पूरेगी और हमारा लक्ष्य—किसान-मजूर राज्य—प्राप्त होगा। एतदर्थ हमें हर किसान-मजूर स्त्री-पुरुष बालिग को किसान सभा में दाखिल करना होगा, सर्वत्र किसान सभा का जाल बिछाना होगा, गांवों में जो सबसे दबे-दुखिया हैं, मजूरी करते हैं उन्हें अपनाना होगा, उठाना होगा, तैयार करना होगा। अब उन्हीं का युग है, वही साथी बनेंगे, तभी विजय होगी, याद रहे। किसान सभा जिन्दाबाद, मजूर सभा जिन्दाबाद, किसान-मजूर राज्य जिन्दाबाद, जय किसान, जय मजूर!

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

आजादी का खोटा सिक्का।

न बन्धुओ,

आइये, अपना घर देखें। मरखप के हमने आजादी हासिल मगर आजादी का यह सिक्का खोटा निकला। आजादी नी तरह की होती है न? भूखों मरने की आजादी, नंगे की आजादी, चोर डाकुओं से लुटपिट जाने की आजादी, रियों में सड़ने की आजादी भी तो आजादी ही है न? या हमारी आजादी इससे कुछ भिन्न है? अंग्रेज लोग के सभी लोहे, कोयले, सीमेन्ट और किरासिन तेल को कर तो चले गये नहीं। ये चीजें तो यहीं हैं और काफी फिर भी मिलती नहीं! जितनी पहले मिलती थीं उतनी हीं मिलती हैं! नमक की भी वही हालत है। कपड़ा मिलता है तो पारसाल से ड्योढ़े दाम पर साहुबाजार में उससे भी ज्यादे पर चोरबाजार में। क्या पारसाल से साल किसान के गल्ले वगैरा का दाम एक पाइ भी बढ़ा ख का दाम तो उलटे घट गया। तब खुद सरकार ने का दाम इतना क्यों बढ़ा दिया? जब चोरबाजार में चीजें जितनी चाहो मिलती हैं तब तो उनकी कमी न नये शासकों में ईमानदारी, योग्यता और नेकनीयती ही इसका कारण हो सकती है। लोगों में इन गुणों तो ठीक ही है; क्योंकि "यथा राजा तथा प्रजा"।

र आये दिन पुलिस और हाकिमों की झिड़कियों को पड़ता है, बिना घूस के कोई भी काम हो नहीं पाता मिनिस्टरों के पास पहुँच नहीं। रात में बदनाम चोर-के मारे नाकोंदम है, खैरियत नहीं और दिन में इन र डकैतों के डाके पड़ते हैं। मालूम होता है जनता की किसी को भी नहीं है। खाना नहीं मिलता—महंगा जा रहा है। फिर भी ये मिनिस्टर बड़ी उमीदें बांध रहे

CC-0. Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

). In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

हैं कि वोट तो अगले चुनाव में इन्हें और इनके
"खाजा टोपी" धारियों को जरूर ही मिलेंगे। जन
को ये गधों से भी गये बीते समझते जो हैं। यही है
नई आजादी का नमूना और इसी का दमामा
जाता है। किसान समझता था और मजदूर मानता
आनेवाली आजादी यदि चीनी-मिश्री जैसी नहीं
जैसी मीठी होगी ही। मगर यह तो हर हर माहुर सा
जिससे हमारे प्राण घुट रहे हैं।

घुटके मर जायं !

जो नेता आज गद्दी नशीन हैं वह चिल्लाते थे कि
स्वतंत्रता सबसे जरूरी है—उसकी रक्षा मरके भी करें
उनने गद्दी पर बैठते ही उसीके खिलाफ जैसे जेहा
दिया है। तीस दिन और बारह महीने सभाओं, मीटिं
जुलूसों पर रोक लगी है। सिर्फ पुलिस को नहीं,
जिलाधीशों की आज्ञा के बिना आप कभी कुछ
सकते। अखबार तो प्रायः सभी उन्हीं की हुआं में
मिलाते हैं। जो कुछ बोलते भी हैं सिर्फ दबी जुबान से
तो जुबां खींच ली जाय ऐसा डर लगा है। जो खुल
हैं वे लटका दिये जाते हैं।

साम्प्रदायिक के दंगों को दबाने के लिये सार्वजनि
के नाम पर कानून बनाया गया। मगर उसका प्रयोग ना
स्वतंत्रता के विरुद्ध सरासर हो रहा है। दिनों दिन उसे
भी सख्त बनाकर करेले को नीम पर चढ़ाया जा रहा
नागरिक स्वतंत्रता के मानी रह गये हैं सिर्फ लीडरों की
को दुहराना और शासक जो कहें उसी को सही
बताना, "ऊँट बिलैया ले गई, तो हांजी-हांजी कहना।
में "न तड़पने की इजाजत है न फर्याद की है। घुट
जायें मर्जी यही सैयाद की है"। रामगढ़ कांग्रेस के बा

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

नायण की स्वतंत्रता के नाम पर कांग्रेस ने लड़ाई छेड़ी थी
ह आज उसी कांग्रेस के राज्य में शूली पर लटका दी गई
। फिर भी उमीद की जाती है कि लोगों के दिलों में बेचैनी
की आग धकधक न जले !

वहां और यहां

सोवियत रूस को जारशाही से वैसी ही आजादी
१७ के मार्च में मिली थी जैसी हमें १९४७ के अगस्त
प्राय: तीस साल बाद ब्रिटिश साम्राज्यशाही से मिली
नी जाती है। मगर क्या उसके साथ हमारी कोई तुलना
? रूस के बारे में महामना लेनिन ने अपने "अप्रैल वाले
तव्यों" में लिखा है कि "दुनिया के मुल्कों में रूस सबसे
धिक स्वतंत्र है। रूसी जनता की हिंसा लापता है और यहां
जनता आंख मूंद कर रूसी सरकार में, जो पूंजीपतियों
है, विश्वास करती है"। भारत तो संसार में आज सबसे
स्वतंत्र है। उसकी जुबान और लेखनी पर जंजीरें जकड़ी
जनता की हिंसा भी जोरों से जारी है, चाहे अमन कानून
नाम पर शासकों के द्वारा, या चोर-लुटेरों के द्वारा। यहां
सरकार बेशक पूंजीपतियों की है और अभी तक शायद
ता का इसमें विश्वास भी है। मगर वह आंख मूंद कर तो
ही है। उसकी जड़ हिल चुकी है और जनता ने खुले
छिपके इस सरकार को कोसना-लथाड़ना शुरू कर दिया
वर्त्तमान शासक यह जान भी गये हैं।

राजनीतिक पंडागिरी

उन्हें भय है कि आगे उनकी पूछ न होगी। इसीलिये एक
जहाँ साम्यवाद एवं अराजकता के नाम पर दमन का
दौरा है वहाँ दूसरी ओर उनने राजनीतिक पंडागिरी भी
कर दी है जो बड़ी भयंकर होगी, अगर फौरन रोकी
रुकनाई न गई। वह खूब समझते हैं कि फासिस्टी दमन

jGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

). In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr
से देरतक भूखी, नंगी, कराहती जनता को दबा रखना असं
है। इसीलिये दमन के साथ ही बापू के नाम पर राजनी
मूर्त्तिपूजा उनने जारी कर दी है। स्थान-स्थान पर महात्म
की मूर्त्तियां बन चुकी और तेजी से बन रही हैं, जिनके
वही "खाजा टोपी" वाले बन रहे हैं! गांधीजी की आ
को खून के आंसू रुलाने वाले ये बाबू दिनरात उनकी
अहिंसा को एक ओर बेमुरव्वती से कत्ल करते हैं। दू
ओर उनकी जय बोलते और "रघुपति राघव राजा राम" गा
भोली जनता पर मिस्मरिज्म वाला जादू चलाना चाहते
इनके कुकर्मों से जनता ऊबी है। लेकिन धार्मिक पंडों से
कम ऊबी है? फिर भी यदि उन पंडों के पांव पड़ती
चढ़ावा चढ़ाती है तो इन नये राजनीतिक पंडों को भी
और वोट का चढ़ावा जरूर चढ़ायेगी, इसी खयाल से महा
जी के नाम पर यह पंडागिरी चालू हो रही है जो निहा
ही खतरनाक होगी। धार्मिक पंडागिरी में तो सुधार हो सक
है, वह मिट सकती है। मगर इसमें सुधार की गुंजायश क
इसलिये यह पनपने ही न पाये, यही करना होगा। इसके खि
अभी से जेहाद बोलना होगा। नहीं तो किसान-मजदूर
जांयगे यह ध्रुव सत्य है। ये बाबू पंडे "गांधीजी की जय"
"रघुपति राघव" को अपना राजनीतिक हथकंडा बनाते
रहे हैं, याद रहे। इसलिये हमें इसे मटियामेट करना होगा।

निरी मक्कारी

जो समझते हैं कि ये बातें महात्माजी के प्रति इन बाबु
की भक्ति की सूचक हैं वे भूलते हैं। इन्हें उस भक्ति से
ताल्लुक? इन्हें तो अपना पाप छिपाना और उल्लू
करना ठहरा और इनने देखा कि अगर कंठीमाला और
नाम के पीछे सारे कुकर्म छिप जाते हैं तो हम भी नये
के राम नाम और नई कंठी माला तैयार करें। इनकी यह

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

जनीतिक कलाबाजी है। यह जयजयकार, यह रामधुन और
ह चर्खा धुनकी कोरी आधुनिक कंठीमाला है। इन्हीं सब
जों के पीछे राजनीतिक महा पाप छिपे-धुलेंगे ऐसा इनने
न लिया है। धार्मिक साधु फकीरों से ही धूर्त्ततापूर्ण राज-
तिक फकीरी का पाखंड इनने चालाकी से सीखा है।
त्मा ने लाख मना किया कि माउंटबैटन योजना को लात
रो और भारत को छिन्नभिन्न मत होने दो। तो क्या इन
ओं ने उनकी एक भी सुनी ? बापू ने कहा कि कांग्रेस को
कर लोक सेवक संघ बनाओ और इस तरह चुनावों में
वाले घोरतम कुकर्मों में उसे मत सानो। परन्तु क्या इन
नीतिक कलाबाजों ने उधर कान भी किया ? १९४७ के
अगस्त के बहुत पहले क्या इनने गांधीजी की अहिंसा को
कर उन्हें मर्मान्तिक वेदना नहीं पहुँचाई थी ? तब उनके
भक्ति का क्या सवाल ? जीते पिता के ठुकराने और
तर निरादर करने के बाद मरने पर उसका पिंडा-पानी
इसे ही कहते हैं। यही तो मक्कारी है, और किसानों
ता तब तक न होगा जबतक इस मक्कारी का पर्दाफाश
ौ तौर पर नहीं करते।

बाबू मठाधीश !

नकी राजनीतिक पंडागिरी का एक और पहलू भी
। मठ-मन्दिरों और धार्मिक सम्पत्तियों के नियंत्रण एवं
लन के नाम पर इनने बिहार में धर्मादाय सम्पत्ति बिल
किया है जिसे कानूनी जामा पहनाने के लिये भी ये
हैं। हमने वह बिल पढ़ा है। यदि उसे कानूनी रूप
तो वर्त्तमान महन्तों एवं पंडे पुजारियों का स्थान ये
टोपी" धारी बाबू लेलेंगे और उनकी समस्त सम्पत्ति
चुनावों में लगेगी या इनके तथा इनके चेले चाटियों
में समायेगी, यह ध्रुव सत्य है। मठ-मन्दिरों के प्रभाव

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

से भी चुनाव में काफी फायदा उठाया जायगा। जिनने रा
नीति और अर्थनीति में सभी कुकर्म खुलके किये, जो
करने में आज जरा भी नहीं हिचकते, वह धर्मनीति को
फांसी लटकाकर सारी सम्पत्ति को द्रविड प्राणायाम के
डकार जाने में सांस भी न लेंगे।

मठमन्दिरों को मिटा देना है तो साफ कहिये।
प्राणायाम की क्या जरूरत? उन्हें यदि वर्त्तमान पंडेपु
और महन्त मिट्टी में मिला रहे हैं तो बाबू लोग उस
बुरा करेंगे। अप्रत्यक्ष संगठित लूट प्रत्यक्ष लूट से कहीं
है। क्योंकि पकड़ी नहीं जा सकती है। यह बिल अप्रत्यक्ष
का रास्ता साफ करता है। सुधार तो इससे होगा नहीं।

पंजाब में सिखधर्म के मठमन्दिरों का संशोधन-सु
जैसे संगठित शिखों ने किया और संघर्ष के द्वारा उन्हें
द्वारा - प्रबन्धक कमिटीके हवाले किया, वही बात हि
मुस्लिम मठमन्दिरों के बारे में होगी। तभी इनका
होगा। जो साधु फकीर और पण्डित राष्ट्रवादी, जन
और सर्व भूतहितवादी हैं, और आज ऐसों की कमी नहीं
उनकी हां राय से उन्हीं के तत्त्वावधान में मठमन्दि
उद्धार या संहार जोभी उचित हो होना ठीक है। बाबू
और दूसरों को इसमें टांग अड़ाने का हक नहीं।
सुझाव पेशकर सकते और सहायता दे सकते हैं। मगर इ
श्रीगणेश वे साधु फकीर और पण्डित ही करेंगे, उन्हीं
यह हक है।

यह भी बात है कि धर्म का प्रश्न पेचीदा और खतर
है। आज यह सवाल नहीं कि ये मठमन्दिर भले हैं या
चाहे ये जोभी हों, जैसे भी हों, इनके पीछे हजारों वर्ष
अनन्त लोगों की भावना है जो बड़ी ही मजबूत है।
धीरे उसमें खराबी आई है सही। फिर भी वह अपनी
पर है और उसके सम्बन्ध में कुछ भी उलट फेर कर

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

जनता के सामने वह प्रश्न जाना चाहिए। आज जो म्बली है उसके सदस्यों के चुनाव के समय यह सवाल या गया न था। फलतः जनताने इसके बारे में अपनी राय न दी। इतने महान प्रश्न पर जब तक जनमत न जाय असेम्बली को कोई हक नहीं है कि बोले, सोभी वादी परिवर्त्तन के लिये। यह भी सही है कि जब तक यादी परिवर्तन न हों, कुछ होने जाने का नहीं। जो क बातों के पण्डित नहीं, जो इस मामले में अधिकार बोल नहीं सकते, वही इसीके लिये कानून बनायें यह र गलत है। उन्हें इसमें हाथ डालने का हक नहीं फिर भी राजनीतिक लाभ के लिये इसमें दखल देने ले बैठे बाबुओं को हम आगाह दें कि अलग, अलग, र।

संस्कृत शिक्षा।

बाबू आज शिक्षा के साथ भी मखौल कर रहे हैं, खास संस्कृतशिक्षा के साथ। मिड्लस्कूलों में दो चार की किताबें पढ़ाने से संस्कृत का उद्धार होने के बजाय अधकचरी बन जायगी और देश में अधकचरे संस्कृतज्ञों लायेगी। फिर तो प्रगाढ़ विद्वानों और संस्कृत के यों को कोई पूछेगा तक नहीं। आज संस्कृत साहित्य गाध समुद्र के महामंथन की आवश्यकता है जिससे रत्न निकलें। घर घर, गाँव-गाँव मथानी चलाने से काम न चलेगा। मुल्क में सैकड़ों संस्कृतविश्वविद्यालय नसे सम्बद्ध लाखों संस्कृत विद्यालय एवं महाविद्या- और हजारों अन्वेषण शालायें हों, जहाँ साहित्य, आयु- आदि के सम्बन्ध में सभी प्रकार के अन्वेषण, सब तरह बाध निराबाध चले। एतदर्थ प्रत्येक प्रांतीय सरकारों करोड़ों रुपये हर साल खर्चने होगें। संस्कृत के मुख-

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

चुम्बन मात्र की जगह सर्वांग प्रगाढ़ आलिंगन की ... करता है। उसे पुष्ट-प्रौढ़ बनाने की जगह दूषित करने का यह प्रयत्न निन्दनीय है। यह सही है कि ... नामधारी पण्डितों को टुकड़े मिलेंगे और लोगों की ... भावना की तुष्टि भी होगी। इस तरह शासकों के पोषक ... एक नया दल देशमें तैयार होगा जो हांजी, हांजी ... मध्यमापरीक्षोत्तीर्ण लोग आगे बढ़ने के बजाय टुकड़ ... में लगेंगे। संस्कृत विद्या शान और सम्मान की वस्तु ... नकि सहज टुकड़ खोरी की। उसे उस उच्चस्थान से ... का राजनीतिक कुयत्न बर्दाश्त के बाहर है। मैं संस्कृ... सदा से प्रेमी रहा हूँ और जीवन का सुन्दर भाग ... हित्यके मन्थन में गुजारा है। इसी से मुझे इस बा... दर्द है।

बेसिक शिक्षा

संस्कृत शिक्षा की दुर्दशा के प्रसंग से शिक्षा ... ही एक और बात याद आती है जिसका ताल्लुक पूरे ... से है। मेरा मतलब बेसिक शिक्षा से है जिसपर हमारे ... शासकों का बड़ा जोर है। उसका प्रचार गांधीजी ... नामपर किया जा रहा है इसका मुझे दर्द है। फिर ... जानता हूँ कि गांधी-मन्दिर के ये पंडे उनकी पूजा ... करते हैं। चाहे जो हो, यह बेसिक या बुनियादी ... शैतान की तरह फैल रही है और डर है, मुल्क की ... तरक्की को लेडूबेगी, यदि फौरन से पेश्तर इस पर ... लगी। जो मुल्क अपने बच्चों के छे घंटे में कम-बेश ... केवल चर्खा, तकली, धुनकी, पूनी आदि में ... वह मस्तिष्क के विकास और ज्ञान की दृष्टि से ... जायगा इसमें शक नहीं। हमें आज लाखों ... इन्जीनियरों, मिस्त्रियों, डाक्टरों आदि की अविश्यक...

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

र चीज के लखलख विशेषज्ञों की जरूरत है। लेकिन यदि च्चों के दिमाग को अच्छी तरह विकसित होने न दिया गया तो आगे का तो रास्ता ही बंद समझिये। यदि छोटे बच्चों की मानसिक एकाग्रता के अभ्यास के लिये एकाध घंटे सूत कातना सिखाया जाय तो बात दूसरी है। मगर आज तो शिक्षा का बंटाढार होने जा रहा है। पुराने शासकों ने राष्ट्रीयता से भय-भीत हो शिक्षा पर अपने ढंग से यहां जंजीर जकड़ी जो अभी तक ज्यों की त्यों है। नये शासक उसपर गांधीवादी ढंग की दूसरी जंजीर कसने जा रहे हैं। इससे मुल्क के ज्ञान का दिवाला निकलेगा अवश्य। संभव है, नौकरियों के अपनाने की घुड़दौड़ में किसी छोटे मोटे दल को इससे लाभ हो—शिक्षा पर जंजीर जकड़ने की इस नई प्रणाली से विशेष फायदा हो। पर भी मुल्क को तो इसका बागी बनाना ही होगा।

शिक्षकों की दुर्दशा

शिक्षा का एक और पहलू भी है जो नये शासकों की मनो-वृत्ति पर प्रकाश डालता है। मुद्दत से इस गुलाम मुल्क के शिक्षकों की हालत निहायत बदतर रही है, खासकर वेतन की दृष्टि से। इस कमरतोड़ महंगी के जमाने में भी आठ, दस, बारह या पन्द्रह रुपये मासिक वेतन वे पाते रहे हैं जो एक व्यक्ति के जलपान के लिये भी पूरा न था। यह शर्म की बात थी और स्वराजी शासक इसे फौरन मिटायेंगे यह आशा थी। तीन-चार साल की निरन्तर चीख-पुकार और हड़ताल की धमकी के बाद भी जो कुछ आज किया गया है वह जले पर नमक जैसा ही है। हम यह न भूलें कि बिहार के प्राइमरी शिक्षकों को जो फीस छात्रों से मिलती है वह उनकी आय है और वह शीघ्र ही बंद होगी।

ऐसी दशा में २०, २५ या ३० रुपये मासिक वेतन की क्या कीमत है? ट्रेन्ड मिडिल या अन्ट्रेंड मैट्रिक को ३०) देना जले

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

पर नमक नहीं तो आखिर है क्या ? अन्ट्रेन्ड ग्रैजुएट को ...
मिलेंगे। क्या खूब ! जब हम यह याद करते हैं कि चीनी ...
मिलों के मेहतर को भी पूरे ५५) मासिक मिलते हैं तो ग्रैजु...
के ५०) पर शर्म से जमीन भी धँस जाती है, हो सकता ...
हमारे नये मालिक और हाकिम इसमें भी शान ही समझें। ...

चीनी की मिलों में तो "मुफ्त का माल और दादा ...
फातिहा" हुआ है न ? किसानों की ऊख का दाम पूरा न दे...
और चीनी का दाम काफी बढ़ा कर चीनी की मिलों के म...
दूरों का वेतन बढ़ाया गया है। यह भी न भूलें कि तीन चौ...
चीनी किसान ही खर्चते हैं। मामूली श्राद्ध, विवाह या नि...
लण में गरीब किसान भी दस बीस सेर चीनी खर्चता है ...
सैकड़ों बाबुओं के चाय-नाश्ते में कई महीने के लिये का...
है। इस प्रकार चीनी के दाम की बढ़ती और ऊख के मूल्य ...
घटती ने दुधारी तलवार की तरह किसानों का कत्ल ...
चीनी के मजूरों का पेट भरा है। वह सीधा और मूक ठहरा ...
वह बकरी और मुर्गी है न ? इसीसे आसानी से उसे दो...
ओर से जबह किया जा सका है। यदि वैसी मुर्गी और ...
होती तो उसीके खून से शिक्षकों को भी, जो अधिकांश किसा...
मजूरों के ही बच्चे हैं, कम से कम ५५) दिये जाते और उन...
पेट भरा जाता। मगर अफसोस कि वह मिली ही नहीं। कि...
भी गल्ले की बिक्री पर इसी वेतन के लिये टैक्स लगेगा ...
सेस भी बढ़ेगा ! ठीक ही है, गल्ला बहुत ही सस्ता जो है ...
किसान मालामाल जो हो गया है ! तभी तो बढ़ा हुआ ...
चुकायेगा और महंगा गल्ला खरीद कर खायेगा। याद रहे ...
८० फीसदी किसानों और खेत-मजूरों की अपनी उपज ...
सालभर गुजर नहीं होती। उन्हें गल्ला खरीदना ही पड़ता ...

पुलिस के सिपाही

इस प्रकार जहां एक ओर शिक्षकों की गरीबी ...

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jal

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

...के साथ मखौल की जाती है तहां दूसरी ओर पुलिस सिपाहियों, जमादारों, हवलदारों और जेल के वार्डरों के भी बेरुखी का ही बर्त्ताव होता है। क्या हमारे स्वराजी ...क बतायेंगे कि चीनी की मिलों के मजूरों से भी हलकी ...तत और कम जिम्मेवारी इन पुलिसवालों और वार्डरों ...? दिनरात की पहरेदारी और चोर बदमाशों के भाग ...की जवाब देही किनपर है? ५०) या ६०) मासिक पाकर सिपाही भर पेट रोटी और घी दूध खा सकेगा और इस ...र तगड़ा बनकर अपने सामने से भागने वाले चोर डकैत ...ललकार कर पकड़ लेगा? ऐसी दशा में उनके लिये ...या ६०) वेतन रखने में शर्म न आये तो दोषी कौन? यदि इसी वेतन को बढ़ाने तथा आत्मसम्मान के ...वे कुछ भी करें तो बागी करार दिये जांय! अफसरों ...वर्त्ताव उनके साथ है वह तो झल्लहट पैदा करता है, ...में डंक मारता और टीस लाता है। फिर भी जुबान ...की, चीखने की, कराहने की भी मनाही है। यदि ऐसा ...की गुस्ताखी की तो फांसी का तख्ता और जेल के ...तैयार पड़े हैं, खबरदार! बस, खून की घूंट पीके रह ...पड़ता है! उनके दिलों पर क्या गुजरती है, कौन ...किया?

होमगार्ड्स या रक्षावाहिनी

...मगार्ड्स के नाम पर स्वराजी सरकार ने एक दूसरी ही ...हिनी तैयार करने की ठानी है। नाम तो बहुत ही ...है। पर काम भी जब ऐसा ही हो तब न? महामना ...ने राष्ट्रीय जनसेना (National Militia) पर ...ज्यादा जोर दिया है। कहा है कि नौकरी पेशा फौजियों ...जगह जनसेना ही रहे। यदि वही बात यहां भी होती ...क्या कहना? मगर एक तो खूब ठोंक पीट कर पक्के

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

सरकारपरस्त ही इस में लिये जाते हैं। जो सरकार के चूंकी ५भी करेंगे ऐसे लोगों से दूर रहा जाता है। ट्रेनिंग कैम्पों में हरेक के पीछे खुफिया लगे रहते हैं जो में से होते हैं। यह तो मध्यमवर्गीय लोगों की एक नई और पुलिस तैयार की जा रही है जिस में मध्यम वर्गीय भावना कूट कूट कर भरी जा रही है। वर्तमान पुलिस फौज से नये शासक घबराते हैं, भयभीत हैं। भविष्य में का भी अन्देशा है। इसीलिये शायद रक्षावाहिनी के पर नई सेना खड़ी की जा रही है जो उनके लिये संकट घड़ी में काम आये ! जो लोग आजाद हिन्द फौज पर वि न कर सके वही जनता की सेना संगठित करेंगे यह वि राजनीति का बच्चाही कर सकता है। लेकिन इतना तो है कि जब खतरे की घंटी बजेगी तब यह रक्षावाहिनी जायगी और काम न दे सकेगी। रूसी जार की से घुड़ सवारों का प्रधान दल कज्जाकों का था जो जार के पालतू थे। मगर १९१७ की फरवरी वाली क्रान्ति में भी ऐन मौके पर साथ छोड़ दिया। सचमुच ही क्रान्ति हवा वह जादू की लकड़ी है जो छूते ही सबों को पलट है। वह ऐसी गर्मी है जो पत्थर को पिघलाती है।

छात्रों में लहर

जिन छात्रों पर हमारे नेताओं का नाज था उनमें भी असन्तोष की लहर आज हिलोरें मार रही है। बिहार कौलेजों के छात्रों की हड़ताल इसका प्रकट रूप था। में विशेष रूप से जो नजारा दीखा वह भूलने का साम्राज्य शाही के विरुद्ध शान के साथ जूझने वाले छात्रों को पालतू समझने की नादानी करने वाले नये मा की आँखें खुलीं जरूर और असलियत का नंगा रूप आँखों के सामने आगया अवश्य। कहा जाता था कि

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

ताल और हठ के फलस्वरूप छात्रों का एक साल चौपट हो ा। लेकिन कहने वाले भूल जाते थे कि स्वराजी शासकों गद्दीनशीन करने में यदि इन्हीं छात्रों ने कई साल चौपट और इसपर खुशी जाहिर की गई तो उनके खिलाफ र्म बजाने में भी एक साल जाय तो बला से। गर्व में चूर ओं को तमाचे तो लगें और वे देखें की कितने गहरे पानी । पटने में छात्रों ने जिस क्रान्तिकारी एवं संठन वाली वृत्ति का परिचय दिया वह ऐतिहासिक वस्तु है। इतिहास है कि दुनिया के छात्र सदा ऐसा ही करते रहे हैं। वे शी, विदेशी किसी गुलामी को बर्दाश्त नहीं करते हैं।

व्यापक असन्तोष

हा जाता है, कि साम्राज्य वादी युद्ध के बाद का समय कारी होता है। यही कारण है कि देश में व्यापक तोष है। किसानों, छात्रों, पुलिस और अध्यापकों के रेलवे, डाक-तार, खानों और कारखानों के मजदूरों के में तो सचमुच ज्वलन्त असन्तोष की लहर उमड़ रही ाल की घटनाएं इसका सबूत हैं। हड़तालें होती हैं, हैं, उनकी सूचनायें दी जाती हैं, रोक थाम होती है। हालत नाजुक है। देर सबेर किसी दिन बिस्फोट हो है। फोड़ा फूटेगा और मवाद बाहर आयेगा। दर असल पेशा लोगों की हालत बुरी है। चीजों की कीमत चार नी हो गई है। लेकिन बेतन तो सब मिला कर दूना द ही हुआ है। मलेरिया तो कुनीन की चार गोलियों य एक दो से भागेगा नहीं। तीन गज के बजाय एक कुर्ता भी न बनेगा। धोती साड़ी भी एकाध गज की ी सकती। पावभर की जगह एक छटांक से पेट का ाने का नहीं। गरीबों को जाड़ा कम सताये सो भी वह तो और भी परीशान करता है। फिर तो वे मन

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

ही मन कर्म, तकदीर, भगवान, सरकार और मालि
कोसते हैं, उन पर जलते कुढ़ते हैं और अन्त में हा
जैसे हो दिल का बुखार निकालते हैं। हड़तालों
रहस्य है। मजदूर और नौकरीपेशा लोग गधे नहीं
उसकाने से सामूहिक रूप से काम छोड़ दें। भूख, ब
और जेल का खतरा मुँह बाये सामने खड़ा जो रह
जारशाही ने हड़तालों के बिरुद्ध क्या नहीं कर रखा था
भी फरवरी की क्रान्ति के समय भयानक हड़तालें हुई
जारशाही को उदरसात् करके ही दम ली। और
का पुनरावर्तन होता ही है।

अप्रत्यक्ष करों की वृद्धि

स्वराज्य पदार्पण ने गरीब जनता पर कमरतोड़ क
लादना शुरू किया। यह प्रक्रिया निरन्तर जारी है।
साल रेलों का किराया ड्योढ़ा-दूना कर दिया गया।
रेलों में आदमी पर आदमी की जैसे बोराबन्दी होती है
का खर्च बराबर बढ़ता गया है और पहली अप्रैल से
दाम पौन आना तथा लिफाफे का दो आना होगा।
चीनी, पेट्रोल आदि पर भी कर लदा है। जानकारों का क
कि नेहरू का बजट तो धनियों का है, नकि जन साधार
स्टाम्प का खर्च भी पहले ही बढ़ा है। बैल गाड़ियों, सा
लादने वाले जानवरों पर कर लगाने की बात पहले से
हाँ, करों को घटाया इस तरह गया है कि कारखानेदार
धनी लोग लाभ उठायें। महीन कपड़े का कर घटा है

कहा जाता है, मुद्रा वृद्धि को रोकने के लिये नेहरू
आसमान जमीन एक कर रही है। मगर इन अप्रत्य
की वृद्धि से मुद्रा प्रसार और भी बढ़ता है। चीजों की
बढ़ती जो है। जिस चीज पर कर लगे वह कपड़ा, चीनी
महंगी तो होगी ही और मुद्रा प्रसार रोकने के माने

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Ja

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

चीजें सस्ती हों। एक ओर मजूरों का वेतन बढ़ाते हैं। दूसरी ओर जरूरी चीजों पर कर बढ़ा कर इन्हें महंगी करते हैं। फिर वेतन बढ़ाना भी बेकार होता है—गज स्नान होता है। प्रत्यक्ष या सीधे करों को बढ़ाइये, जैसे आय कर को। तो उन्हें घटाते हैं। यह भी अजीब बात है कि हाल ही केन्द्र के खाद्यमंत्री श्री जयराम दास ने फर्माया था कि चीनी का दाम अभी ज्यादा है, उसे घटाये जाने की सोच रहे हैं। लेकिन फी बोरे डेढ़ रुपये की बढ़ती कर दी गई।

सत्यानाशी सेल्स टैक्स

सैकड़ों प्रकार के अप्रत्यक्ष करों से काम न चलने पर सरकार ने एक नये खतरनाक टैक्स को जन्म दिया है जिसे सेल्स टैक्स कहते हैं और जिसकी बाढ़ सुरसामुख की तरह बढ़ रही है। यह हर चीज पर लगता है। शायद ही कोई वस्तु बची हो। इसका जहरीला असर जीवन के हर पहलू पर पड़ता है। क्यों कि जीवनोपयोगी सभी वस्तुएं इसके पेट में आ जाती हैं। यही कारण है कि इसकी आय दिनों दिन बढ़ती जाती है। इसमें धोखा देने की भी पूरी गुंजायश है। इसीलिये चालाक बनिये रोज हजारों की खरीद बिक्री कर के सरकार को अंगूठा दिखा देते हैं। अफसरों की केवल थोड़ी सी पूजा कर देते हैं। हाँ, ईमानदार लोग पिस जाते हैं। उनकी परीशानी बढ़ जाती है। अफसरों का गुस्सा उन्हीं पर उतरता है। अगर यह कर कायम रहा तो लोगों को तबाह कर देगा। इसीलिये इसका तो खास तौर से जोरदार विरोध होना चाहिये। अन्न पर अब तक यह न था। अब उस पर भी लगने को है। फिर तो किसानों को मार डालेगा।

बिहार सरकार को यदि रुपये की कमी है तो छोटा नागपुर की कोयले, अबरक आदि की खानों पर कब्जा क्यों नहीं

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

करलेती ? बड़ी दिक्कत से अगले साल सब मिलाकर सरकार
आय प्राय: २४ करोड़ होगी। लेकिन सिर्फ छोटा नागपुर
इन खानों से ही कम बेश उतनी ही आय फौरन होगी
उत्तरोत्तर बढ़ेगी,ऐसा जानकारों का कहना है। फिर पैसे
कमी होगी ? क्या ? मगर इसमें पूंजीपतियों तथा नेहरू स
कार के रंज होने का खतरा जरूर है।

जमींदारी खत्म न होगी

जमींदारी मिटाने का प्रश्न मुद्दत से सामने है।
शासक खयाली पुलाव के रूप में कई साल से हमारे सामने
रखते आ रहे हैं। असेम्बलियों में प्रस्ताव पास हुए।
कानूनी मस्विदा बना और पास हुआ। लेकिन वह बड़े
के यहां त्रिशंकु की तरह उलटा लटका तप कर रहा है।
है, उसमें कुछ संशोधन करके कानूनी रूप दिया जायगा
कभी कहा जाता है, पांच हजार की आय से कमवाली ज
दारी न मिटेंगी। फिर आवाज आती है सरकार खुद
जमींदारियों का प्रबंध करेगी। फिर सुनते हैं, तीन ही म
में जमींदारी खत्म होगी।

लेकिन यह सब लीडरों की विशुद्ध माया है। ये लोग
जमींदारी मिटा नहीं सकते। यदि जमींदारी के लिये मूल्य
मुआविजे की बातें ये भले आदमी नहीं करते रहते तो मि
सकते थे। मगर मूल्य देने में जो सब से बड़ी बाधा है वह
नये सर्वे की जबतक सभी जमींदारियों का सर्वे नहीं हो जा
कि किसको कितनी जमीन है, कैसी है और उसकी
कितनी है तबतक मूल्य कैसे दिया जायगा ? एकही जमीं
की जमींदारियाँ कई जिलों में हैं। प्रान्त व्यापी सर्वे के बि
किसी की आय का पता चलेगा कैसे जिसके हिसाब से
दिया जाय ? और यह सर्वे तो वर्त्तमान दशा में असंभव
इसे पूरा करने में बहुत साल लगेंगे, यह जानकरों का क
है। यह एक बाधा है।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

दूसरी बाधा है कि यह मूल्य बाजार दर से सोलहो आना देना होगा। मुआवजे का यही अर्थ है। यह नहीं कि जो चाहें वही दे दें और नगद दें या उधार। नहीं नहीं, र दर से पूरा दाम कौड़ी कौड़ी नगद चुकाना पड़ेगा। विजे के बारे में संयुक्त राष्ट्र अमरीका का सुप्रीम कोर्ट का फैसला है। मुआविजे के मानी में जो अंग्रेजी का शब्द न्सेशन" आया है उसका यही अर्थ है जो बदला जा नहीं। याद रहे कि यह मुआविजा सिर्फ बिहार में अब से कम न होगा। वह छे अबं और उस से भी हो सकता है जिसे चुकाना बिहार सरकार की शक्ति र है। यहां तथा अन्य प्रान्तों में उसे नगद चुकाने वृद्धि ऐसी होगी कि चावल शायद रुपये का आधा कने लगे।

री बाधा छोटानागपुर की कीमती खानों को लेकर खानें पूंजीपतियों के हाथों में हैं जिनसे छीनकर उन्हें ने को नेहरू जी तैयार नहीं हैं। इसीलिये खानों को अछूती रखने की पेशबन्दी हो रही है। अगले चुनाव पतियों से हमारे नेता पैसे कैसे लेंगे यदि उन्हें नाखुश और फंड के करोड़ों रुपयों के विना चुनाव लड़ा कैसे ? उद्योग धन्धों के राष्ट्रीकरण की बात फिलहाल जो के लिये टाली गई है उसके भीतर ऐसे ही कारण हैं। साम्राज्यवादियों से जो समझौता हुआ है उसमें भी शर्त होगी। तब खानों को कैसे ले सकते हैं ? मींदारी मिटा के क्या होगा यदि २०-२५ करोड़ की को छोड़ ही देना है ?

दारियों का प्रबन्ध सरकार करे ऐसी तैयारी जो आज रही है वह भी जमींदारी न मिटाने के पाप को छिपाने ये। इससे भोले किसान समझेंगे कि जमींदारी मिट र खासमहाल के किसान कम पामाल नहीं हैं।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

जमींदारों के अमले कलक्टर की मातहती में गजब कौ
करैला नीम पर चढ़ जायगा। हम लाखों जमींदारों को
कर उनकी गद्दी पर कलक्टरों और माल मंत्री को बि
विरोध सारी शक्ति लगा कर करेंगे। हमें जमींदारी मिट
न कि उसकी शक्ल बदलनी और तमाशा करना है। हम
हैं कि जब सरकार जमींदारियों को हथियाने की धमकी
तो डर से जमींदार कहेंगे कि जो भी हो सके हमें कौ
जाय। इसीके लिये यह तैयारी है। मगर हम इसके वि
हैं। जमींदारों को कीमत के रूपमें एक कौड़ी भी न
उनके लिए अच्छे गुजारे का प्रबन्ध हो और उनके योग्य
उन्हें दिया जाय, हम यही चाहते हैं। उनके पढ़ने-लिखने,
दारू, रहन-सहन में कोई कठिनाई न रहे हम ऐसी व्य
चाहते हैं जरूर।

लेकिन जमींदारी न मिटने पर जिन लाखों लोगों की
लियाँ इसी लिये हुई थीं उनका क्या होगा, यह प्रश्न है
मगर इसका उत्तर वही दें जिनने ये बहालियाँ कीं।
इन नये नौकरों से अगले चुनाव में काफी सहायता ले
तैयारी थी जिसपर पानी फिरा चाहता है। संभव है
कहीं और फंसाया जाय। नहीं तो बहाल करने वालों
छाती पर भूत की तरह ये खुद चढ़ेंगे और इस तरह
को लेने के देने पड़ेंगे।

जमीनों की छीनाझपटी

जमींदारी तो मिटी नहीं। लेकिन किसानों की ज
की छीनाझपटी तेज हो गई। जमींदारी जाने के भयसे
दारों ने जोर मारा है कि जितनी भी हो सकें जमीनें
लें। बकाश्त के बढ़ते झमेले का यही रहस्य है और
बोर्ड इसी पर पर्दा डालने के लिये ही है। यदि किसा
संगठित रूप से इसका जल्द सामना न किया तो उनकी

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

जमीनें छिन जांयगी जरूर मुझे भय है। इसके लिये लड़ाई एक मात्र रास्ता रह गई है। सो भी सत्याग्रह नहीं, भी नहीं। अब तो लाठियों और गोलियों का ही सामना पड़ेगा, याद रहे। इधर कुछ दिनों से स्वराजी शासक कुछ इस सम्बन्ध में कर रहें हैं वह तो इसी बात का सबूत हवा का रुख किधर है।

लेकिन जमींदारों के साथ ही सरकार भी इस छीनाझपटी मिल है। फार्म बनाने के नाम पर बंजर और पड़ती ों को छोड़ टुटपुँजिये किसानों एवं गरीबों की जमीनें जा रही हैं। हमें यह चीज बन्द करवानी है। अन्न ा होता है और भुखमरी का सवाल है। जमीनें छिन र ये गरीब कहां जांयगे? क्या इसी भूखमरी के लिये ग्रेजों से लड़ते रहे हैं? बंजर जमीनों को फार्मों के कार ही आबाद कर सकती है। तब आबाद जमीनों ने के क्या मानी?

ा ही नहीं। पड़ोस में बक्सर के पूर्व आधे दर्जन ो खेती वाली जमीनों में मिलें खोलने की तैयारी हो जो बड़ी दिक्कत से रोकी जासकी। पता नहीं फिर र उठायेगी या नहीं। यदि उठाये तो हमें पूरी लड़ना होगा। वे मिलें डुमरांव में या अन्यत्र बंजर में अच्छी तरह बन सकती हैं। तब किसान के ों के लिये क्यों छीनें जांय? यही बात मुल्क में ों मिलों को लेकर जारी है जिससे करोड़ों किसान ने प्यारी जमीनों और घरबार से हाथ धोते हैं। बसेंगे, क्या खांयगे, यह पूछने वाला भी कोई नहीं। न्हें दूसरी जगह खेत देने और बसाने का पूरा हीं हो जाता, हम ये मिलें बनने न देंगे और लड़ेंगे, संकल्प किये बिना काम न चलेगा।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

पानी के करते बे पानी

एक ओर यह है। दूसरी ओर प्रायः हर साल गंडक, कोसी आदि नदियों की बाढ़ों से उनके नजदीक दियारे में बसने वाले किसान बर्बाद हो जाते हैं। यह पहले इतनी भीषण न थी जितनी इधर दिनों दिन जा रही है। खूबी यह कि उनकी रक्षा का उपाय शासक भी कुछ नहीं कर रहे हैं। बाढ़ पीड़ितों की मदद लिये सरकार से लाखों रुपये दिये जाने की घोषणा होती है। मगर वे रुपये एक तो दाल में नमक के समान नहीं होते और जले पर नमक का काम करते हैं। दूसरे स्वार्थी नेताओं और उनके दलालों के ही पेटों में चले जाते यह पक्की बात है। हमें इसपर अपना गुस्सा जाहिर करना जरूरी है।

दूसरी ओर सिंचाई का प्रबन्ध न होने से लाखों जमीनों में फसल होती ही नहीं, या नाममात्र को ही होती जहाँ सम्मेलन हो रहा है वह ढकाइच और पास पड़ोस के इस बात के नमूने हैं। यदि नहर से पानी मिले, पुनपुन, काव जैसी छोटी बड़ी नदियों को बाँधकर उन्हीं का पानी में पहुँचाया जाय, बिजली के कुओं का प्रबन्ध हो और के रत्ती-रत्ती पानी को जमा करने का इन्तजाम सरकार तो सिंचाई का प्रश्न हल हो, पैदावार चौगुनी हो और दोफसिला जरूर बन जांय। अधिक अन्न उपजाने का रास्ता है। कहीं पानी न मिलने से और कहीं पानी ही किसान बेपानी हो रहे हैं। यह शीघ्र बन्द होना है। नहरों के इलाके में लम्बी मुद्दत के पट्टे के लिये जो हैं वे निहायत बेहूदे हैं। उन्हें फौरन बदलना होगा तो किसान घूसखोरी से तबाह होते ही रहेंगे। बिना नये कुओं के नियम तो और भी गतरबूद हैं। बिना

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

भी रेट वसूली का कायदा है। नाजायज पानी के बारे भी बहुत बेढंगे नियम हैं। सबों को फौरन बदलवाना होगा। भी अधिक अन्न उपजेगा।

ऊखवाले किसान

उधर ऊख वाले किसानों के गले पर छुरी चल रही है। की ऊख का दाम पूरापूरा देना तो दू, अधूरा भी नहीं दिया ता है। इस साल मैंने खर्च का हिसाब लगाकर सरकार को बता दिया कि चार रुपये मन उसका दाम चाहिये। धीरे दो चार साल में वही घटाकर रुपये या आठ आने कैसे किया जा सकता है और फिर भी किसान को लाभ होगा यह भी बता दिया। मगर सरकार ने निहायत बेशर्मी बेदर्दी से वह दाम पारसाल से भी घटा दिया। प्रान्त की सरकार तो और भी नीचे चली गई। किसानों बता दूं कि पारसाल उन्हें सवा रुपये मन के ही लिये होकर ही गन्ना उपजाना चाहिये। नहीं तो पछतायेंगे। रुपये मन गन्ने का दाम देकर भी चीनी का दाम ३०) करना ठीक था। यदि बढ़ाया था तो किसानों को और पैसे देने थे—फीमन आठ आने तो जरूर ही। पारसाल न किया गया। इस साल तो और भी घटा। आगे घटेगा और गन्ने की खेती के विकास के अभाव में का कार बार खत्म होगा यह पक्की बात है। सरकार ने के नाम पर कई करोड़ रुपये किसानों से ही लिये हैं— के दाम में से ये रुपये आये हैं। फिर भी ऊख के विकास अधिक उपज के लिये क्या हुआ, यह सवाल डट के होगा। तभी खब्बू मलों की नींद टूटेगी।

भावली का नगदी

भावली की नगदी के जो मुकदमे हुए उनने किसानों को का रखा न घाट का। बंशी में मछली की तरह फंसा

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

कर किसान जबह कर डाले गये। अपीलों का सिल
चालू है और नगदी फैसले के बावजूद भी भावली की
हो रही है। फिर भी गान्धीवादी शासकों के कानों
नहीं रेंगती। किसान लुटते हैं तो बला से। लीडरों ने
कानून बनाये तो बला से। सरकार ने नियम-नोटिसें
निकालीं तो उससे क्या? मरते तो हैं किसान। भावली
जमीनों में लाश तो उनकी जलाई दफनाई जा रही है।

लड़ाई का दूसरा पर्व

आर्थिक मसलों के साथ ही हमें भीतर और बाह
राजनीतिक सवालों पर भी ध्यान देना जरूरी है। द
राजनीति हमारी जान है। फलत: उसके समझे बिना
मर जायंगे, तबाह हो जांयगे, यह तयशुदा बात है।

मुद्दत की भिड़न्त और जुझार के बाद हमारे मुल
अंग्रेजी जूआ उतार फेंका यह सभी जानते हैं। हम
थे, ललकारते थे कि तुम रहोगे या हम; दोनों रह नहीं सक
हुआ भी वही। वे जो हमारी छाती पर कोदों दलते थे
की तरह भाग निकले। खूब ही दबाया, जलाया, दिल
कर दमन किया। मुल्क को दमन की आग की जलती भ
बना दी। फिर भी भागते ही बना, स्रोभी चोरों की तरह।

लोग समझते थे, अब विपदा की रात का विहान हु
हमारे कष्ट भागेंगे। जो समझदार थे, जिन्हें आजादी
युद्धों का इतिहास ज्ञात था, वे ऐसा तो नहीं मानते थे
जनता के कष्टों का खात्मा होगा। मगर इतना तो वे
मानते थे कि मुसीबतें बढ़ेंगी नहीं; उन में बहुत कमी हो
लेकिन आज सभी हैरत में हैं कि उलटी बात हुई और
साधारण पर आफत के पहाड़ टूट पड़े। फिर भी यह तो
ही था। किसान-मजदूर माने बैठे थे कि अब लड़ना न हो
लेकिन उनकी आंखों ने भी असलियत को ताज्जुब के

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Ja

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

। आज वे भी मानते हैं कि अभी बड़ी जुझार बाकी
। रूस में आजादी आने के बाद जब लेनिन ने सम-
चाहा कि श्रमजीवियों को और भी जूझना है तो
कहते थे कि उसका माथा फिर गया है। वे मानते थे कि
हमारे अपने ही लोग—स्वजन ही—शासक हैं। कुछी देर
उन्हें भी स्वजनों का नंगा रूप देखने को मिला और
लड़ने को आमादा हुए। यहाँ भी स्वजनों की असली
साफ नजर आ रही है। फलतः महाभारत के पहले पर्व
दूसरा जरूरी है यह मान्यता किसान - मजदूरों की
ही है। आजादी के फलस्वरूप जो सबल होता है भारत
हो रहा है। इतिहास की पुनरावृत्ति हो रही है। यदि
पर्व के आरंभ में हमने देर की तो मर जांयगे याद
तो दूसरा पर्व जारी ही है। किसानों और मजदूरों
नवरत लड़ाइयां वह पर्व ही तो हैं। उन्हीं को व्या-
और संगठितरूप देना शेष है।

वैधानिता का मोह

रे माने बैठे हैं कि हमारी शेष लड़ाई वैधानिक ही होगी।
र वाली क्रांति के पहले लेनिन ने भी ऐसा ही कहना
किया था। मगर उसकी पैनी दृष्टि ने वास्तविकता को
ही देखा। आजादी मिलने के बाद, इतिहास साक्षी
धानिकता का मोह सभी देशों में सर पर सवार हुआ
किसान-मजदूर उसी मृगमरीचिका के पीछे मारे गये।
जनशक्ति को हथिया न सके। लेनिन ने भी उसी
पक्ष को अपनाना चाहा था। मगर उसकी आंखें जल्द
हम समझते हैं वही अन्तिम परीक्षा थी। कमाने वाली
को शासन की गद्दी पर बिठाने की तमन्नावालों को
मोमाया सदा के लिये त्याग देना चाहिये। अधिनाय-
और फासिज्म के उदय के बाद तो विधानवाद के

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

लिये कहीं स्थान रही न गया। आजादी की रक्षा
पर भारत में एकतंत्र शासन को भी फीका बना देने
अन्ध दमन चालू है हमारी आंखें खोलने के लिये
पर्याप्त है। इधर चुनावों के जो कुछ कटु अनुभव
चिल्लाकर बताते हैं कि वैधानिकता के दिन लद गये।
कारारूढ़ दल गद्दी कायम रखने के लिये कोई भी काम
जी के नाम पर कर सकता है। वह किसी भी
नीचे जा सकता है। इसलिये चुनावों के द्वारा
तभी हो सकता है जब क्रांतिकारी ताकतें शत्रुओं
तोड़ दें। शासनचक्र को अछूता रखकर सिर्फ
बदलने से किसान-मजदूर राज्य कभी कायम न
समस्त शासन चक्र मटियामेट कर नई सृष्टि बनानी
नहीं तो नये मन्त्री उसी चक्र को चलाने में ही
मार्क्सवाद यही है और उसके सिवाय दूसरा रास्ता नहीं

कांग्रेस—तब और अब

कांग्रेस के कर्णधार कहने लगे हैं कि वे किसान
राज्य कायम करेंगे। जिन्हें कल तक इसी राज्य के न
छींक आती थी, माथे में चक्कर आता था वही जब किसान
दूर राज्य का नाम लेते हैं तो गुस्सा आता है। कल
इसके कट्टर शत्रु ऐसा कहने में शर्माते भी नहीं।
किसान और मजदूर अपने राज्य के लिये संगठित न कि
वर्ग संघर्ष के आधार पर पूर्णरूप से तैयार न किये जां
राज्य धोखे की टट्टी होगा। वह राज्य पूरी तैयारी
आयेगा नहीं और आने पर टिकेगा नहीं। और वर्ग
से लाख कोस दूर भागने वाली कांग्रेस उसे ला नहीं
उसका काम था अंग्रेजी सरकार को हटाना और यहां
पतियों के हाथ में शासन सौंपना। यह काम हो चुका
लिये उसका निर्वाण आवश्यक है। वह कृतकृत्य जो हो

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jal

). In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

बापू ने अपने महाप्रयाण से एक दिन पूर्व यही कहा भी था। १५ अगस्त १६४७ के पूर्व जो कांग्रेस आजादी के दीवानों की जमात थी, योगसंस्था थी उसके बाद निश्चय ही वह भोग संस्था बनने लगी यह कटु सत्य महात्मा की तीक्ष्ण दृष्टि ने देखा और चाहा कि वह जिस शान से जीवित रही उसी शान से दफना दी जाय। तिल तिल कर के उसकी दुर्दशा और मौत उन्हें बर्दाश्त न थी। योगियों की जमात बदल कर भोगियों का मठ बने यह सोच कर भी वह तिलमिला उठे और कांग्रेस को समाधिस्थ करने को कहा। मगर महन्ती के भूखे चेलों ने गुरु की एक न सुनी। छोटे से बड़े तक कांग्रेसी कौन कुकर्म नहीं करते! अखबारों के पन्ने इस से रंगे रहते हैं। हाईकोर्ट ने शासकों और उनके चेलों की पीठें नंगी कर जो कोड़े लगाये हैं और कचहरियों एवं न्यायालयों के कामों में उनकी दस्तन्दाजी पर जो डांट फटकार बताई है वह इस बात का सुबूत है कि कांग्रेस का कितना पतन है। गद्दीनशीनों की गद्दा बनाये रखने और उन्हें तथा उनके पिछलग्गुओं की रिश्वतखोरी का साधनमात्र वह रह गई है। इसीलिये किसान मजदूर राज्य के लिये लड़ने वाले उस से निकल भागे हैं। एक ने किसी किसान से कहा कि अपने ही हाथों बनाई कांग्रेस से अलग होना ठीक नहीं। उसने उत्तर दिया कि अपने ही हाथों बनाये घर से लोग भाग खड़े होते हैं जब प्लेग के चूहे घर में मरते हैं। विशुद्ध जातीयता के हामी लोगों की वहां बड़ी पूछ है। आगे चल कर चुनावों में इस जातिवाद की नाव पर चढ़ कर तथा अनेक कुकर्मों के डांड़, पतवार के बल पर ही वे चुनाव का तूफानी समुद्र पार करने की आशा रखते हैं। फिर भी ये कांग्रेस के कर्णधार किसान—मजूर राज्य कायम करने की बातें करने में जरा भी नहीं शर्माते।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

साम्यवाद का हौआ

एक ओर तो चिल्लाते हैं कि किसान-मजूर राज्य स्था-पित करेंगे। दूसरी ओर वही लीडर साम्यवाद से इतने भय-भीत हैं कि सोते जागते उसी के सपने देखते और उससे बचने की तरकीब सोचते हैं। यही तो वंचना है। साम्यवाद कोई दूसरी चीज नहीं है सिवाय विशुद्ध किसान-मजूर राज्य के। साम्यवाद होने पर हरेक आदमी से उतना ही वही काम लिया जायगा जिसे वह जितना कर सके। लेकिन बदले में उसकी सभी आवश्यकतायें पूरी की जांयगी, यही साम्यवाद कहा-है। तब इसी का हौआ क्यों खड़ा किया जाता है? साम्य-वाद धर्म को मिटाता है, यह तो उसके शत्रुओं का मू-प्रचार है। सोवियत रूस में धर्म को मिटाने का नाम भी वहां की सरकार कहां करती है? वहां तो हरेक को आजादी है कि धर्म माने या न माने। हां, साम्यवादी सरकार धर्म की घूंटी किसी को नहीं पिलाती और न उसके पक्ष-विपक्ष में प्रचार करती है जो ठीक ही है। साम्यवाद में अमीर-गरीब नाम की चीज नहीं होती—सभी सुखी होते हैं यह सुन्दर बात है। सभी नागरिकों को समान रूप से पूरा अवसर मिलता है सर्वांगीण समुन्नति का। फिर उसका विरोध कैसा?

साम्यवाद आ रहा है

यह साम्यवाद भारत के दर्वाजे खटखटा रहा है। २५ वर्षों की कशमकश के बाद चीन में उसकी विजय पू-होने ही को है। बर्मा में साम्यवाद एवं पूंजीवाद के बी-जीवन मरण की भिड़न्त जारी है। चीन और बर्मा के मध्य-वर्ती देशों की भी कम बेश यही हालत है। लक्षण है कि सभी देश जल्द पूंजीवाद को गर्दनिया दे साम्यवाद को अप-नायेंगे। तब भारत की पारी आयेगी। चाहे हमारे लीडर लाख चीख पुकार मचायें। मगर यह बात होके रहेगी।

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

ज यह प्रश्न नहीं है कि हम साम्यवाद को पसन्द करते हैं नहीं। आज तो वह चट्टान जैसी ठोस चीज के रूप में रे सामने खड़ा है। चीन की ६५ प्रतिशत जनता च्यांग क को सलाम कर के माधसेतुंग का साथ दिल खोल क्यों दे रही है, यदि साम्यवाद बुरी चीज है और साम्य- ी लोग शैतान हैं ? जनता के ही बल से तो साम्यवादियों विजयों पर विजयें हो रही हैं। यह भी नहीं कि वह यवाद सोवियत रूस से चीन में लाया जा रहा है। उसका चीन में ही ठेठ बीज से अंकुरित हो कर वृक्ष के रूप में आ रहा है। भारत में भी यही होना है। १६३६ और के दर्म्यान भारत में पूर्व से एक बवंडर आया जो अंग्रेजी न को डुबा कर चलता बना। पुनरपि उसी पूर्व से दूसरा आ रहा है जो शीघ्र पूंजीवाद को भी यहां से भगायेगा शोषित-पीड़ित जनता के हाथों में शासन सौंपेगा। यही का रुख है—यही समय की पुकार है।

साम्राज्यवादियों से गठबंधन

ी दशा में समाजवाद का नारा लगाने वाले नेहरू जब वैदेशिक नीति में ब्रिटेन तथा अमरीका के साम्राज्यवा- गठबंधन करते हैं तो बड़ी झल्लाहट होती है। वीत- और मलाया में साम्राज्यवादी नग्न नृत्य करते और की आजादी के युद्ध को खून में डुबाते हैं तो नेहरू देखते हैं। मगर हिन्द-एशिया के लिये दक्षिण-पूर्व देशों का सम्मेलन करते हैं जिसमें वीतनाम और को न पूछ न्यूजीलैंड तथा आस्ट्रेलिया के प्रतिनिधि जाते हैं। जापान के विरुद्ध चीन की स्वतंत्रता के युद्ध करने वाले च्यांगकैशेक से हाथ मिलाने के ी जो नेहरू चुंकिंग तक पहुँचे आज उसी चीन में जनता का पदार्पण होते देख उनके पास एक शब्द भी

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE

बधाई का नहीं है। बल्कि उन्हें घबराहट होती है। किसान मजदूर राज्य के हामी नेहरू की यह अनोखी मनोवृत्ति, विदेशियों पूंजीपतियों और सामंतों की सत्ता को खोद उसके मूल में मठा देने वाले माक्सेतुंग, शाबाश यह कहने की हिम्मत उन्हें नहीं। क्योंकि डालर देवता इससे नाराज होंगे, यही न ? स्टर्लिंग भगवान क्रुद्ध होंगे यही न ? अमरीका और इंगलैंड के सरमायादार बुरा मानेंगे यही न ?

गत महायुद्ध में तुर्की जैसे देश उदासीन थे। आज वे साम्राज्यवादियों के क्रीड़ाक्षेत्र बन चुके। फिर भी भारत समुद्र के मालिक नेहरू तटस्थता का ही स्वप्न देखते हैं। युद्ध की दृष्टि से भारतसागर का और भारत का भी बड़ा महत्त्व है, खासकर तृतीय महायुद्ध की दृष्टि से, जो साम्यवाद एवं साम्राज्यवाद के बीच होगा और जो भारत की सीमा पर या इसीके पास पड़ोस में होगा। फिर भी नेहरू सरकार तटस्थ रहेगी। क्या यह भी बात है कि अगला युद्ध अतलांतिक या प्रशान्त महासागर में होगा ? यह तो कोई सोचता भी शायद ही हो। तब तटस्थता का क्या सवाल ? भारत की पूर्ण स्वतंत्रता के सम्बन्ध में भी जो नेहरू ब्रिटिश साम्राज्यवादियों से सौदा करने में जरा भी न हिचके और भारत को घुमा फिराकर ब्रिटेन का उपनिवेश ही बना दिया, जो नेहरू इसीलिये भारतीय कारखानों का राष्ट्रीकरण करने से बाज आये कि ब्रिटिश प्रभु रंज होंगे; छोटा नागपुर की खानों की भी जमींदारी मिटाने के सिलसिले में लेने से नेहरू ने इसीलिये मना कर दिया है कि देशी-विदेशी पूंजी-शाह रंज होंगे वही तटस्थ हैं और बीच का रास्ता चुनते हैं यह कौन मानेगा ?

भेड़िया आया

भेड़िया आया वाली कहानी हम जानते हैं और

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jal

0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

जानते हैं कि आखिर भेड़िया आया कहने वाले पर भेड़िया का सफल आक्रमण होके र.। हमारे शासकों एवं नेताओं की भी आज वही भेड़िया आया वाले की दशा है। जहां देखो, सुनो, पढ़ो, वे चीखते हैं, कम्यूनिस्ट, कम्यूनिस्ट, कम्यू नस्ट ! हर काम में, हर मौके पर उन्हें कम्यूनिस्टों का ही भूत नजर आता है। जो भी संघर्ष का काम है, हक के लिये लड़ने का काम है उसमें उन्हें कम्यूनिस्टों का ही हाथ दीखता है। यहां तक कि चोरी-डकैती में भी वही देखते हैं। हथियार बन्द चोरी-डकैतियों की भरमार है। उस काम के लिये हथियार जुटाने में लुटेरे लोग व्यस्त हैं। फिर भी ऐसे सभी काम कम्यूनिस्टों के ही बताये जाते हैं और "बदनाम करके लटका दो" के अनुसार कम्यूनिस्टों को पीस डालने में सरकार की सारी ताकत लग रही है। खूबी यह कि आम तौर से उनकी पार्टी गैर कानूनी नहीं की गई है। नेहरू के दमन का यह नया ढंग है। जितना जोर कम्यूनिस्टों के विरुद्ध है चोर-डकैतों के खिलाफ वैसा जेहाद बोला गया है क्या ?

हम कम्यूनिस्टों के वकील नहीं। वे अपनी वकालत खुद करते हैं, कर सकते हैं—जबान से और कामों से भी। वे दूसरों की वकालत चाहते भी नहीं। वे गलतियां भी कर सकते हैं—करते हैं। लेकिन क्या नेहरू और उनकी सरकार भूलों पर भूल नहीं करती ? भूलता कौन नहीं ? तो भी मजलूमों की आवाज बुलन्द करना न तो भूल है. न पाप। लेकिन जब अंग्रेजों के शासन के समय यही नेहरू मजलूमों की आहों को ऊंची करते थे तो हमारे आका उसे भूल और जुर्म करार देते थे—कहते थे कि यह उनकी आह नहीं है बनावटी चीज है। नेहरू की सरकार भी वही कर रही है। इतिहास तो दुहराया जाता है ! दिलों को टटोलने की बात है, न कि गुस्सा करने की। नेहरू खुद लम्बी तनखाह लेते, उनके दूसरे संगी-साथी—

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

केन्द्र में और प्रान्तों में भी [illegible] कांग्रेस के [illegible] को ठुकराकर लम्बे से लम्बे वेतन और भत्ते लेते, जिनके गवर्नर, गवर्नर जेनरल तथा विदेश स्थित दूत न सिर्फ लम्बी तनखाहें लेते, वरन २०-२५ हजार से लेकर ५० हजार की मोटरों पर सैर करने में शर्माते नहीं और जिनके लिये विदेशों से अच्छे से अच्छे फर्निचर मंगाये जाते हैं, सारांश जो भारी वेतन, ठाट-बाट और फिजूलखर्ची में ही शान समझते हैं, वहां नेहरू २०) के मासिक वेतन को ६०) और १००) के ३००) करने-करवाने के संघर्ष को जब जुर्म, राष्ट्रीय अपराध और पाप करार देकर कम्यूनिस्ट, कम्यूनिस्ट चिल्लाते हैं तो लोगों का जी चाहता है कि कम्यूनिस्टों को गले लगालें। जो हड़ताल नेहरू खुद करवाते रहे वही आज जुर्म हो गई है "ठीक ही है, "ऊधो बनिआये की बात" है।

मगर नेहरू और उनके दोस्त एक बात याद रखें। उन्होंने जो कम्यूनिज्म और कम्यूनिस्ट का हौआ खड़ा किया है उससे कम्यूनिस्टों का लाभ और उन्हीं की हानि होगी यह ध्रुव सत्य है। वे इस तरह इन चीजों को जनप्रिय बना रहे हैं। जो कलतक कम्यूनिस्टों के घोर शत्रु थे उनके दिलों में भी इस धुआंधार दमन और हौवे के करते उनके प्रति हमदर्दी हो रही है, याद रहे। एक जमाना था जब रूस के किसान-मजदूर बोलशेविक और बालशेविज्म का नाम भी न जानते थे। फिर भी मजलूमों के हकों के लिये जमकर बोलने-लड़ने वालों को जार के कठमुल्ले और मालदार बारबार यही कहते थे कि ये तो बोलशेविक है। परिणाम यही हुआ कि सभी धीरे धीरे बोलशेविकों को बहादुर और अच्छे समझ खुद बोलशेविक बन गये। वही बात जब भारत में हो जायगी तब नेहरू को पता चलेगा।

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

दमन का तांडव

कम्यूनिस्टों की क्या बात ? आज तो किसान-मजदूरों के विरुद्ध नग्न दमन का निर्लज्ज नृत्य हो रहा है। सभी प्रान्तों में किसान मजदूर और उनके सहस्र सहस्र सेवक जेलों में सड़ रहे हैं, सीखचों में कराहते हैं, लाठी गोलियों के निशान बन चुके और बन रहे हैं। यह नंगा नाच न सिर्फ जमींदारों और ...लीशाहों के लठियल करते हैं, खुद जमींदार-मालदार करते हैं, बल्कि सत्ताधारी अधिकारी करते हैं। अकेले विहार में कितनी औरतें मारी गईं, कितने के पेट से बच्चे चोट खाकर बाहर जा गिरे, कितनी बच्चों के साथही सो गईं सदा के लिये, कितने पर लाठियां गिरीं और गोलियां बरसीं, कौन कहे, ...न गिनाये ? बकाश्त संघर्ष में औरतों को अंग्रेज और ...की पुलिस छूने से डरती थी। मगर आज नेहरू और श्री ...सिंह की स्वराजी सरकार सब कुछ करती है वेहिचक। ...लिये, जैसा कि कहा जा चुका है, अब तो संघर्ष का रूप बदल गया है। अब तो लाठी गोली का सामना करने ...ही बकाश्त के या दूसरे संघर्ष कर सकते हैं। लेकिन शोषण-शून्य समाज बनाना है, समाज से रोग, भूखमरी, ...को मार भगाना है तो दूसरा उपाय है भी नहीं।

जमीन की कमी और आधुनिक खेती

जमींदारी मिटाने की बात से जो लोग घबराते हैं उन्हें ...न चाहिये कि जमीन का एक ही काम है कि मुल्क के लोगों को सुन्दर खाना दे और कारखानों के लिये कच्चा माल पैदा करे। आवश्यकता भर गेहूँ, बासमती, ...जी, फल, सेवे और घी दूध जबतक न पैदा हो स्वराज्य ... किसान-मजदूर राज्य क्या ? अगर लाखों कारखानों ... कच्चा माल न पैदा हो तो मुल्क का काम कैसे चलेगा ? ...याद रहे कि गत ७०-८० साल के भीतर जन संख्या २०

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalga

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

करोड़ से ४० करोड़ हो गई। इतने ही साल में ८० करो
और डेढ़ सौ वर्ष बाद १६० करोड़ हो जायगी। तब इतने
लोगों को अन्न वस्त्र कहां से आयेगा, जबकि आज ही नहीं
आता? यह सब से बड़ा प्रश्न है और सारे देश इसी के हल
करने में लगे हैं। हमें भी यही करना है। जमीन के ऊपर
से व्यक्ति विशेष की मिल्कियत हटा कर उसे खेती करने
वालों के हवाले कर देना और उन्हें विश्वास
दिला देना है कि खूब अन्नादि उपजाओ,
डटकर खाओ, पीओ, मौज करो और जो बचे उसमें से सरकार
को दो—समाज को दो। जमीन की उपज आजसे कई गुना
किये बिना काम न चलेगा और यह बात असंभव है जब तक
मोटर के हलों से खूब गहरी जुताई, काफी सिंचाई, भर
खाद और अच्छे बीजों का प्रबन्ध सरकार खुद नहीं करे।
इसीलिये हमें एक ओर फौरन ऐसी सरकार बनानी है जो
किसान-मजदूरों की अपनी हो, जिसका उनके साथ दिली
अपनापन हो, जिसे वे समझें कि वास्तव में हमारी है।

दूसरी ओर सभी मिल्कियतों को जमीन के ऊपर से फौरन
मिटा देना है, ताकि किसान जमीन को भी सरकार की
तरह अपनी समझने लगें, यह उनकी अपनी हो जाय। जमीन
पर जमींदारों या गैरों का कुछ भी हक रहने पर ऐसा नहीं
और जबतक जमीन के साथ किसान का अपनापन न हो
वह उसकी उपज बढ़ाने में अपने खून को पानी न करेगा।

इसीके साथ खेतों की बीचवाली सीमाओं और मेड़ों
भी मिटा देना है। तभी ट्रैक्टरों से खेती होगी। नन्हें-नन्हें
खेतों में ट्रैक्टर चल नहीं सकते। हर गांव में इन मेड़ों
मिटाने से पचासों बीघे जमीन और भी निकल आयेगी
अगर खाद, सिंचाई, जुताई आदि की पूरी सुविधा होगी
किसान पैदावार काफी बढ़ायेगा, खासकर जब उसे

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

...स हो कि उपज में सर्वप्रथम उसे सपरिवार के सुख के ...र्च करना है।

किसान और खेत मजदूर

...सीलिये यह सवाल होता ही नहीं कि किसान यदि जमीं-...को मिटाते हैं तो खेत मजदूर किसानों को भी मिटायेंगे ...जमीनें छीनकर। छीनने का प्रश्न होता ही नहीं। जमीं-...तो सिर्फ इसीलिये हटाई जा रही है कि खेती में बाधक ...ड़ा है, उसके चलते जमीन के साथ किसान का अपना-...हो नहीं पाता। मगर किसान क्यों मिटेगा? हम तो ...र को भी नहीं मिटाते, किन्तु उसे भी सुखी बनाना ...हैं, पूरे आराम से रखना चाहते हैं। हम सिर्फ जमींदारी ...हैं। तो क्या किसानी मिटाई जायगी? किसानी तो ... बाधक है न? जमींदारी की तरह बाधक नहीं, कि ...जाय। साथ ही किसान तो खुद मजदूर है, खेतों की ...के लिये दिन रात काम करता है, फिक्र करता है, चिन्ता ...है। खेती में कोई हल चलाता, कोई कुदाल; कोई बैलों ...ाता; कोई खेत-खलिहान की रक्षा करता; कोई खाद-...डालता, कोई दौनी-ओसौनी करता है। इसी तरह ...काम हैं। फिर किसान क्यों मिटेगा? केवल हल ...े या किसी एकाध काम से ही तो खेती होती नहीं। ...सान की जमीन छिनेगी कैसे? वह जायगी कहाँ? ...गा उसका पेट भी बिना उपज बढ़ाये कैसे भरेगा? ...ा दिनोंदिन बढ़ती जो जा रही है। फलतः सबोंको ...सरकार की पूरी मदद से उपज बढ़ाना जरूरी है। ...किसान और खेत मजदूर का झगड़ा भी बेकार है। ...गुंजायश हई कहां? हम तो उन सबों को खेत के ...मानते हैं जो खेती से जीते हैं—जिनकी जीविका का ...खेती है। वह तो पक्का किसान है जिसके पास ...र काम चलाऊ या नाममात्र को ही जमीन है या

Guru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-C

न भी है, मगर खेती ही जिसकी जीविका का साध
ऐसों ही को सारा जमीन सौंपना और उन्हींको सम
धायें देना चाहते हैं। नहीं तो वर्त्तमान जनसंख्या के
जब फी आदमी कम-बेश एक ही एकड़ जमीन खेत
है या हो सकती है तो आगे चलकर दिनोंदिन कम
जायगी। फिर भोजन कैसे मिलेगी ?

सीधा संघर्ष—तुम या हम

हम तो पूर्ण स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ते रहे हैं जिस
के विरुद्ध हमारा नारा रहा है कि तुम रहो या हम-
नहीं सकते। वह युद्ध अभी जारी ही है। उसका एक
हुआ है, दूसरा शेष ही है। पूर्ण स्वतंत्रता अभीतक
लटकी ही है। कांग्रेसी नेताओं ने समझौता करके
राज्य से ही सन्तोष कर लिया, चाहे शब्दाडम्बर कुछ
फलतः हमें पूर्ण स्वराज्य लेना है और वही किस
राज्य भी होगा। इसीलिये हमें तो इन नेताओं के
नारा जारी रखना है कि तुम रहो या हम रहें, दोनों
सकते। मुखर्जी, चेट्टी, मथाई, सिंह, भाभा, अम्बे
लोग, जो सदा कांग्रेस के विरोधी रहे
कांग्रेसी मंत्रिमंडल में लिये जाते हैं, सो भी
व्यापार मंत्री, कानून मंत्री, युद्ध मंत्री, के पदों पर,
हो जाता है कि नेहरू कितने गहरे पानी में हैं औ
किसान-मजूर राज्य किस धोखे की टट्टी है। भारत
टूक किया। अब काश्मीर के भी दो टूक करने की
बजट में जो कुछ किया जाता है वह थैलीशाहों के
भाषणों में उन्हीं से आजूं मिन्नत की जाती है, उद
का राष्ट्रीकरण न करने के वादे किये जाते हैं
किसान-मजदूर राज्य वही लोग लायेंगे ? कभी न
तो हटाना होगा। सोभी जल्द। तभी खैरियत होगी

फिर वही दो दल

१५ अगस्त, १९४७ के पूर्व दो दल थे—एक श

(शेष टाईटल के दूसरे पृष्ठ पर)

uru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

uru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalg

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon